राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 81 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शान्तिदायक है



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना की जाती है। माना जाता है कि मां चंद्रघंटा की पूजा और भक्ति करने से आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार, नवरात्रि के तीसरे दिन जो भी जातक माता के तीसरे रूप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना करता है, उसे माता की कृपा प्राप्त होती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार, मां चंद्रघंटा ने राक्षसों के संहार के लिए अवतार लिया था। इनमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों की शक्तियां समाहित हैं। ये अपने हाथों में तलवार, त्रिशूल, धनुष व गदा धारण करती हैं। इनके माथे पर घंटे के आकार में अर्द्ध चंद्र विराजमान है। इसलिए ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। भक्तों के लिए माता का ये स्वरूप सौम्य और शांत है।

# मानहानि केस: राहुल गांधी को 2 साल की सजा

### सूरत कोर्ट से जमानत भी मिली, 2019 में कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों, फैसले के 27 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 2 साल की जेल की सजा सुनाई

**सदस्यता पर लटकी तलवार**

= राहुल ने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/सूरत**
'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...' इस बयान से जुड़े मानहानि केस में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। इस फैसले के 27 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 2 साल की जेल की सजा सुनाई और 15 हजार का जुर्माना भी लगाया। इसके कुछ देर बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी। साथ ही सजा को 30 दिन के लिए स्थगित कर दिया। सुनवाई के दौरान राहुल कोर्ट में मौजूद रहे। राहुल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उनके वकील के मुताबिक, 'राहुल ने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी।'



**कम से कम सजा दी जाए- बचाव पक्ष के वकील :** जज ने राहुल को दोषी करार देते हुए पूछा कि क्या वह कुछ कहना चाहते हैं? इस पर राहुल ने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते रहते हैं, लेकिन जानबूझकर ऐसा कुछ नहीं कहा था। राहुल ने जो बात कही थी उससे किसी को हानि नहीं हुई है तो कम से कम सजा दी जाए।

**अधिकतम सजा दी जाए- अभियोग पक्ष के वकील :** वहीं, अभियोग पक्ष के वकील ने कहा कि राहुल गांधी सांसद हैं। जो लोग कानून बनाते हैं, वही तोड़ेंगे तो इसका समाज में क्या संदेश जाएगा, इसलिए उन्हें अधिकतम सजा दी जाए।

**पूर्णेश मोदी ने कहा था- आखिरी सांस तक लड़ेंगे**


**यह** केस सूरत पश्चिम के विधायक पूर्णेश मोदी ने दर्ज किया था। पूर्णेश का कहना था कि राहुल गांधी ने हमारे समाज को चोर कहा था। चुनावी सभा में हमारे खिलाफ आरोप लगाए गए, जिससे हमारी और समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची। इसी के चलते हम इस मामले को कोर्ट में लेकर आए। हम आखिरी सांस तक लड़ेंगे।

## 'कानून के अनुसार इसके खिलाफ लड़ेंगे'



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'उन्हें जमानत मिल गई है। हम शुरू से ही जानते थे क्योंकि वे जज बदलते रहे। हम कानून, न्यायपालिका में विश्वास करते हैं और हम कानून के अनुसार इसके खिलाफ लड़ेंगे।' वहीं किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी मानहानि केस पर कहा कि'मैं कुछ भी कहने से पहले ऑर्डर की कॉपी देखूंगा। राहुल गांधी जो कुछ भी बोलते हैं वह हमेशा कांग्रेस पार्टी और पूरे देश पर गलत असर डालता है। कांग्रेस के कुछ सांसदों ने मुझसे कहा है कि राहुल के रवैए से कांग्रेस को ही नुकसान हो रहा है।' रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'शब्दों की मयार्दा हमेशा बनी रहनी चाहिए। इस फैसले से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सबक लेना चाहिए।' गुजरात बीजेपी अध्यक्ष, सीआर पाटिल ने कहा, 'राहुल कहीं भी कुछ भी बोल देते हैं। उन्होंने पूरे समाज को बदनाम किया। इससे मोदी समाज में गुस्सा था। इसलिए आज कोर्ट ने भी उन्हें दोषी करार दिया है। राहुल गांधी जो बकवास करते हैं। वो बंद करें।'

## कोरोना से लड़ने के लिए 'फाइव फोल्ड स्ट्रेटेजी' अपनाएं राज्य



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को सभी राज्यों को सलाह दी है कि वह टेस्ट-ट्रेक-ट्रीट-वैक्सीनेशन और कोविड उपयुक्त व्यवहार की 'फाइव फोल्ड स्ट्रेटेजी' पर फोकस करना जारी रखें। मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना में कहा गया, हम कोविड-19 की तैयारियों को देखने के लिए एक और मॉक ड्रिल करेंगे। सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जल्द ही मॉक ड्रिल की जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक, देश में टीकों की कुल 220.65 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। अस्पताल में भर्ती होने में वृद्धि का कोई सबूत नहीं मिला है। एहतियातन खुराक बढ़ाई जानी चाहिए। सभी गंभीर तीव्र श्वसन की बीमारी के मामलों की प्रयोगशाला निगरानी और परीक्षण को बढ़ाने की आवश्यकता है।

## केंद्र ने बीमित किसानों को 1260 करोड़ रुपये का किया भुगतान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को बटन दबाकर छह राज्यों के बीमित किसानों को 1260 करोड़ रुपये का भुगतान किया। साथ ही मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के डिजिटाइज्ड क्लेम सेटलमेंट मॉड्यूल डिजीक्लेम का शुभारंभ किया। इस नवाचार के साथ ही दावों का वितरण अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा, जिसका सीधा लाभ प्रारंभ में छह राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड एवं हरियाणा के किसानों को होगा। दावा भुगतान की प्रक्रिया अब स्वचालित हो जाएगी क्योंकि राज्यों द्वारा पोर्टल पर उपज डेटा जारी किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान तोमर ने कहा कि डिजीक्लेम के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नई विधा का शुभारंभ हुआ।

## 'एसवाईएल नहर विवाद का समाधान हरियाणा और पंजाब मिलकर निकालें'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सतलुज** यमुना लिंक नहर विवाद मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते हैं। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हरियाणा और पंजाब राज्यों को मिलकर मामले का हल निकालना होगा। कोर्ट ने कहा कि आखिरकार दोनों इसी देश के ही राज्य हैं। दोनों राज्य बैठक कर मामले का हल निकालें। साथ ही केंद्र को भी इस मुद्दे पर मध्यस्त के तौर पर सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश देते हुए दो महीने में हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इस मामले पर केंद्र सरकार ने कहा है कि पंजाब सरकार ने साझा करने के लिए पानी नहीं होने का हवाला देते हुए निर्माण से इनकार कर दिया है।

## संसद स्थगित, विपक्ष ने गेट पर प्रदर्शन किया



**हंगामा**

= संसद स्थगित होने के बाद विपक्षी नेताओं ने पार्लियामेंट के गेट नंबर 1 पर प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** की कार्यवाही गुरुवार को शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। जिसके चलते सदन को दोबारा शाम 6 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले मंगलवार को राहुल-अडाणी मामले पर दोनों ही सदनों में हंगामा होने के कारण लगातार 7वीं बार संसद स्थगित की गई थी। संसद स्थगित होने के बाद विपक्षी नेताओं ने पार्लियामेंट के गेट नंबर 1 पर प्रदर्शन किया। उन्होंने 'वी वॉन्ट जेपीसी', 'मोदी सरकार डाउन-डाउन', 'मोदी सरकार शेम-शेम' जैसे नारे लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र में हमें विरोध जताने का अधिकार है। लोगों तक सच पहुंचाना हमारी ड्यूटी है। यह तानाशाह सरकार न चर्चा में यकीन करती है और न लोकतंत्र में।

**6 अप्रैल तक प्रस्तावित है बजट सत्र का दूसरा फेज:** सदन में भाजपा राहुल गांधी से लंदन में दिए बयान पर माफी की मांग पर अड़ी हुई है। वहीं, हिंडनबर्ग-अडाणी मामले पर कांग्रेस की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की मांग बरकरार है। बता दें कि बजट सत्र का दूसरा फेज 13 मार्च से शुरू हुआ था और यह 6 अप्रैल तक चलना प्रस्तावित है। राज्यसभा स्पीकर ने गुरुवार सुबह जगदीप धनखड़ ने नेताओं की बैठक बुलाई है।

## अमृतपाल के उत्तराखंड या महाराष्ट्र में होने का शक

### हरियाणा में जिस महिला के यहां ठहरा था, उससे पूछताछ, गनमैन बाबा गोरखा लुधियाना से अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**वारिस** पंजाब दे का चीफ और खालिस्तान सपोर्टर अमृतपाल सिंह को छठे दिन भी पंजाब पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस सूत्रों की मानें तो वह पंजाब से भाग गया है। पुलिस को उसके उत्तराखंड में होने का शक है। पंजाब से भागकर वह हरियाणा गया था। वह कुरुक्षेत्र जिले के शाहबाद में 19 और 20 मार्च को रुका था। यहां वह जिस महिला के घर रुका था, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस पता करने में जुटी है कि क्या महिला को अमृतपाल जानता था या महिला के घर वह जबरदस्ती घुसा था। वहीं पुलिस को महाराष्ट्र के नांदेड़ में



**भाग रहा है कट्टरपंथी**

= पुलिस सूत्रों की मानें तो वह पंजाब से भाग गया है। पुलिस को उसके उत्तराखंड में होने का शक है

अमृतपाल के छिपे होने के भी इनपुट मिले हैं। पंजाब पुलिस की टीमें वहां रेड करने के लिए रवाना हो गई हैं। पंजाब के पड़ोसी राज्यों के अलावा उत्तराखंड में भी अमृतपाल के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। गुरुघरों की भी जांच की जा रही है। अमृतपाल के साथी तजिंदर सिंह उर्फ गोरखा बाबा को लुधियाना में गिरफ्तार किया गया है। वह अमृतपाल का गनर है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों को जांच के दौरान पता चला कि अमृतपाल को 158 विदेशी खातों से फंडिंग की जा रही थी। इनमें से 28 खातों से 5 करोड़ से ज्यादा की रकम भेजी गई थी। इन खातों का संबंध पंजाब के माझा और मालवा से है।

## झटका: बिहार में महंगी हुई बिजली


**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लगा है। बिहार सरकार ने बिजली शुल्क में 24.10 प्रतिशत दर की बढ़ोतरी कर दी है। फिक्सड चार्ज में भी वृद्धि कर दोगुना कर दिया गया है। यानी कि अब उपभोक्ताओं को सवा गुना ज्यादा बिजली बिल देना होगा। बिजली आपूर्ति कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 40 फीसदी तक बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद बिहार विद्युत विनियामक आयोग का फैसला।

## देश में फिर पैर पसार रहा कोरोना वायरस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** कोरोना वायरस एक बार फिर पैर पसार रहा है। डाटा के अनुसार, कोविड वेरिएंट एक्सबीबी 1.16 के 349 मामले सामने आए है। ये सभी 349 मामले 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से सामने आए। सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र से सामने आए हैं। इस राज्य में 105 मामले दर्ज किए गए। वहीं तेलंगाना में 93, कर्नाटक में 61 और गुजरात में 54 मामले सामने आए हैं। बता दें कि इइ 1.16 वेरिएंट का पहला मामला जनवरी में सामने आया था। फरवरी महीने में इस वेरिएंट के 140 सैंपल सामने आए थे। मार्च में सैंपल का आंकड़ा 207 था।

**देश में सात हजार से ज्यादा एक्टिव मामले:** बताते चलें कि गुरुवार को देश में कोरोना के 1300 नए मामले सामने आए। यह पिछले 140 दिनों में सबसे ज्यादा मामला दर्ज किया गया है। देश में फिलहाल कोविड के 7,605 एक्टिव मामले हैं। वहीं, कोविड की वजह से मौत का आंकड़ा 5,30,816 पहुंच चुका है।




## 'फेक न्यूज से तनाव बढ़ने का खतरा'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीजेआई** डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि फेक न्यूज डिजिटल युग में समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकती हैं। इससे डेमोक्रेटिक वैल्यूज को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र के लिए प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। फेक न्यूज समाज में प्रेस की स्वतंत्रता और निष्पक्षता के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है। यह पत्रकारों के साथ-साथ सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे घटनाओं की रिपोर्टिंग बिना किसी पूर्वाग्रह से करें। फेक न्यूज लाखों लोगों को एक साथ गुमराह कर सकती है। यह लोकतंत्र के फंडामेंटल्स के खिलाफ होगा। सीजेआई चंद्रचूड़ रामनाथ गोयनका पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई ने यह भी कहा कि अगर सत्ता प्रेस को सच बोलने से रोकती है तो इससे लोकतंत्र प्रभावित होता है।

**पत्रकारिता की अपनी चुनौतियां:** मीडिया ट्रायल के बारे में उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां मीडिया ने अदालत के दोषी पाए जाने से पहले ही लोगों की नजरों में आरोपी को दोषी करार दे दिया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हर संस्थान की तरह पत्रकारिता भी चुनौतियों का सामना कर रही है। जिम्मेदार पत्रकारिता वह इंजन है जो लोकतंत्र को बेहतर कल की ओर ले जाता है। डिजिटल युग में पत्रकारों के लिए अपनी रिपोर्टिंग में सटीक, निष्पक्ष, जिम्मेदार और निडर होना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

**ईवीएम पर टेंशन** ऑल पार्टी मीटिंग के बाद दिग्विजय बोले- चिप मल्टी प्रोग्रामेबल, विपक्षी दल इससे चुनाव के खिलाफ

## 'ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन नहीं, नाम-चिह्न इंटरनेट से डलता है'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (एनएसीपी) प्रमुख शरद पवार के दिल्ली स्थित घर हुई विपक्षी दलों की बैठक के बाद कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश के सभी विपक्षी दल ईवीएम से चुनाव कराने के खिलाफ हैं। इस मशीन में कई खामियां हैं। चुनाव आयोग पहले कहता था- यह स्टैंडअलोन मशीन है, लेकिन अब वे मानते हैं कि यह स्टैंडअलोन मशीन नहीं है, क्योंकि इसमें उम्मीदवार का नाम और चुनाव चिन्ह इंटरनेट से डाला जाता है। दिग्विजय ने ईवीएम की चिप पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा- पहले चुनाव आयोग दावा करता था कि ईवीएम में यूज किए जाने वाली चिप को एक बार ही प्रोग्राम किया जा सकता है, इसका दोबारा यूज नहीं किया जा सकता है। लेकिन अब आयोग ने यह कबूल किया कि ईवीएम की चिप मल्टी प्रोग्रामेबल हैं। रिमोट ईवीएम को लेकर चुनाव आयोग ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इसमें लगभग सभी विपक्षी दलों ने ईवीएम से चुनाव कराने पर असहमति जताई थी। आयोग प्रेजेंटेशन देना चाहता था, लेकिन विपक्षी दलों ने यह कहकर देखने से मना कर दिया था कि देश में ईवीएम को लेकर संदेह है। चुनाव आयोग को हमारा संदेह दूर करना चाहिए।

**पवार की मीटिंग से टीएमसी की दूरी:** शरद पवार ने अपने दिल्ली वाले घर में सभी दलों के नेताओं को बुलाया था। विपक्ष के कौन-कौन से दल इस बैठक में शामिल हुए थे, यह तो अभी साफ नहीं है। लेकिन ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ) इसमें शामिल नहीं हुई।

# 22कुट्टू का आटा खाने से करीब 300 लोग हुए बीमार

## स्वास्थ्य कर्मचारियों के फूले हाथ-पांव, आपातकालीन वार्ड में अलग से चिकित्सक करने पड़े तैनात, आपातकालीन वार्ड में भर्ती मरीजों को करना पड़ा वार्ड में शिफ्ट

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/संजीव कौशिक**

**सोनीपत** में कुट्टू का आटा खाने से 300 से ज्यादा लोग बीमार पड़ने पर हड़कंप मच गया। शहर के निजी और सरकारी अस्पताल में देर शाम तक मरीजों के पहुंचने का सिलसिल जारी रहा। बृहस्पविार सुबह मीडिया में खबर आने के बाद जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। नागरिक अस्पताल में अलग से तीन चिकित्सक आपातकालीन कक्ष में तैनात किए गए। साथ ही कक्ष में बने वार्ड में भर्ती मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया।

मुख्यमंत्री के उड़न दस्ते व खाद्य सुरक्षा विभाग की तरफ से दुकानों पर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में छापेमारी करते हुए आटे सहित अन्य व्रत में प्रयोग होने वाली साम्रगी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे है। जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से मामले को लेकर कमेटी का गठन किया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के आदेश दिए गए है।

बता दें कि सोनीपत में नवरात्रें के पहले व्रत रखने वालों की देर शाम बीमार होने का सिलसिला शुरू हो गया। देखते ही देखते रात भर अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाइनें व भीड़ जमा होने लगी।

अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों ने देर शाम पूजा-अर्चना करने के बाद खाने में कुट्टु के आटे व साबूतदाने सहित अन्य पदार्थो के सेवन करने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी। बृहस्पविार सुबह तक अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का आकड़ा 100 के पार हो गया। वहीं निजी अस्पतालों में भी ऐसे की मरीजों की संख्या ने शतक जमा दिया। मामले को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से कमेटी को गठित किया है। जो नवरात्रों में दुकानों पर मिलने वाली व्रत की सामग्री को चेक करने व मामले में नजर रखने का काम करेगी। गठित समिति में नगराधीश, संयुक्त आयुक्त नगर निगम, सिविल सर्जन, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा संबंधित थाना प्रभारियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा उपमण्डल स्तर पर गठित समितियों में संबंधित एसडीएम, संबंधित नगर पालिका/नगर परिषद सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रतिनिधि तथा संबंधित थाना प्रबंधक शामिल रहेगें। बृहस्पतिवार को सरकारी अवकाश होने के चलते नागरिक अस्पताल में ओपीडी सेवाएं बंद रहती थी। मामला मीडिया में उजागर होने के बाद जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग में हलचल पैदा हो गई।





# हरियाणा में फिर बदलेगा मौसम, 21 जिलों के लिए मौसम विभाग का अलर्ट

## 23 मार्च को दक्षिण पूर्व हरियाणा के 7 और 24 मार्च को 21 जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया, ओलावृष्टि के साथ 50 किमी रफ्तार से चलेंगी हवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने ऐसी आशंकाओं को देखते हुए 21 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। 23 मार्च को दक्षिण पूर्व हरियाणा के 7 और 24 मार्च को 21 जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार अलर्ट वाले जिलों में गरज चमक के साथ ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**आज हालात होंगे खराब:** 24 मार्च को राज्य में मौसम को लेकर हालात ज्यादा खराब होंगे। इसी को देखते हुए उत्तर हरियाणा अंतर्गत आने वाले 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट रखा गया है। पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल और करनाल में गरज चमक के साथ ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।



**दक्षिण के जिलों में ऑरेंज अलर्ट:** हरियाणा के दक्षिण और दक्षिण पूर्व के महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, सोनीपत और पानीपत जिलों में ऑरेंज अलर्ट रखा गया है। यहां के झज्जर, गुरुग्राम, नूंह, पलवल और फरीदाबाद जिलों को येलो श्रेणी में मौसम विभाग ने शामिल किया है। पश्चिम और दक्षिण पश्चिम के जिले सिरसा, फतेहाबाद, हिसार में येलो और भिवानी, चरखी दादरी को ऑरेंज अलर्ट पर रखा गया है।

> 8 इसी को देखते हुए उत्तर हरियाणा अंतर्गत आने वाले 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट रखा गया है

**किसानों की फिर बढ़ेगी मुश्किलें:** हरियाणा में मौसम विभाग के अलर्ट के बाद किसान फिर चिंतित हो गया है। इसकी वजह है कि हाल ही में बारिश और ओलावृष्टि से राज्य में लगभग 63 हजार हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। एक अनुमान के मुताबिक सूबे के 11 जिलों के 2720 गांवों के 34,064 किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। हालांकि हरियाणा सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए स्पेशल गिरदावरी कराने के निर्देश दिए हैं।

# भारतीय किसान यूनियन ने की स्पेशल गिरदावरी की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**बरसात** से सरसों और गेहूं की फसल की स्पेशल गिरदावरी करवाने की मांग को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत ग्रुप) ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकट ग्रुप की मीटिंग लघु सचिवालय में हुई। मीटिंग में सबसे पहले भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद एसडीएम संजय कुमार को बीकेयू ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि बेमौसमी बारिश ने किसानों की मुसीबतें और अधिक बढ़ा दी हैं। हम सरकार से अपील करते हैं जल्दी से जल्दी गिरदावरी करा कर गेहूं पर 50हजार प्रति एकड़ व सरसों पर 70 हजार रुपए मुआवजा दिया जाए। बहुत से किसान अभी तक अपनी फसल का नुकसान पोर्टल पर दर्ज नहीं करा सके। इस लिए सरकार से अनुरोध है 2 दिन के लिए पोर्टल खोला जाए ताकि हर किसान फसल में हुए नुकसान को दर्ज करा सके। सरकार से यह भी अपील है कि बैंक गिदावरी कराकर मुआवजा जल्दी दे। क्योंकि आगे बच्चों के दाखिले भी स्कूलों में देने पड़ेंगे। प्राइवेट स्कूलों के दाखिले और फिश बहुत महंगी है। बच्चा पढ़ाना सबसे महंगा पड़ रहा है, क्योंकि सरकारी स्कूल बहुत से सरकार ने बंद कर दिए हैं। स्कूलों में अध्यापक नहीं, जिस कारण मजबूरी में बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में दाखिले दिलवाने पढ़ रहे हैं। किसान के घाटा होने के कारण बाजार में जो खेती आधारित बिजनेस कर रहे हैं जैसे दवाई खाद बीज किसान उधार पर ले जाता है लेकिन फसलों के उचित दाम नहीं मिलने के कारण किसान उनके पैसे नहीं लौटा सकता।

# भाजपा युवा मोर्चा के रंग दे बसंती कार्यक्रम में उमड़ा युवाओं का जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

**भाजपा** युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन बंटी द्वारा मांडोठी में शहीदी दिवस पर आयोजित रंग दे बसंती कार्यक्रम में 6 से 7 हजार लोगों के उमड़े जनसैलाब को भाजपा प्रदेश प्रभारी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब देब, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ और रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ अरविंद कुमार शर्मा ने संबोधित किया। प्रदेश भाजपा प्रभारी विप्लब देब ने रंग दे बसंती कार्यक्रम में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है। हरियाणा के वीरों ने देश की रक्षा करते हुए राष्ट्र का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है। यह वीरों का हरियाणा है और जो पार्टी वीरों का सम्मान नहीं करता, हरियाणा जनता उनका सम्मान नहीं करती। इसलिए अगले चुनाव एक बार फिर हरियाणा की जनता पीएम मोदी का साथ देगी लगातार तीसरी बार मोदी की सरकार बनने जा रही है। बिप्लब देब ने धनखड़ के आग्रह पर बंगाली में देशभक्ति का गीत भी गाकर सुनाया।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड ने कहा कि युवा मोर्चा आज पूरे प्रदेश में मंडल स्तर पर क्रांतिकारियों की याद में कार्यक्रम आयोजित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है। मांडौठी क्रांतिकारियों की कर्मभूमि रहा है। झज्जर के युवा मोर्चा अध्यक्ष नवीन बंटी ने क्रांतिकारियों की कर्मभूमि शहीदी सम्मान कार्यक्रम आयोजित युवाओं में देश भक्ति का नया जोश व जज्बा पैदा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यह बात पता होनी चाहिए कि कांग्रेस ने शहीद भगत सिंह का गांव बंगा पाकिस्तान को दे दिया। शहीद भगत सिंह चाचा सरदार अजीत सिंह ने इसी दुख में 15 अगस्त 1947 को अपने प्राण त्याग दिए। कांग्रेस ने एक परिवार को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों नेक क्रांतिकारियों के बलिदान को छुपाने का पाप किया है। सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने पार्टी में देशभक्ति से ओत-प्रोत नया माहौल पैदा किया है।

# जबरन संबंध बनाने के आरोप में महिला ने करवाया मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

दुष्कर्म के दौरान युवक ने अपने मोबाइल से महिला के अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर करीब डेढ़ साल तक युवक महिला के साथ जबरन संबंध बनाता रहा। इतना ही नहीं महिला ने दूर हटने की कोशिश की तो युवक ने उसके घरवालों के पास अश्लील वीडियो सेंड कर दी। पीड़िता ने गन्नौर पुलिस थाना में केस दर्ज कराया है। आरोपी महिला के रिश्ते में देवर लगता है। पुलिस के मुताबिक, शहर की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने एक युवक पर दुष्कर्म करने के साथ ही अश्लील वीडियो बनाने व धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपी महिला के पति के मामा का 23 वर्षीय बेटा है, जोकि पढ़ाई करने के बाद कंपनी में जॉब करता है। महिला ने शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसके घर पर अकेला पाकर जबरन दुष्कर्म किया और अपने फोन में अश्लील वीडियो व फोटो ले लिए। इसके बाद से उसे लगातार ब्लैकमेल कर करीब डेढ़ साल तक दुष्कर्म करता रहा । गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ कई धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# भगत सिंह यूथ क्लब पानीपत ने निकाला रोड शो

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भगतसिंह** के शहीदी दिवस पर वीरवार को शहर में निकाला गया रोड शो, 4 हजार युवाओं ने पीली पगड़ी पहनकर और हाथ में तिरंगा लेकर बाइक पर रोड शो निकाला। 23 मार्च को क्रांतिकारी शहीद-आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु सुखदेव फांसी दी गई थी। शहीद भगत सिंह यूथ क्लब ने शहीदी दिवस पर रोड शो निकाला। देशभक्ति का जज्बा पैदा करने का भी सार्थक प्रयास किया गया। यह नवां कोट गुरुद्वारा से शुरू होकर मॉडल टाउन गुरुद्वारा पहुंचा। इसमें शामिल 4 हजार युवाओं ने नशा नहीं करने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्य सुरेश मलिक, डॉ नवीन नैन भालसी, हाजी साधना रहे। हरियाणी इंडस्ट्री के कलाकार केडी रॉकस्टार सिंगर, राजू पंजाबी सिंगर, मनीष मस्त कॉमिडियन, एंडी जाट सिंगर, परदीप भाटी पधारे, इनके आते ही माहौल देखने लायक था, स्टेज पर सभी कलाकारों ने भगत सिंह की जीवनी के बारे में अपने विचार प्रकट किए , साथी अपने गानों के माध्यम से युवाओं को देशभगति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधान अविनाश मलिक, राजा उर्फ गोपी, मोहित मलिक, विशाल खोकर, युवराज बाल्यान, रजनी बेनीवाल, विक्की बतरा , अमृत खेरा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सैकडो बाइक, जीप, गाड़ियों, ट्रैक्टरों के साथ रोड शो नवां कोट गुरुद्वारा से शुरू होकर हुड्डा सेक्टर 11/12, जीटी रोड, जाटल रोड से होता हुआ मॉडल टाउन पहुंचा।



> 8 रोड शो से देशभक्ति का संदेश दिया, युवाओं ने नशा न करने की ली शपथ, ट्रैक्टरों के साथ निकाला रोड शो

हुडा में पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी व सुरेंद्र रेवड़ी ने अपने निवास स्थान पर स्वागत किया, वही 8 मरले चौक पर कॉन्ग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया, वही मॉडल टाउन में वरिष्ट कांग्रेसी नेता बुल्ले शाह के निवास स्थान पर स्वागत किया गया। विपुल शाह ने युवा कांग्रेस टीम के साथ इसमें शामिल हुए। इस दौरान शहर में जिधर से भी रोड शो गुजरा माहौल राष्ट्र भक्ति का बनाता रहा।

# ट्रेन की चपेट में आने से बाईक सवार बाल-बाल बचा युवक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गन्नौर राजलू गढ़ी मार्ग पर राजपुरा माइनर के पास रेलवे फाटक क्रास करना महंगा पड़ गया। वीरवार की शाम को ट्रेन की चपेट में आने से उसकी बाइक के परखच्चे उड़ गए। युवक की जान बाल-बाल बच गई। घटना के बाद युवक मोटर साइकिल को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर नंबर प्लेट के आधार पर ट्रेन की चपेट में आने वाले युवक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जीआरपी पुलिस कार्रवाई में लगी हुई है। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश ने बताया कि राजपुरा माइनर के पास गेट नंबर 35 बंद हो चुका है। एक बाइक सवार युवक गुगल मैप के जरिए बंद पड़े गेट तक पहुंचा और बाइक को रेलवे फाटक से लेकर पहुंचा। तभी अचानक बंठिडा ट्रेन काफी नजदीक आ गई। तभी युवक बाइक को ट्रैक पर छोड़ कर अपनी जान बचा ली। ट्रेन की चपेट में आने से बाइक का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर पड़ी मिली बाइक पर रोहतक अर्थॉरिटी का नंबर है। आरपीएफ बाइक की नंबर से उस युवक की तलाश में भी जुट गई है जो मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गया है।

> 8 एक बाइक सवार युवक गुगल मैप के जरिए बंद पड़े गेट तक पहुंचा और बाइक को रेलवे फाटक से लेकर पहुंचा

# रोडीज इवेंट के साथ हुआ संगरीला 2023 का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**24-25** मार्च को गीता यूनिवर्सिटी पानीपत मे वार्षिक सांस्कृतिक उत्स्व संगरीला 2के 23 का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजित संगरीला कार्यक्रम मे गीता यूनिवर्सिटी व अन्य यूनिवर्सिटी के करीब 600 छात्र विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन पंजाबी गायक परमिश वर्मा रंगारंग प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी गीता यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ विकास सिंह ने दी। डॉ विकास सिंह ने बताया गीता यूनिवर्सिटी 24 व 25 मार्च को वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव संगरीला 2के23 आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता यूनिवर्सिटी के चांसलर एसपी बंसल, लक्ष्मीनारायण गुप्ता व जगदीश जैन करेंगे।




कार्यक्रम में सोलो डांस , ड्यूट व ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग , ग्रुप सोंग, फैशन शौ, हरियाणवी स्किट, नुक्कड़ नाटक, रोड़ीज, ट्रेसर हंट, नेल आर्ट, फेस पेंटिंग, टैटू मेकिंग, रंगोली, कार्ड मेकिंग, फायरलेस कुकिंग, कविता पाठ, फोटोग्राफी व विडिओ ग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता मे गीता यूनिवर्सिटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी, पंजाब यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान व चंडीगढ़ के कालेजों के करीब 600 छात्र हिस्सा लें रहे हैं।

गीता यूनिवर्सिटी मे आयोजित सांस्कृतिक उत्सव संगरीला का आगाज रोडीज इवेंट से हुआ। इस दौरान एमटीवी रोडीज फेम मिलन वर्मा व अकाश वर्मा ने बतौर जज भूमिका निभाई।

# शहर में चौहारों पर लगे नेताओं के पोस्टर फाड़े

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**गुरूवार को** शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदे-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे राजनीतिक व अन्य पोस्टरों को उतार फेंका गया। ट्रस्ट के युवाओं का कहना है कि जब शहर के चौक-चौराहों का नामकरण शहीदों के नाम पर होता है तो वहां शहीदों की स्मृतियां अंकित होनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी शहीदों के बारे में जानकार बन सकें। भविष्य में उनसे प्रेरणा ले सकें। इस मौके पर शहीदे-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट के प्रधान मोनू तालु ने कहा कि शहर में महापुरूषों व शहीदों के नाम से चौक का नामकरण इसीलिए किया गया है।

# 'राहुल गांधी सत्य है, सत्य की ही जीत होगी'

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

**यमुनानगर में** 2 अप्रैल को होने वाले विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा बुधवार को कार्यकर्ताओं को न्यौता देने यमुनानगर पहुंचे। कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने स्थानीय रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सत्ता पक्ष आज जनता के लिए कोई काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब सरकार जनता की आवाज को दबाने का काम करें तो विपक्ष की भी भूमिका बनती है कि वह जनता की आवाज सुने और जनता की मांग सरकार तक पहुंचाएं। इसलिए 2 अप्रैल को यमुनानगर की अनाजमंडी में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होने वाला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 10 साल भूपेंद्र हुड्डा का राज रहा, लेकिन इस तरीके से आंदोलन या प्रदर्शन प्रदेश में नहीं हुआ। जिस तरीके से आज किसान, कर्मचारी व अन्य संगठन सड़कों पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तो लोग भी यह मानते हैं कि हुड्डा का राज इस सरकार से अच्छा रहा है। उन्होंने सरकार के ऊपर तंज कसते हुए कहा कि सरकार एक तरफ तो जीरो टॉलरेंस की बात करती है। लेकिन सरकारी दफ्तरों में कर्मचारी व अधिकारी रिश्वत लेते पकड़े जाते हैं। कोई काम बिना कमीशन के प्रदेश में नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा में 26 पेपर लीक हुए हैं। अवैध खनन और भ्रष्टाचार चरम पर है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हरियाणा में बेरोजगारी देश में सबसे अधिक है।

> 8 सरकार जनता की आवाज को दबाने का काम करें तो विपक्ष की भी भूमिका बनती है कि वह जनता की आवाज सुने

विकास के नाम पर प्रदेश भर में सड़कें टूटी हुई है। वहीं राहुल गांधी को सुनाई गई सजा को लेकर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि न्यायालय पर पूरा विश्वास है। राहुल गांधी सत्य है और सत्य की ही जीत होगी।

# शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए शहर में निकली श्रद्धांजलि बाइक यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

जयति-जयति हिंदू महान संगठन द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष में श्रद्धांजलि बाइक यात्रा का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस श्रद्धांजलि यात्रा में सेंकडों बाइक व 150 से ज्यादा गाडियों व ५० ट्रैक्टरों का काफिला पहुंचा। यह यात्रा रेलवे जंक्शन से शुरू होकर शहीदी स्मारक पर संपन्न हुई। इस मौके पर जयति-जयति हिंदू महान संगठन के प्रदेश संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले सात सालों से श्रद्धांजलि बाइक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर बार हजारों की संख्या में देशभक्त पहुंचते हैं तथा हिंदुस्थान के लिए बलिदान हुए देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमारे वास्तविक हीरो वही हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व देश पर न्यौछावर कर दिया है। अतुल चौहान ने कहा कि आज के युवा साथियों को देश धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए संगठन द्वारा समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं। सरकार को चाहिए कि देशभक्तों की जीवनी को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चे इन महान लोगों के बारे में जान सकें व इनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश को आगे लेकर जाने में अपना योगदान दे सकें।

> 8 श्रद्धांजलि यात्रा में सेंकडों बाइक व 150 से ज्यादा गाडियों व ५० ट्रैक्टरों का काफिला पहुंचा

संगठन के जिला प्रधान सुभाष शास्त्री ने बताया कि जिन महान आत्माओं ने हमारे देश के लिए बलिदान दिया है, उन्हें हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

उनके द्वारा किए गए संघर्ष व देश के लिए दिए गए बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। इस मौके गऊ सेवा दल के जिला प्रधान भूपेंद्र पंडित सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

# सैनिक नगर में हुए शहीद सम्मान समारोह में मां भारती के वीर सपूतों को किया नमन

## मुख्यातिथि हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा, वीरों ने देश की रक्षा करते हुए राष्ट्र का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

झज्जर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से शहीदी दिवस पर सैनिक नगर में जिला स्तरीय शहीदी सम्मान समारोह मनाया गया। आजादी के क्रांतिदूत व भारत मां के वीर सपूतों शहीद ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को शहीदी दिवस पर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। मुख्यातिथि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद व हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, अतिथि विशिष्ट अतिथि सांसद डा. अरविंद शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा चौहान, जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डा. नीना सतपाल राठी समेत अन्य कई भाजपा नेताओं व अन्य अतिथियों ने शहीदों की प्रतिमाओं का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी कुबार्नी को याद किया। शहीद सम्मान समारोह दौरान जहां एक तरफ महा रक्तदान शिविर लगाया गया तो वहीं दूसरी ओर समाज उत्थान समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 मातृशक्ति को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया। 213 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक व मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी, समुंद्र राठी समेत कई अन्य ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों का बुक्का, पगड़ी व शॉल भेंटकर सम्मान किया। 6 घंटे तक अधिक समय तक नारी शक्ति शहीद सम्मान समारोह में वक्ताओं के विचार सुनने के लिए पंडाल में बैठी रही। नारी शक्ति ने बढ़चढ़ कर रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। मंच संचालन सी.एम.विंडो एमिनेंट पर्सन दिनेश शेखावत ने किया।




> 8 शहीदों की याद में नारी शक्ति, युवाओं व अन्य लोगों ने बढ़चढ़ कर रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

सैनिक नगर के कम्युनिटी सेंटर में बृहस्पतिवार को शहीदों के सम्मान में हुए इस कार्यक्रम में बेटियों, महिलाओं, युवाओं व अन्य लोगों का हुजूम उमड़ा सभी ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के मुख्यातिथि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, विशिष्ट अतिथि सांसद डा. अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा चौहान, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डा. नीना सतपाल राठी समेत अन्य अतिथियों ने उन्होंने शहीदी दिवस पर शहीद ए आजम भगत सिंह व उनके साथियों के जीवन पर प्रकाश डाला।

# छाता ओढ़कर हरियाणा पहुंचा अमृतपाल

## पहचान छुपाने की कोशिश, कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में ठहरा, एसडीएम रीडर समेत 3 हिरासत में

8 पुलिस लाडवा एसडीएम के रीडर हरजिंदर सिंह, उसके पिता और बहन को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
**वारिस** पंजाब दे का चीफ खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में 3 दिन ठहरने की सूचना से पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस लाडवा एसडीएम के रीडर हरजिंदर सिंह, उसके पिता और बहन को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। हरियाणा पुलिस की तरफ से इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है लेकिन पंजाब पुलिस के आईजी ने इसकी पुष्टि कर दी है। पंजाब पुलिस के आईजी डॉ. सुखचैन सिंह गिल ने कहा - बलजीत कौर को हरियाणा पुलिस के साथ सांझे ऑपरेशन में कस्टडी में लिया गया है। उससे पूछताछ में पता चला कि 19 मार्च की रात को अमृतपाल उसके घर रुका। अमृतपाल के साथी पप्पलप्रीत और बलजीत कौर के बीच ढाई साल से जान-पहचान थी। वे पहले भी यहां आते थे। वहां से पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिली है। जिसमें अमृतपाल ने छाता ले रखा था, मगर उसकी कद-काठी से स्पष्ट पहचान हो रही है।

**3 दिन रुकने की सूचना:** हरियाणा पुलिस के सूत्रों के मुताबिक खालिस्तान समर्थक अमृतपाल 19 से 21 मार्च तक शाहाबाद की सिद्धार्थ कॉलोनी में रुका। इसकी भनक लगते ही एसटीएफ हरियाणा और पंजाब पुलिस धरपकड़ के लिए शाहाबाद पहुंची थी, लेकिन उससे पहले ही अमृतपाल यहां से फरार हो चुका था।

**निर्माणाधीन मकान में रुका:** किसी को शक न हो, इसलिए अमृतपाल यहां निर्माणाधीन मकान में रुका। फिलहाल हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स एसडीएम के रीडर हरजिंदर सिंह, उसकी बहन बलजीत कौर और पिता से पूछताछ कर रही है।

**प्रशासन ने नहीं की पुष्टि:** डीसी शांतनु शर्मा ने कहा कि वह अभी इस मामले में कुछ नहीं कह सकते।

### अमृतपाल के उत्तराखंड या महाराष्ट्र में होने का शक

**वारिस** पंजाब दे का चीफ और खालिस्तान सपोर्टर अमृतपाल सिंह को छठे दिन भी पंजाब पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस सूत्रों की मानें तो वह पंजाब से भाग गया है। पुलिस को उसके उत्तराखंड में होने का शक है। पंजाब से भागकर वह हरियाणा गया था। पुलिस को महाराष्ट्र के नांदेड़ में भी अमृतपाल के छिपे होने के इनपुट मिले हैं। पंजाब पुलिस की टीमें वहां रेड करने के लिए रवाना हो गई हैं। पंजाब के पड़ोसी राज्यों के अलावा उत्तराखंड में भी अमृतपाल के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। गुरुघरों की भी जांच की जा रही है। अमृतपाल के साथी तजिंदर सिंह उर्फ गोरखा बाबा को लुधियाना में गिरफ्तार किया गया है। वह अमृतपाल का गनर है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहीदी दिवस के मौके पर नई दिल्ली में नेशनल वॉर मेमोरियल का अवलोकन करते हुए। साथ में हैं केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन केंद्रीय भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल, सांसद रमेश कौशिक, नायब सिंह व अन्य गणमान्य।

# किसानों के खाते में तुरंत 25-25 हजार रुपये डाले सरकार: कुमारी शैलजा



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा कि बेमौसमी बरसात में क्षेत्र के बहुत से किसान प्रभावित हुए हैं। प्रदेश सरकार गिरावरी को दरकिनार कर प्रभावित किसान के खाते में सीधे तौर पर 25 हजार रुपये डाले, ताकि प्रभावित किसान आगे धान और नरमे की बुआई सही से कर पाए। कुमारी शैलजा आज जिले के गांव मोची, भूथन और भिरड़ाना में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रही थी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत इन गांवों में पहुंची कुमारी शैलजा ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने नए-नए नियमों व फरमानों को लागू कर जनता को केवल परेशान ही किया है। फैमिली आईडी के नाम पर जनता को दर-दर पर भटकने को मजबूर किया गया।

# विधायक लीला राम ने शहीदी दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
विधायक लीला राम ने गुरुवार को शहीदी दिवस पर अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम में भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इन तीनों महान सपूतों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई और आजादी की एक ऐसी चिंगारी जलाई। जो समूचे देश में फैली और क्रांति का सूत्रपात हुआ। ऐसे महान शहीदों से युवा वर्ग को प्रेरणा लेकर देश सेवा का संकल्प लेना चाहिए। महान शहीदों के पदचिन्हों पर चलते हुए सभी को सभ्य समाज की स्थापना में अपना सकारात्मक सहयोग देना चाहिए।

# सीएम का दिल्ली दौरा: वार मेमोरियल में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## सीएम ने स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को पुष्प गुच्छ अर्पित कर शहीदों को नमक किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में बजट सत्र निपटने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर गुरुवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। सबसे पहले वे नेशनल वार मेमोरियल पहुंचे। सीएम ने स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को पुष्प गुच्छ अर्पित कर शहीदों को नमक किया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा समेत एनसीआर के सभी विधायक, हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, डीजीपी पीके अग्रवाल समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**बजट को लेकर हो सकती है चर्चा:** हरियाणा के मुख्यमंत्री दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्रियों के साथ बजट को लेकर चर्चा कर सकते हैं। इसके अलावा कई और राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर सरकार का केंद्रीय मंत्रियों को फीडबैक देंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार सीएम का यह दिल्ली दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।





**3 हफ्ते पहले टोनी ब्लेयर से मिले थे सीएम:** इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर से नई दिल्ली में मुलाकात की थी। हरियाणा भवन में हुई लगभग 30 मिनट की मुलाकात के दौरान दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ने हरियाणा के हेल्थ सेक्टर में सरकार के साथ काम करने की इच्छा जताई। इसके साथ ही बुनियादी सुविधाओं जैसे विषयों पर काम करने की संभावनाओं पर भी दोनों के बीच चर्चा हुई।


8 हरियाणा के मुख्यमंत्री दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्रियों के साथ बजट को लेकर चर्चा कर सकते हैं

# कक्षा 1 से 3 तक नहीं मिलेगी मार्कशीट, स्किल कार्ड से तय होगी योग्यता

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला किया है। अब राज्य के स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को एग्जाम के रिपोर्ट कार्ड नहीं मिलेंगे। स्किल कार्ड से उनकी योग्यता का मूल्यांकन किया जाएगा। इस कार्ड में बच्चों के संख्यात्मक कौशल (न्यूमेरिकल) और भाषा (लैंग्वेज) पढ़ने और लिखने में उनके योग्यता के स्तर को दर्ज किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यह रिपोर्ट कार्ड टीचर्स के लिए सत्र के अंत में अपने लेक्चर को डिजाइन करने और बच्चों के सुधार को रिकॉर्ड करने के लिए बेंचमार्क बन जाएगी।

**कमियां होंगी ट्रैक:** राज्य के स्कूलों में इस नई व्यवस्था के जरिए शिक्षा विभाग बच्चों के विषयवार प्रगति और कमियों को ट्रैक कर उन्हें आने वाली कक्षाओं में दूर करेगा। इस आकलन के जरिए बच्चों की योग्यता को निखारने में शिक्षकों को मदद मिलेगी। शिक्षाविदों के अनुसार बच्चों की इस व्यक्तिगत जानकारी से बच्चों के भविष्य सुधार के लिए बेहतर होगा।

8 इस कार्ड में बच्चों के संख्यात्मक कौशल (न्यूमेरिकल) और भाषा (लैंग्वेज) पढ़ने और लिखने में उनके योग्यता के स्तर को दर्ज किया जाएगा



**इस उदाहरण से समझिए:** शिक्षा विभाग के इस फैसले को समझने के लिए इस उदाहरण को पढ़ना होगा। मान लीजिए कोई छात्र अंग्रेजी पढ़ सकता है, लेकिन धाराप्रवाह नहीं है। अंग्रेजी के कुछ शब्दों में उसे परेशानी आती है तो शिक्षक उसकी स्किल को अच्छे या औसत रूप में आंकेंगे। इसी तरह यदि छात्र हिंदी में अच्छा है तो इसका आकलन अच्छा या बहुत अच्छा के रूप में किया जाएगा।

**शिक्षकों के लिए बेंचमार्क बनेगा कार्ड:** एग्जाम के बाद मिलने वाले स्किल कार्ड को अगली कक्षा के शिक्षकों को पास किया जाएगा। इससे वह छात्र की व्यक्तिगत योग्यता और क्लास की औसत योग्यता के बारे में जान सकेंगे। शिक्षकों के लिए यह कार्ड बेंचमार्क के रूप में काम करेगा। इससे हर वर्ष में छात्रों में हुए सुधार को जानने में भी शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों में मदद करेगा।

**शिक्षा विभाग ने इसलिए फैसला:** कोरोना काल में दो साल स्कूल बंद रहे। इसके बाद शिक्षा के स्तर को स्कूलों में सुधारने के लिए विभाग ने कई सर्वे कराए। सर्वे की आई रिपोर्टों के आधार पर विभाग ने यह बदलाव किया है।

# वेटनरी सर्जन पेपर लीक मामला: 2 सेट में लीक का शक



मनोहर लाल, CM, हरियाणा — पीके अग्रवाल, DGP, हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** वेटनरी सर्जन एग्जाम पेपर लीक के कथित मामले में कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जो चौकाने वाले हैं। 100 प्रश्नों में से 24 प्रश्न ऐसे मिले हैं, जो 2017 में महाराष्ट्र की एक परीक्षा के कॉपी-पेस्ट किए गए हैं, इसके बाद यह भी संदेह जताया जा रहा है कि एग्जाम पेपर 2 सेटों में लीक हुआ है। इस पूरे मामले में हरियाणा सरकार डीजीपी पीके अग्रवाल से इसकी जांच करवा रही है। हरियाणा पुलिस के सूत्रों के अनुसार जिन 2 सेट में पेपर लीक किया गया, उनमें पहला सेट डिजिटल रूप में वॉट्सऐप और दूसरा ऑफलाइन मोड में लीक किया गया है।

**हरियाणा विधानसभा में गूंजा मुद्दा:** पेपर लीक का यह मामला हरियाणा विधानसभा में गूंज चुका है, जिसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मामले में प्रतिक्रिया देनी पड़ी। सीएम ने सदन में खुलासा किया कि सरकार की ओर से 3 मार्च को ही डीजीपी को जांच सौंपी जा चुकी है। इसकी जांच जारी है।

कांग्रेस के विधायक बीबी बत्रा ने सदन में परीक्षा में गड़बड़ी के बाद भी रद्द नहीं किए जाने पर सवाल खड़े किए थे। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 383 पशु चिकित्सकों की भर्ती का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हाईकोर्ट की ओर से अभी इन पदों पर भर्ती किए जाने को लेकर रोक लगा रखी है। आयोग के द्वारा 15 जनवरी को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

8 100 प्रश्नों में से 24 प्रश्न ऐसे मिले हैं, जो 2017 में महाराष्ट्र की एक परीक्षा के कॉपी-पेस्ट किए गए हैं

# हेरोइन व चरस की तस्करी करते दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**गुरुवार** को एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा दो आरोपी काबू किए गए। जिनके कब्जे से 9.90 ग्राम हेरोइन व 22.70 ग्राम चरस बरामद किया गया। एसपी मकसूद अहमद ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की टीम बुधवार वीरवार की रात्रि को वजीर नगर के पास मौजूद थी। जहां पर पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि विक्रम निवासी कैलरम व टिंकू निवासी वजीर नगर दोनों मिलकर गाड़ी में मादक पदार्थ बेचने का काम करते है। आज भी अपनी डिजायर गाडी में बजीर नगर मादक पदार्थ लेकर आएगें। पुलिस ने वजीर खेडा चौसाला रोड पर नाकाबंदी की। जहां पर थोडी देर बाद चौसाला की साईड से आई एक डिजायर गाड़ी को रुकवा कर टिंकू व विक्रम को काबू कर लिया गया। सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे कलायत उप-पुलिस अधीक्षक सज्जन कुमार के समक्ष जब विक्रम व टिकूं की तलाशी ली गई तो विक्रम के कब्जे से 22.70 ग्राम चरस तथा टिकूं के कब्जे से 9.90 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिस पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया तथा थाना कलायत से मौके पर पहुंचे एसआई शिव कुमार द्वारा दोनो आरोपी विक्रम व टिकूं को गिरफ्तार कर लिया गया।

# 'अमृतपाल तुम खालिस्तान मांगोगे हम चीर देंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष** वीरेश शांडिल्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर को जगाधरी बस स्टैंड पर खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से हमारी संस्था खालिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवाद, भिंडरावाला, बब्बर खालसा जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ



जमीनी और कानूनी लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह ने पंजाब में खालिस्तान को लेकर भोले भाले युवाओं को गुमराह कर हथियार उठाने के लिए भड़काया है। उन्होंने कहा कि खालिस्तान की मांग भारतीय संविधान और भारतीय तिरंगे का अपमान है। उन्होंने कहा कि आतंकी अमृतपाल सिंह ने अमृतसर में अजनाला में गुरुग्रंथ साहिब जी का अपमान किया है। वहां पंजाब पुलिस और थाने पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि ये लोग बंदी सिखों की रिहाई के नाम पर आतंकवादियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पंजाब में पैरा मिलिट्री फोर्स भेजकर बहुत बड़ा कदम उठाया। उन्होंने कहा कि हम अमृतपाल सिंह के खिलाफ हर जिले में पुतला जलाएंगे।

8 अमृतपाल सिंह ने पंजाब में खालिस्तान को लेकर भोले भाले युवाओं को गुमराह कर हथियार उठाने के लिए भड़काया है

# महम के विधायक बलराज कुंडू को महिला ने किया ब्लैकमेल करने का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**/रोहतक
महम के विधायक बलराज कुंडू को एक महिला ने वीडियो कॉल करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। महिला ने विधायक को एक मैसेज भी भेजा है, जिसमें उसने भाजपा के एक मंत्री व कांग्रेस के एक-एक विधायक का भी जिक्र किया है। पुलिस ने इस संबंध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि साइबर विशेषज्ञ मामले की जांच कर रहे हैं, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। साईबर की टीम मोबाइल नंबर से जुडी अन्य जानकारी जुट रही है। महम के विधायक बलराज कुंडू ने



बताया कि देर रात उनके फोन पर एक महिला ने वीडियो कॉल कर-के उन्हें ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। महिला ने उनके पास जो मैसेज भेजा है, उसमें भाजपा के एक कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस एक-एक विधायक का भी जिक्र किया गया है। विधायक की तरफ से देर रात पुलिस महानिदेशक को शिकायत की गई। विधायक ने बताया कि मंगलवार रात को आठ बजे से साढे नौ बजे के बीच दो बार कॉल आई है।

# केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का नाम लिम्का बुक में दर्ज

## किसान के बेटे ने दुनिया मे चमकाया गंगवा का नाम, संस्थान को यह उपलब्धि मैक्सिमम क्लोन फॉर वन बुल (एक ही झोटे से सात क्लोन) के लिए मिला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**केन्द्रीय** भैंस अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा क्लोन तकनीक में नया प्रयोग करते हुए एक ही झोटे से अधिकतम क्लोन बनाने वाली उपलब्धि पर संस्थान का नाम लिम्का बुक में दर्ज हुआ है। क्लोन का प्रयोग सफल होने के बाद करीब डेढ़ साल पहले संस्थान ने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करने के लिए आवेदन किया था। संस्थान को यह उपलब्धि मैक्सिमम क्लोन फॉर वन बुल (एक ही झोटे से सात क्लोन) के लिए मिला है। वैज्ञानिकों की इस बड़ी उपलब्धि के बाद भारत दुनिया के सभी देशों मे सबसे अधिक संख्या में क्लोन कटड़े बनाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। वैज्ञानिकों की इस बड़ी उपलब्धि के बाद आज पूरा देश गौरवान्वित है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने गुरुवार को वैज्ञानिकों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि कीर्तिमान रचने वाली वैज्ञानिकों की इस टीम में शामिल होकर डा. राजेश ने गांव गंगवा का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी फोन कर टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

8 क्लोन का प्रयोग सफल होने के बाद करीब डेढ़ साल पहले संस्थान ने रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करने के लिए आवेदन किया था



डॉ. राजेश हिसार के गांव गंगवा के निवासी हैं। उनके पिता मल्लाराम धत्तरवाल गांव में ही खेती किसानी का काम करते हैं। उन्होंने हिसार के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (अब लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी साइंस) से एमवीएससी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद सीआईआरबी ज्वाइन की, उन्होंने सर्विस के साथ ही पीएचडी की पढ़ाई पूरी की। गंगवा गांव के बच्चों की रुचि अब पढ़ाई की और बढने लगी है। सभी डॉ. राजेश की तरह लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्डस में अपना नाम दर्ज करवाने की बात करते हैं और फिर पढ़ाई करने लगे हैं। क्लोन के जरिए उपलब्धि हासिल करने वाली वैज्ञानिकों की टीम में डॉ. प्रेम सिंह यादव, डॉ. नरेश एल सेलोकर, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राजेश गंगवा, डॉ. मोनिका सैनी और डॉ. सीमा दुआ शामिल हैं। एक किसान परिवार से होने के बावजूद डॉ. राजेश के करियर में कई रुकावटें आई मगर उन्होंने हार नहीं मानी। चिकित्सक बनने के लिए वह बताते हैं कि हर रोज साइकिल के जरिए गांव से हिसार में पढने आया करते थे। डॉ. राजेश ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गंगवा से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। लीडिंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल आजाद नगर से 10वीं की परीक्षा पास की थी।

# पुलिस लाइन में कार का सामान चुरा ले गए चोर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस** लाइन में एक खड़ी कार से अज्ञात चोर हजारों रुपए का सामान चोरी करके फरार हो गए। बता दें की सडक दुर्घटना, मौके पर कागज उपलब्ध नहीं कराने समेत अन्य परिस्थितियों में पुलिस वाहन सीज करते देती है, जिन्हें पुलिस की निगरानी में थाना परिसर में या फिर पुलिस लाइन में बनाई गई जगह पर ही खड़ा किया जाता है। कोर्ट से आदेश मिलने पर ही मालिक को वाहन सुपुर्द होता है। ऐसे ही सैकड़ों वाहन पुलिस लाइन परिसर में भी खड़े हैं।



बड़ागांव निवासी शुभम ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले सेक्टर-12 में उनकी गाडी के साथ एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने गाडी को कब्जे में लिया था। बुधवार को कोर्ट में तारीख थी और गाडी के सुपरदारी करवाकर आज गाडी लेने के लिए जब वह पुलिस लाइन पहुंचे तो गाड़ी से हजारों रुपए का सामान गायब मिला।

पीडित शुभम ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब गाडी को चेक किया तो उसमें से गाड़ी की बैटरी, साइड के शीशे, हेडलाइट्स व 35 हजार रुपए का जो साउंड सिस्टम लगवाया था व दो बेस ट्यूब सभी गायब थी। गाड़ी से सामान चोरी होने को लेकर जब उन्होंने संबधित अधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा कि हमारे पास गाडी ऐसी ही आई थी। यहां से कोई सामान चोरी नहीं हुआ।

पीडित ने कहा कि पुलिस सुरक्षा में खड़े वाहनों से सामान चोरी करने की हिम्मत आम आदमी तो नहीं कर सकता। इसमें अंदर के लोग ही चोरों को संरक्षण देते हैं। तभी वे आसानी से सामान चोरी कर लेते हैं। खास बात यह है कि नए के मुकाबले पुराने वाहनों से अधिक सामान चोरी है। सूत्रों की माने तो थाने में खड़े वाहनों से चोर सामान निकालकर उसे कम दामों में बेच आते हैं। कुछ रकम इसमें सामान चोरी कराने में मदद करने वाले को दी जाती है। पुलिस विभाग के एसपीओ मनोज कुमार ने बताया कि यहां खड़ी गाड़ियों का कोई सामान चोरी नहीं होता। थाने से हमें ऐसी ही गाडी हैंडओवर हुई है। वाहनों की देखरेख के लिए यहां पर हर समय कर्मचारी मौजूद रहते हैं।

## नवनियुक्त सदस्यों ने विधायक महीपाल ढांडा का जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
डेवलपमेंट एंड पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत नियुक्त किये गये जिला स्तरीय टास्क फोर्स के नवनियुक्त सदस्यों ने बृहस्पतिवार को स्वच्छ भारत मिशन के प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा का पानीपत रेस्ट हाउस में बुके देकर आभार व्यक्त किया। विधायक महीपाल ढांडा का धन्यवाद करने वालो में भाजपा के जिला मंत्री एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के नवनियुक्त सदस्य सुनील परढाना, सुरेंद्र जोगी, सुनीता गोयल व विजय वशिष्ट आदि शामिल है।

## न्यूज फ्लैश

### देश सभी ज्ञात और अज्ञात अमर शहीदों का कर्जदार रहेगा: रेखा शर्मा



**पानीपत:** आर्य बाल भारती स्कूल में आज राजगुरु सुखदेव भगत सिंह शहीदी दिवस और महर्षि दयानंद के अनन्य भक्त एवं भारत में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के प्रणेता और हिंदी आंदोलन के नेता स्वामी ओमानंद सरस्वती की पुण्यतिथि मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या रेखा शर्मा ने की और विद्यालय के उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्या रेखा शर्मा ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात और अज्ञात अमर शहीदों वीर जवानों का हमेशा ऋणी रहेगा, जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि वेदों के विद्वान और गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के संचालक और हिंदी आंदोलन के सूत्रधार स्वामी ओमानंद सरस्वती का वैदिक जगत सदैव ऋणी रहेगा। उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि इन तीनों क्रांतिकारी देशभक्तों के बलिदान के कारण से ही आज हमारा भारत देश स्वतंत्रता का सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि आज की नौजवान पीढ़ी के लिए सरदार भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव का अमर बलिदान सदैव प्रेरणादायक बना रहेगा।

### तूने बंशी बजाई तो धमाल हो गया कान्हा: आचार्य बजरंग



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
श्री गौ गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्रीकल्लू मल धर्माथ बगीची मौहल्ला खड़खड़ी नारनौल में सभी धर्म प्रेमी बन्धुओं द्वारा आयोजित संगीतमय श्री मद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर आचार्य बजरंग शास्त्री ने ने भागवत कथा का प्रवचन देते हुये बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म संसार के मरण धर्मा लोगो को शिक्षा देने और दुष्टों के संहार एवम संतों ब्राह्मणों की रक्षा के लिये हुआ था। उन्होने बताया जब जब धर्म की हानि होती है और अधर्म को बढ़ावा मिलता है तब तब प्रभु विभिन्न अवतार लेकर पृथ्वी पर आते है ।आचार्य जी ने बताया भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म मथुरा मे हुआ और वसुदेव जी भगवान श्री कृष्ण को गोकुल मे नंद बाबा के महल मे माता यशोदा के पास छोड़कर और योगमाया को लेकर मथुरा आ गये जैसे ही कारागृह मे पहुचे तो जो ताले कारागृह के खुले थे, अपने आप बंद हो गये और पहरेदार जग गये। क्योकि जीव जब भगवान का आश्रय लेता है तो बंधन से छूट जाता है और माया का आश्रय लेता है तो बंधन मे बंध जाता है। बजरंग शास्त्री जी ने बताया कि कृष्ण जन्म के बारे मे सुनते ही गोकुल में बधाई बंटने लगी सभी ब्रजवासी माता यशोदा के महल में बधाई देने आने लगे और नंद बाबा ने लाला के जन्म का समाचार सुना तो खूब बधाई लुटाई गई और संतों ब्राह्मणों को बहुत अधिक दान दक्षिणा दी ।आचार्य जी ने कृष्ण जन्म की बधाई के गीत भी सुनायें तथा भक्तो को कृष्ण जन्म की बधाई भी लुटाई गई। श्री कृष्ण भगवान का जन्म होते ही कंस को बहुत चिंता होने लगी ,कंस ने कृष्ण को मारने के लिये पूतना राक्षसी को भेजा वो कृष्ण भगवान को मारने के लिये अपने स्तन पर जहर लगाकर दूध पिलाने लगी किन्तु कृष्ण भगवान दूध के साथ उसके प्राण को खींचने लगे तो पूतना बोली छोड़ लाला छोड़ तो छः दिन के कन्हैया बोल पड़े मौसी जी मोंकू तो पकड्बो हि आवै छोड़बो आवै ही ना। या तो मै जीव को पकड़ता नही हूँ ,और पकड़ लेता हूँ तो उसका कल्याण कर के ही छोड़ता हूं। शास्त्री जी ने श्री कृष्ण की पावन माखन चोरी की लीला का भी बहुत सुंदर वर्णन किया और माखन चोरी की सुंदर झांकी भी दशार्यी गयी ।कृष्ण जी ने यमुनाजी को विषैला करने वाले काली नाग का भी मानमर्दन किया । महाराज जी ने बताया की मनुष्य को दुख में ज्यादा घबराना नही चाहिये और सुख में अधिक फूलना नहीँ चाहिये ।जिसके जीवन में सुख और दुख नही है वो जीवन ही नही है ।हमे प्रत्येक प्रस्थिति मे भगवान को याद रखना चाहिये ।जिनको प्रभु पर पूर्ण विश्वास होता है प्रभु उनके लिये सब कुछ करने के लिये तैयार रहते है ।भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र का अभिमान दूर करने के लिये गोवर्धन धारण की पावन लीला की कथा के अंत मे गोवर्धन जी की सुंदर कथा का वर्णन आचार्य जी ने किया तथा श्री गिरिराज महाराज की सुंदर झांकी का दर्शन सभी भक्तों ने किया।

### शहीदी दिवस पर गांव किवाना में कराई खेल प्रतियोगिता

**समालखा:** कमाल हुसैन गांव किवाना में शहीदी दिवस के उपलक्ष पर खेलकूद समिति द्वारा विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 12 वर्ष 14 वर्ष व 16 वर्ष की आयु के बच्चों की 800, 1500 व 1600 मीटर की दौड़ हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री भाजपा कृष्ण छौक्कर ने शिरकत की और बच्चों को आशीर्वाद दिया। वहीं सरपंच चेनपाल, ब्लॉक समिति सदस्य प्रह्लाद विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। खेलकूद समिति के प्रधान रविंद्र फौजी, मा.मनोज, मा.जसवीर, मदनपाल छौक्कर, प्रवेश,सतपाल भारती, रौनक, राजू, सुभाष, सचिन, कालू फौजी और मोनू आरपीएफ व अन्य युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं.: 9991270143**

## शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की कुर्बानियों को किया याद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गांव गढीभरल में आम आदमी पार्टी के पूर्व अल्पसंख्यक संयोजक उतरी हरियाणा के नेता तालीम गुर्जर एवं ग्रामीणों ने शहीदी दिवस पर शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया। जिन शहीदों ने अपने परिवारों को छोड़ा देश के लिए अपनी कुर्बानियां दी, उनको याद करके शहीदी दिवस मनाया। इस मौके पर आप नेता तालीम गुर्जर व मुस्लिम चौहान ने कहा कि आज हम जो इस खुले आसमान के नीचे खुली सांस ले रहे हैं, यह हमारे उन शहीदों की देन है उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार को इन शहीदों को शहीद का दर्जा दिया जाए और हम सभी समाज को मिलकर देश को आगे बढ़ाने के लिए हर प्रयास करनी चाहिए।

## योग करने से मिलता है डिप्रेशन से छुटकारा: दिनेश

### योग कक्षा में साधकों ने किया योग क्रियाओं का अभ्यास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फव्वारा** पार्क सेक्टर 12 में मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा चलाई जा रही नियमित योग कक्षा में मिशन के प्रमुख दिनेश गुलाटी के निर्देशन में साधकों ने योगाभ्यास किया। उन्होंने योगिग जोगिंग, सूक्ष्म व्यायाम व ताड़ासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन का अभ्यास करवाया और प्राणायाम के बारे में विस्तार और बारीकियों से अवगत कराते हुए कहा कि प्राणायाम का अर्थ है सांसों का विस्तार एवं नियंत्रण।


उन्होंने सभी प्राणायाम जैसे भस्त्रिका, कपालभाति प्राणायाम, अग्निसार क्रिया, अनुलोम-विलोम का अभ्यास करवाया। शिक्षिका निधि गुप्ता ने भ्रामरी, उदगीत एवम प्रणव प्राणायाम का भक्ति भाव से साधकों का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि प्राणायाम से हमारे शरीर में प्राण वायु का स्तर बढ़ जाता है और हमारे शरीर के अंदर के सभी सिस्टम ठीक हो जाते हैं।



दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग, प्राणायाम के तीन मुख्य सिद्धांत हैं। पहला रक्त को अधिक से अधिक ऑक्सीजन युक्त बनाना, दूसरा शरीर के अंदरूनी एक्सरसाइज होना और तीसरा शरीर में अच्छे हारमोंस के प्रभाव को बढ़ाना। प्राणायाम करने से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं। मन स्थिर और शांत रहता है। डिप्रेशन से छुटकारा मिलता है।

**8 योगिग जोगिंग, सूक्ष्म व्यायाम व ताड़ासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन का अभ्यास करवाया**

## राहुल अपने बयान पर माफी मांगे और राजनीति से संयास लें: प्रो. विधु



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रो. विधु रावल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि केस मे हुई सजा पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया जारी करते हुए कहा कि जैसा बोओगे, वैसा ही काटोगे। राहुल गांधी को बदजुबानी के कारण सजा मिली है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और केजरीवाल जैसे लोगों की आदत बन गई है, पहले थूकना और फिर भाग जाना। उनको अब समझ लेना चाहिए कि देश में कानून का राज है, अगर किसी का अपमान करोगे तो सजा मिलनी भी निश्चित है।

गौरतलब है की इससे पूर्व भी राहुल गाँधी राफेल विमान के रक्षा सौदे में कथित भ्रष्टाचार का झूठ फैलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में लिखित माफी मांग चुके है तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बदनाम करने के मामले में भी 2015 में कोर्ट में माफी मांगकर राहुल ने अपनी जान बचाई थी, लेकिन राहुल हैं की झूठ बोलने और बदजुबानी करने से बाज नहीं आते। जनता द्वारा सत्ता से बेदखल किए जाने से बोखलाए राहुल गाँधी तथा उनके समर्थक झूठ, मिथ्या और भ्रम का सहारा लेकर फिर से सत्ता पर काबिज होने के ख्वाब देखते हैं, लेकिन देश की जनता कांग्रेसियों के इन मंसूबों को कभी पूरे नहीं होने देगी। प्रो. विधु रावल ने कहा कि कांग्रेस के नेता कितने ही बड़े और महंगे वकीलों की भारी भरकम फौज खड़ी कर लें, लेकिन अपराधी को कानून की सजा से कोई बचा नहीं सकेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि मैं सत्य और अहिंसा में विश्वास रखता हूं, लेकिन लगातार असत्य और भ्रम की राजनीति करते है। सत्य के रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति कभी जानबूझकर अनर्गल आरोप नहीं लगता है लेकिन राहुल गांधी लगातार अपनी जुबान से देश को गाली देते हैं, देश की न्याय व्यवस्था को अपमानित करते हैं। ऐसे लोगों को अब कानून सबक सिखायेगा। उन्होंने कहा कि राजनेता को उच्च आदर्शवान होना चाहिए, क्योंकि उन पर करोड़ों लोगों की आस्था रहती है। नेता समाज को दिशा देने के साथ-साथ उनका नेतृत्व करता है।

## देश के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण किए थे न्यौछावर: तेजप्रकाश

**नारनौल:** सिंघाना रोड स्थित जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शहीदी दिवस मनाया गया। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने कहा कि देश की आजादी के लिए दिए गए महान शहीदों के बलिदान को याद करने के लिए हर साल शहीदी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर देश के गौरव, शान और आजादी के लिए लड? वाले भगत सिंह और उनके साथी राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जाती है। शहीद दिवस देश के लिए बहुत खास और भावुक दिन होता है। 23 मार्च को भारत के सपूतों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने देश के लिए हंसते-हंसते फांसी की सजा को गले लगा लिया था। उनकी शहादत को देश का हर नागरिक सच्चे दिल से सलाम करता है।

## शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव ने अपने प्राणों से ज्यादा देश को दिया महत्व: सुरेश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा आज शहीदे आजम भगत सिंह के शहीदी दिवस पर मंच के कार्यालय सैक्टर-7 में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण अर्पित करने के पश्चात उन्हें नमन करते हुए याद किया गया। रिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश खन्ना ने कहा कि आज अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहीदी दिवस है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत के वे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देश प्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर कर गए। 23 मार्च यानि देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों को हंसते-हंसते न्यौछावर करने वाले तीन वीर सपूतों का शहीदी दिवस है और यह दिवस न केवल देश के प्रति सम्मान और हिंदुस्तानी होने व गौरव का अनुभव कराता है, बल्कि वीर सपूतों के बलिदान को भीगे मन से श्रद्धांजलि देता है।

## लिंक भेज उडाए 44 हजार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिले में साइबर ठग ऑनलाइन धोखाधड़ी का कोई भी मौका नहीं चूक रहे। साइबर अपराधी इस तरीके से सामने वाले को अपने जाल में फंसाते हैं कि व्यक्ति को पता ही नहीं चल पाताए, कब उसने अपनी गुप्त जानकारी साइबर अपराधी के साथ साझा कर दी और कब उसके अकाउंट से पैसे कट गए। साइबर ठगी का एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां एक डॉक्टरी जांच का टोकन बुक करवाने के नाम पर साइबर अपराधी ने उपभोक्ता के खाते से 44 हजार रुपए उड़ा लिए। पैसे कटने का मैसेज आया तो उपभोक्ता को तगड़ा झटका लगा। उसे कुछ भी समझ नहीं आया कि आखिर उसके साथ यह हुआ क्या है। बाद में उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी और साइबर पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार पीडित रजत अरोड़ा करनाल का रहने वाला है। रजत ने अपने पुत्र की डॉक्टरी जांच के लिए ज्ञान भूषण अस्पताल में जाना था, जिसके लिए शिकायतकर्ता ने आवेदन करने के लिए अपने मोबाइल नम्बर से आवेदन करने की कोशिश की, लेकिन आवेदन न हो सका। इस दौरान कोई नामालूम व्यक्ति शिकायतकर्ता के फोन को ट्रैक कर रहा था और उसने शिकायतकर्ता को फोन किया कि आपको टोकन बुक कराना पड़ेगा, उसके बाद ही डॉक्टर साहब आपको देखेंगे।

कॉलर ने शिकायतकर्ता के पास लिंक भेजा।

## मधुबन में पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया ।मधुबन** पुलिस अकादमी में एक पुलिस जवान ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सिपाही की जेब से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीमें भी मौके पर पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया। शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बारना जिला कुरूक्षेत्र निवासी 35 वर्षीय राजिंद्र कुछ साल पहले ही पुलिस में भर्ती हुआ था। उसकी डयूटी काफी समय से मधुबन में ही थी। बुधवार को भी वह अपनी ड्यूटी पर था। उसकी जनरल डयूटी थी। शाम को चार बजे जब राजिंद्र गिनती के समय नहीं पहुंचा तो अधिकारियों ने उसके बैरक में चेक किया। यहां राजिंद्र पंखे पर रस्सी से लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही मधुबन थाना के एसएचओ व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। मृतक के शव को पंखे से उतकर उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया।



मृतक राजिंद्र की जेब से जो सुसाइड नोट बरामद हुआ है, उसमें लिखा है कि वह वह ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था। जिसके चलते उसने काफी लोन भी लिया हुआ था। इस गेम के चलते वह अपने दोस्तों से दूर हो गया। ऑनलाइन इस गेम में वह 16 लाख रुपए हार गया था। इसी को लेकर वह आत्महत्या का कदम उठा रहा है।

मधुबन थाना के जांच अधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया है। परिजनों को मामले की सूचना दे दी है। आज शव पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

### शहीदी दिवस पर सेवानिवृत्त सैनिकों को भी किया गया सम्मानित, मुख्य अतिथि के रुप में सहायक प्रोफेसर दलजीत एवं जिला पार्षद अनिल मलिक ने शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**शहीदी** दिवस के अवसर पर इंडोलॉजी पब्लिक स्कूल सींक द्वारा अपने वार्षिक उत्सव समारोह के साथ-साथ सेवा निवृत सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सहायक प्रोफेसर दलजीत एवं जिला पार्षद अनिल मलिक ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल निदेशक रोहित हुड्डा एवं प्राचार्या ज्योति हुड्डा द्वारा की गई । बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा और स्कूल मैनेजमेंट द्वारा सेवानिवृत सैनिकों को सम्मानित किया गया । साथ ही साथ सत्र 2022-23 के लिए शिक्षा और विभिन्न उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए । समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल के प्लेवे विंग डी.ए.वी.लिटल किड्स का इनॉग्रेशन किया गया । निदेशक रोहित हुड्डा ने सत्र 2022-23 में कक्षा दसवीं के छात्रों को मैरिट सूची में आने पर उन्हें 11वीं कक्षा के लिए उनकी मासिक ट्यूशन फीस बिलकुल माफ करने की घोषणा की । जोकि विद्यालय द्वारा मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु अनूठी पहल की गई है ।



विद्यालय निदेशक ने कहा कि इंडोलॉजी स्कूल को ऊंचाई तक पहुंचाने में आप सब का योगदान है ।सभी छात्रों एवं विद्यालय में शिक्षा के प्रति समर्पित अध्यापकों के कठिन परिश्रम से आज विद्यालय को इस क्षेत्र के उत्कृष्ट संस्थान में शामिल कर दिया है। इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि युवाओ को भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के लिए हर प्रकार के बलिदान के लिए तैयार रहना चाहिए ।कार्यक्रम के समापन पर ग्रीन मैन अवॉर्डी सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने शहीदों की याद में विद्यालय प्रांगण में बरगद का पौधा रोपित किया।

इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल विनोद मलिक, सीनियर कॉर्डिनेटर सुशील मलिक,प्राइमरी कॉर्डिनेटर सरिता सांगवान एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

## जी 20 को लेकर युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत:** नेहरू युवा केंद्र द्वारा भारत के जी.20 की अध्यक्षता के दृष्टिगत जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया जिला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ होते हैं इसलिए युवाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है इसलिए युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढना होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया ने शिरकत की।

## संपादकीय

# ठोस प्रयासों से संभव है टीबी का खात्मा

**तपेदिक** रोग के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है, जिसे विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस वैश्विक कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उन प्रयासों से अवगत कराना भी है, जो न सिर्फ इस बीमारी को रोकने बल्कि इसके उपचार के लिए किए जा रहे हैं। टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) को क्षय रोग तथा तपेदिक के नाम से भी जाना जाता है, जो एक जीवाणु के कारण होने वाला फेफड़ों का एक गंभीर संक्रमण है। यह खांसने अथवा छींकने पर हवा में छोड़ी गई छोटी बूंदों से फैलता है। ड्रॉपलेट्स के जरिये फैलने वाले बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रह सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक टीबी दुनिया में मृत्यु के सबसे घातक और संक्रामक कारकों में से एक है, जो विश्वभर में होने वाली मौतों के शीर्ष 10 कारणों में शामिल है। डब्ल्यूएचओ की 2019 में घोषित रिपोर्ट के आधार पर दुनियाभर में एक करोड़ लोग टीबी से संक्रमित थे, जिनमें से 26.9 लाख लोगों को भारत में टीबी था। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक प्रतिदिन 4100 से भी ज्यादा लोग टीबी के कारण अपनी जान गंवाते हैं और करीब 28 हजार लोग इस रोकथाम योग्य और इलाज योग्य बीमारी से बीमार पड़ते हैं। टीबी के कारण प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब 15 लाख लोग मौत की नींद सो जाते हैं। डब्ल्यूएचओ टीबी को दुनिया के सबसे घातक संक्रामक हत्यारों में से एक मानता है। हालांकि टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों के चलते वर्ष 2000 से लेकर अभी तक साढ़े छह करोड़ से भी ज्यादा लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

विश्व टीबी दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और इस साल टीबी दिवस की थीम हां! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं है। रोग नियंत्रण और रोकथाम के लिए केन्द्र (सीडीसी) के मुताबिक तपेदिक लगभग 30 लाख साल पुराना रोग है और विभिन्न सभ्यताओं में इसके अलग-अलग नाम थे। टीबी को प्राचीन रोम में टैब, प्राचीन ग्रीस में फथिसिस और प्राचीन हिब्रू में स्केफेथ कहा जाता था। मध्य युग के दौरान गर्दन तथा लिम्फ नोड्स के टीबी को स्क्रोफुला कहा जाता था, जिसे फेफड़ों में टीबी से अलग बीमारी माना जाता था। 1800 के दशक में इसे खपत के रूप में जाना जाता था। माना जाता है कि तपेदिक शब्द 1834 में जोहान शोनेलिन द्वारा गढ़ा गया था। 24 मार्च 1882 के दिन एक जर्मन चिकित्सक और माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. रॉबर्ट कोच ने पाया कि इस बीमारी का कारण टीबी बैसिलस था। डा. रॉबर्ट कोच द्वारा इस जानलेवा बीमारी के कारक बैक्टीरिया की पहचान करने की पुष्टि के फलस्वरूप ही टीबी के निदान और इलाज में दुनियाभर के वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली। इसके ठीक 100 वर्षों पश्चात 1982 में इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरक्लोसिस एंड लंग डिजीज ने इसी तारीख को विश्व टीबी दिवस के रूप में घोषित किया और 1996 में इस दिवस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्य संगठनों के साथ डब्ल्यूएचओ भी इस संघ में शामिल हो गया, जिसके बाद औपचारिक रूप से 1998 में स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की स्थापना हुई, जिसका उद्देश्य टीबी से लड़ने के साथ-साथ इसे रोकना भी था। हालांकि दुनिया को टीबी से मुक्ति के लिए वर्षों से प्रयास हो रहे हैं लेकिन विडंबना है कि भारत टीबी से सर्वाधिक प्रभावित एशियाई देश है।

# ममता बनर्जी की लड़ाई भाजपा से है या कांग्रेस से

अशोक भाटिया

> "टीएमसी की ओर से संकेत दिए गए हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ममता अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत कर सकती हैं। उन्होंने गैर-कांग्रेसी गठबंधन बनाने के भी संकेत दिए हैं। टीएमसी ने यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्ष की बिग बॉस नहीं है। टीएमसी मुर्शिदाबाद जिला अध्यक्ष और सांसद अबू ताहेर का कहना है कि सागरदिघी उपचुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस-सीपीआई (एम)-भाजपा का छिपा हुआ गठजोड़ राज्य में चल रहा है। सागरदिघी उपचुनाव में कांग्रेस ने टीएमसी से सीट छीन ली थी। ममता दीदी ने कहा कि हमें अगले पंचायत और लोकसभा चुनावों में इस साठगांठ को हराना है। उन्होंने हमें आने वाले दिनों में एकजुट होकर लड़ने के लिए कहा"



**जहाँ** सभी विरोधी दल अगले चुनाव में अपना सयुक्त उम्मीदवार उतारने की कसरत कर रहे है. ऐसे समय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का ताजा बयान व उस पर कांग्रेस का प्रत्युतर चौकाने वाला ही कहा जायेगा । ममता बनर्जी ने भाजपा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हीरो बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा द्वारा राहुल की ब्रिटेन में की गई टिप्पणी को तूल देकर संसद की कार्यवाही बाधित किया जा रहा है।हाल ही में ममता ने मुर्शिदाबाद जिले में तृणमूल कांग्रेस की बैठक के दौरान फोन पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस भाजपा से लड़ने में विफल रही है और पश्चिम बंगाल में उनकी भाजपा के साथ साठगांठ है। पार्टी के एक नेता के मुताबिक हमारी पार्टी सुप्रीमो ने फोन पर हमारी आंतरिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जानबूझकर राहुल गांधी को उनकी टिप्पणियों पर संसद की कार्यवाही को रोककर हीरो बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा अपने हितों की पूर्ति के लिए ऐसा कर रही है, ताकि अन्य विपक्षी दल लोगों से जुड़े मुद्दों को न उठा पाएं। वे राहुल गांधी को विपक्षी खेमे का हीरो बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी की यह टिप्पणी राहुल गांधी की हाल की ब्रिटेन यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर संसद में गतिरोध के बीच आई है, जिसमें दोनों सदन बजट सत्र के दूसरे भाग के पहले पांच दिनों में किसी भी महत्वपूर्ण कार्य को नहीं कर पाए हैं। किसी भी दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। भाजपा राहुल गांधी से माफी की मांग को लेकर अड़ी हुई है। उनका कहना है कि राहुल ने विदेशी जमीन पर भारत के लोकतंत्र और संसद का अपमान किया है। राहुल गांधी पर टीएमसी सुप्रीमो की टिप्पणी कांग्रेस और भाजपा दोनों से दूर रहने की घोषणा के ठीक दो दिन बाद आई है। टीएमसी की ओर से संकेत दिए गए हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ममता अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत कर सकती हैं। उन्होंने गैर-कांग्रेसी गठबंधन बनाने के भी संकेत दिए हैं। टीएमसी ने यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्ष की बिग बॉस नहीं है। टीएमसी मुर्शिदाबाद जिला अध्यक्ष और सांसद अबू ताहेर का कहना है कि सागरदिघी उपचुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस-सीपीआई (एम)-भाजपा का छिपा हुआ गठजोड़ राज्य में चल रहा है। सागरदिघी उपचुनाव में कांग्रेस ने टीएमसी से सीट छीन ली थी। ममता दीदी ने कहा कि हमें अगले पंचायत और लोकसभा चुनावों में इस साठगांठ को हराना है। उन्होंने हमें आने वाले दिनों में एकजुट होकर लड़ने के लिए कहा। ताहेर ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी का नाम लिए बिना ममता बनर्जी ने उन पर भाजपा के साथ मौन सहमति रखने का आरोप लगाया। उपचुनाव के नतीजों से नाराज बनर्जी ने घोषणा की कि वह भविष्य में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेंगी। पार्टी की बैठक में ममता बनर्जी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चौधरी ने दावा किया कि यह टीएमसी है, जो भाजपा की मदद करना चाहती है। आप (टीएमसी) भाजपा से लड़ रहे हैं और कांग्रेस से दूरी बनाए हुए हैं। यह केवल टीएमसी जैसी पार्टियों की वास्तविक प्रकृति को दशार्ता है, जो विपक्षी खेमे में ट्रोजन हॉर्स के अलावा और कुछ नहीं हैं। कांग्रेस नहीं, बल्कि टीएमसी ने भाजपा से हाथ मिलाया है। भ्रष्टाचार के मामलों में सीबीआई और ईडी के चंगुल से खुद को छुड़ाने के लिए टीएमसी ने ऐसा किया है। ममता के इसी बयान पर सोमवार को कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने तंज कसा है कि ममता एऊउइकसे बचना चाहती हैं, उनकी कोशिश ढट मोदी को खुश करना है। अधीर ने यह भी कहा- ममता बनर्जी ये मोदी जी के आदेश पर कह रही हैं। ममता बनर्जी और प्रधान मंत्री मोदी में एक करार हुआ है। उनका मकसद कांग्रेस और राहुल गांधी को तबाह करना और इनकी छवि धूमिल करना है। उनका नारा बदल चुका है, वे से बचना चाहती हैं। जो भी कांग्रेस का विरोध करेगा उससे मोदी खुश होंगे। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि ममता मुर्शिदाबाद जिले में पार्टी की इंटरनल मीटिंग के दौरान फोन पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भाजपा से लड़ने में विफल रही है और पश्चिम बंगाल में भगवा खेमे के साथ मौन सहमति है। भाजपा अपने फायदे के लिए ऐसा कर रही है ताकि अन्य विपक्षी दल लोगों से संबंधित मुद्दों को न उठा सकें। वे राहुल गांधी को विपक्षी खेमे का हीरो बनाना चाहते हैं। ममता की यह टिप्पणी राहुल गांधी की हाल की ब्रिटेन यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर संसद में गतिरोध के बीच आई है, जिसमें दोनों सदन बजट सत्र के दूसरे भाग के पहले पांच दिनों में किसी भी महत्वपूर्ण कार्य को करने में विफल रहे हैं। टी एम सी ने यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्ष की बिग बॉस नहीं है। सागरदिघी उपचुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए, जहां कांग्रेस ने ळटउ से सीट छीन ली थी, बनर्जी ने कहा- कांग्रेस-भाजपा का नापाक गठजोड़ राज्य में खेल रहा है। ममता ने कहा कि हमें अगले पंचायत और लोकसभा चुनावों में इस सांठगांठ को हराना है। उन्होंने हमें आने वाले दिनों में एकजुट होकर लड़ने के लिए कहा था। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर चौधरी का नाम लिए बिना बनर्जी ने उन पर भाजपा के साथ मौन सहमति रखने का आरोप लगाया। उपचुनाव के नतीजों से नाराज बनर्जी ने घोषणा की थी कि वह भविष्य में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेंगी। ममता ने दोबारा अपनी बात को दोहराते हुए कहा है कि सीपीआईएम और कांग्रेस पर भाजपा के साथ साठगांठ है। यदि ऐसा अपवित्र गठबंधन होगा तो कांग्रेस भाजपा से कैसे लड़ेगी उन्होंने कहा कि वामपंथी भाजपा से कैसे लड़ेंगे और सीपीआईएम और कांग्रेस कैसे बीजेपी विरोधी होने का दावा करते हैं बंगाल के सरदिघी उपचुनाव में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ तृणमूल से विधानसभा सीट छीन ली। ममता बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस, वामपंथी और भाजपा सभी ने सरदिघी में सांप्रदायिक कार्ड खेला है। उन्होंने कहा कि अंतर यह है कि भाजपा ने इसे खुले तौर पर खेला है, लेकिन सीपीएम और कांग्रेस ने इसे अधिक हद तक खेला है।उन्होंने कहा, यह एक सबक है कि हमें सीपीएम या कांग्रेस की बात नहीं माननी चाहिए, जो बीजेपी के साथ काम करते हैं। हम उनके साथ गठबंधन नहीं कर सकते हैं। 2024 में हम तृणमूल और आम लोगों के बीच एक गठबंधन देखेंगे। हम किसी भी अन्य राजनीतिक दलों के साथ नहीं जाएंगे। हम लोगों के समर्थन से अकेले लड़ेंगे। ममता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहती है कि जो लोग भाजपा को हराना चाहते हैं, मुझे विश्वास है कि वे हमें वोट देंगे तृणमूल कांग्रेस इन तीन ताकतों से एक साथ लड़ने के लिए पर्याप्त है। हमने 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में ऐसा किया है, हम इसे फिर से करेंगे। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। गौरतलब है कि 2019 में बंगाल के नेता विपक्षी गठबंधन के प्रमुख वाताकारों में से एक थे। लेकिन न केवल यह प्रयास विफल रहा, बल्कि भाजपा ने उनके राज्य में व्यापक पैठ बना ली और 42 संसदीय सीटों में से 18 सीटों पर जीत हासिल की। लेकिन राज्य के बाहर पार्टी को सकारात्मक परिणाम नहीं मिला। तृणमूल कांग्रेस गोवा में और फिर त्रिपुरा में खाता खोलने में विफल रही। हालांकि पार्टी ने मेघालय विधानसभा चुनाव में पांच सीटें जीतीं।

2021 के बाद से ममता बनर्जी को कई लोगों ने प्रधानमंत्री पद की आकांक्षाओं के रूप में देखा है हालांकि उनके साथ बिहार सीएम नीतीश कुमार, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ,तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव और समाजवादी पार्टी ने भी हैं।

## कविता

### पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से लाल

भगत सिंह, सुखदेव क्यों, खो बैठे पहचान।
पूछ रही माँ भारती, तुम से हिंदुस्तान।।
भगत सिंह, आजाद ने, फूंका था शंख नाद।
आजादी जिनसे मिले, रखो हमेशा याद।।
बोलो सौरभ क्यों नहीं, हो भारत लाचार।
भगत सिंह कोई नहीं, बनने को तैयार।।
भगत सिंह, आजाद से, हो जन्मे जब वीर।
रक्षा करते देश की, डिगे न उनका धीर।।
मरते दम तक हम करे, एक यही फरियाद।
भगत सिंह भूले नहीं, याद रहे आजाद।।
मिट गया जो देश पर, करी जवानी वार।
देशभक्त उस भगत को, नमन करे संसार।।
भारत माता के हुआ, मन में आज मलाल।
पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से लाल।।
तड़प उठे धरती, गगन, रोए सारे देव।
जब फांसी पर थे चढ़े, भगत सिंह, सुखदेव।।
भगत सिंह, आजाद हो, या हो वीर अनाम।
करें समर्पित हम उन्हे, सौरभ प्रथम प्रणाम।।

-डॉ. सत्यवान

# न्यूट्रिएंट्स के भंडार हैं मोटे अनाज!

**भारत** के प्रस्ताव के आधार पर, यूएनजीए द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आईवाईएम) के रूप में घोषित किया गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि 5 मार्च 2021 को भारत के प्रस्ताव पर 72 देशों की स्वीकृति के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी।हाल ही में 18 मार्च शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर के सुब्रमण्यम हॉल में मोटे अनाज यानि कि श्रीअन्न पर दो दिन तक चले वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन किया। 19 मार्च को यह सम्मेलन समाप्त हो गया। भारत के मोटा अनाज मिशन से ढाई करोड़ लघु एवं सीमांत किसानों को लाभ होगा। पीएम मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में मिलेट्स को अब श्री अन्न की पहचान दी गई है, यह सिर्फ खेती और खाने तक ही सीमित नहीं है, श्री अन्न भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बन रहा है। इसमें गांव और गरीब भी जुड़ा है। मिलेट्स अब लोगों के लिए रोजगार का जरिया भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज 2.5 करोड़ किसान सीधे तौर पर मिलेट्स से जुड़े हैं, श्री अन्न के लिए हमारा मिशन इन सभी किसानों और उनसे जुड़ी तंत्र को फायदा पहुंचाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। वास्तव में, मोटा अनाज प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में और रसायनों एवं उर्वरकों का इस्तेमाल किए बिना आसानी से उगाया जा सकता है। आज मोटा अनाज वर्ष को सफल बनाने के लिए केंद्र सरकार बहुत सी योजनाएं लेकर आई है।आज राशन प्रणाली के तहत आमजन में मोटे अनाजों के वितरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। यहाँ तक कि आंगनबाड़ी और मध्यान्ह भोजन योजना(मिड-डे मील) में भी मोटे अनाजों को शामिल कर लिया गया है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी रेडियो पर मन की बात कार्यक्रमों में मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का उल्लेख करते रहते हैं। आज फास्टफूड का जमाना है। लोग फास्ट फूड का सेवन करके आज तरह तरह के बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हृदय रोग, उच्चरक्तचाप , डाइबटीज , कैंसर, लीवर, किडनी से संबंधित बीमारियां, एलर्जी जैसी अनेक गंभीर बीमारियां आज लोगों को होने लगी है। इसलिए अब लोगो को आज जरूरत है कि वे मोटे अनाज का सेवन करें। एक समय था जब भारत के हरेक गांव-घरों की हरेक थाली में केवल ज्वार, बाजरा, रागी, चीना, कोदो, सांवा, कुटकी, कुट्टू और चौलाई से बने हुए व्यंजन ही हुआ करते थे लेकिन फिर समय बदलता गया और आज स्थिति यह हो गयी है कि लोग इन अनाजों का महत्व तो दूर इनका नाम तक भी भूल गए हैं। आज के आधुनिक वातावरण में जब घरों में बड़े बुजुर्ग इन अनाजों का नाम लेते हैं या नई पीढ़ी को इनका महत्व बताते हैं तो युवा पीढ़ी इनके महत्व को मानने से इंकार तक करती है। वास्तव में, मोटा अनाज वर्ष के माध्यम से युवा पीढ़ी भी इन अनाजों का वैज्ञानिक महत्व समझ सकेगी और इनकी महत्व व महत्ता को स्वीकार कर सकेंगे। आज हमारी जीवनशैली में आमूल चूल परिवर्तन आ गए हैं। हमारा रहन-सहन बदल गया है। यहाँ तक कि हमारे खानपान में आमूल चूल परिवर्तन आए हैं।

## विचार

# नवरात्र को बनाएं गर्व पर्व

**डॉ० घनश्याम बादल**

**हर** वर्ष नवरात्रों में कन्याओं का पूजन किया जाता है उन्हें भोजन कराया जाताहै , उनमें देवी के दर्शन किये जाते हैं , अच्छा लगता है नारी को सदियों तक पूजने वाले देश में यह देखकर । पर , सच क्या है यह भी छुपा नहीं है किसी से । नौ दिन का सम्मान, पूजन, खिलाना पिलाना एक तरफ और रोज की दुत्कार, उपेक्षा , दमन , गर्भ में मार देने की प्रवृत्ति एक तरफ , यही है आज का सच ।

**बेटियों को तरजीह दें:** खुद को आधुनिक, प्रगतिवादी, उदार व नई सोच का सिद्ध करने वाले देश में जब यथार्थ देखते हैं तो समाजिक सोच को उसी गहरे गर्त में पाते हैं जहां पाषाण काल में थी। पुरुषवादी सोच हमें छोड़ने को तैयार नहीं हैं मगर आधुनिकता का मास्क लगाए घूमना हमें खूब आता हैं। भले ही नजीर कुछ भी दें, कानून में भी लिंग भेद की कोई जगह नहीं हैं पर जब अपने घर की बात आती है तो जायज नाजायज सब भूल कर बेटे को बेटी पर तरजीह देने में न कोई हिचक न शर्म आती है । बेटे - बेटी का भेद सारे प्रयासों के बाद भी आधे से ज्यादा भारत में है , गांव ही नहीं शहर भी इस भेद भाव से ग्रस्त हैं । नवरात्र तब सार्थक होंगे जब भेदभाव की यह खाई पटेगी ।

**कन्याओं को सम्मान दें :** आज भी अपनी मर्जी का जीवनसाथी चुनने का अधिकार लड़कियों को देने को हम कतई तैयार नहीं हैं, और यदि वह अपना यह अधिकार लेने की जुर्रत करती है तो उसके हिस्से में आती है जिल्लत या मौत । जाति ,गौत्र , वर्ग, सम्प्रदाय या हैसियत के बहाने से लड़की को दबाने का कोई मौका हम हाथ से नहीं जाने देते हैं । तथाकथित सम्मान के कम होने मात्र की आशंका से ही से पूजनीय कन्या को मौत के आगोश में सुला देते हैं हम । अगर सचमुच नवरात्र सार्थक करने हैं तो अपने घर परिवार की कन्याओं को आजादी बाहर की कन्याओं को सम्मान दें ।

**कन्याओं को बल दें :** एक नजर युवा दुनिया की हालत पर डालें तो दिल दहलाने वाला परिदृश्य दिखता है । बढ़ते अनाचार और टूटती बिखरती मयार्दाओं की सबसे ज्यादा मार लड़की पर ही पड़ती है, उसके उत्थान व प्रगति का श्रेय संस्थाएं, व्यक्ति, सरकार और समाज लेते हैं पर आज भी लड़की को कभी दैहिक तो कभी मानसिक संत्रास से गुजरने को बाध्य करते हैं । बचपन से जवान होने तक एक डर में ही जीने को विवश है कन्या । यदि कन्याएं सबल नहीं होंगी तो नवरात्र भी सफल नहीं हो सकते।

**सुरक्षा प्रदान करें :** बेशक बेटियों ने नए से नए क्षितिज छुए हैं , पर कई मुकामों पर वह आज भी वहीं खड़ी है जहां वह आज से ७५ साल पहले खड़ी थी। पढ़ी लिखी लड़कियों ने बहुत कुछ पाया है तो ऐसा बहुत कुछ गंवाया भी है जो उसके लिये कहीं ज्यादा जरुरी था । अपने अधिकारों की कीमत लड़कियों को चुकानी पड़ी है। सहज विश्वास भी नहीं होता कि हम उसी भारतीय समाज में रह रहे हैं जिसमें लड़कियों की बेहद इज्जत करने की समृद्ध परंपरा रही है व जहां पर रिश्तों की ऐसी संस्कृति रही है जिसमें बेटी ही नहीं वरन् अपने आस पास की लड़कियों की भी पूजा की जाती रही है । पर , आज तो लड़कियां बाहर तो क्या अपने ही घर में भी सुरक्षित रह गई हैं लड़कियों की सुरक्षा आज के समय की मांग है ।

**कमाई पर हक हो :** हम यह तो चाहते हैं कि वह कमाएं पर शर्त यह कि उसका , हर निर्णय हम ही तय करें ,समान कार्य करने पर भी पुरुष के मुकाबले कम वेतन दिया जाता हैं, कार्य स्थलों पर उसके यौन शोषण की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं । लगभग 60 प्रतिशत संस्थानों में उसे अपने ही सहकर्मियों की छींटाकशी का शिकार होना पड़ रहा है । बाहर ही क्यों घर की चारदीवारी में भी लड़की शोषण की शिकार बनती है। अगर सचमुच आप कन्याओं के कद्रदान हैं तो उन्हें उनकी कमाई पर पूरा हक भी दें ।

**सकारात्मक सोच बनाएं :** बलात्कार, शोषण, दहेज, हत्या, असुरक्षा, बदनामी, छेड़खानी, अपमान का भय बेटियो के पंख कतरने को काफी है । गर्भ में ही उसकी भ्रूण हत्या कर देने जैसे कृत्य के चलते बालक - बालिका अनुपात बुरी तरह गड़बड़ा गया है । 1000 पुरुषों पर महज 841 बालिकाओं का आंकड़ा डराता है पर व्यक्तिगत स्वार्थों,व दकियानुसी समाज के चलते बदस्तूर बालिकाओं की भ्रूण हत्या जारी है बिना ये सोचे कि यदि यह चलता रहा तो कहां जाएगें वें 160 लड़के जिन्हे आने वाले समय में दुल्हन या तो मिलेगी ही नहीं या फिर एक बार फिर से बहुपत्नी प्रथा वापस खड़ी दिखेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# लास्ट रिचुवल्स एट योवर डोर स्टेप

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैंने** बाजार में कुछ अजीबोगरीब दुकानें देखीं। जिस तरह साग-सब्जी की दुकानों पर तरकारी के भाव लटके होते हैं ठीक उसी तरह उन दुकानों पर अंतिम क्रियाओं के कीमतें लटकी हुई थीं। उसमें भी एक से बढ़कर एक वैरायटी दी गई थी। मैं इसके बारे में पता लगाने के लिए एक दुकान पर गया जिसका नाम था लास्ट रिचुवल्स एट योवर डोर स्टेप। मैं दुकान के मालिक से मिला। वह कहने लगा- वैरायटी की कैटगरी कीमतों पर निर्भर होती हैं। इसमें तीन तरह की कैटगरी होती हैं। इनका विभाजन सस्ते से महँगे के क्रम में कुछ इस प्रकार है। थर्ड कैटगरी में मरने वाले के क्रियाकर्म का सामान, अंतिम यात्रा की तैयारी सब कुछ शामिल होगा। बशर्ते अंतिम दर्शन के लिए आने वालों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होगी। उन्हें नीचे ही बैठना होगा। बीच-बीच में चाय-पानी की व्यवस्था की जाएगी। घी के बदले मिट्टी का तेल इस्तेमाल किया जाएगा। लकड़ी चंदन की नहीं बबूल की होगी। हमारी ओर से रोने वाले केवल बीस लोग आयेंगे। इनके रोने के लिए ग्लिसरीन का खर्चा एक्स्ट्रा लगेगा। इन्हें समय-समय पर कूल ड्रिंक और वडापाव, भेलपूरी खिलाना होगा। इसका भी एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा। थर्ड कैटगरी के बारे में सुनकर कान खड़े हो गए। अगर यह थर्ड कैटगरी का हाल है तो दूसरी और पहली कैटगरी का क्या हाल होगा? फिर भी हिम्मत करके दूसरी और पहली कैटगरी के बारे में पूछ ही लिया। यदि मैं नहीं भी पूछता तब भी वह बताने के लिए उत्सुक था। उसे देखकर मुझे सामान्य ज्ञान का वह कथन गलत लगा जिसमें बताया गया था कि गिद्ध लुप्त होते जा रहे हैं। उसने आगे कहा - दूसरी कैटगरी में मरने वाले के क्रियाकर्म का सामान, अंतिम यात्रा की तैयारी के साथ नामी गिरामी बाबा के साथ दस-पंद्रह सुंदर बालाएँ माहौल को आध्यात्मिक, सौंदर्यात्मक और ध्वन्यात्मक बनाएँगी। इसमें सब कुछ शामिल होगा। बशर्ते अंतिम दर्शन के लिए आने वालों के लिए के लिए केवल प्लास्टिक कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। बीच-बीच में बादाम मिल्क की व्यवस्था की जाएगी। शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जाएगा।

# भूजल की कमी


**रवि रंजन**

**जल** संसाधन पर संसदीय स्थायी समिति ने हाल ही में "भूजलः एक मूल्यवान लेकिन घटता संसाधन" रिपोर्ट पेश की । जिसमें पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना और तमिलनाडु जैसे राज्य पूरी तरह से मुफ्त बिजली प्रदान करते हैं , जबकि अन्य राज्यों में टोकन शुल्क के संग्रह का प्रावधान है। यह देखते हुए कि भूजल के अत्यधिक दोहन का प्राथमिक कारण पानी की खपत करने वाले धान और गन्ने की फसलों की व्यापक खेती है , जिन्हें "भारी प्रोत्साहन" दिया जाता है, एक संसदीय स्थायी समिति ने कहा है कि बिजली के पंपों के उपयोग को और अधिक हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। समिति ने बिजली आपूर्ति के लिए प्रीपेड कार्ड जैसे उपायों को शुरू करने और दिन में कुछ घंटों के लिए बिजली आपूर्ति को सीमित करने का सुझाव दिया है। समिति ने सरकार से कृषि में भूजल पर निर्भरता कम करने के लिए कृषि में गोद लेने के लिए "एकीकृत उपाय" तैयार करने के लिए भी कहा है। समिति ने सिफारिश की है कि जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग को पहल करनी चाहिए और राज्य सरकारों के साथ-साथ बिजली मंत्रालय और कृषि और किसान कल्याण विभाग दोनों को सुझाए गए उपायों पर उपाय करने का आग्रह करना चाहिए। बिजली एक समवर्ती विषय है और एसईआरसी विद्युत अधिनियम, 2003 के मौजूदा प्रावधानों के तहत उपभोक्ताओं को बिजली की खुदरा आपूर्ति के लिए बिजली शुल्क निर्धारित करते हैं इसलिए, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग और कृषि और किसान कल्याण विभाग दोनों ने " कृषि में दी जाने वाली बिजली के लिए सब्सिडी कम करने/बंद करने के लिए राज्यों को राजी करने में असमर्थता व्यक्त की है। सिंचाई की जरूरतों को पूरा करने के लिए भूजल का निष्कर्षण मुख्य रूप से उत्तरी राज्यों में प्रचलित है , विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में, जो इस उद्देश्य के लिए क्रमशः 97%, 90% और 86% भूजल निकाल रहे हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्य भी सिंचाई के लिए भूजल के महत्वपूर्ण उपयोगकर्ता हैं।

# 'पीएम पढ़े-लिखे होते तो नोटबंदी नहीं करते'

## उन्हें नींद नहीं आती, इसलिए गुस्से में रहते हैं, उन्होंने 60 हजार सरकारी स्कूल बंद किए: सीएम अरविंद केजरीवाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि अगर देश के प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे होते तो नोटबंदी नहीं होती। उन्हें नींद नहीं आती, इसलिए गुस्से में रहते हैं। केजरीवाल दिल्ली में जंतर-मंतर पर सभा को संबोधित कर रहे थे। यह सभा पीएम के खिलाफ पोस्टर लगाने पर हुई कार्रवाई के विरोध में थी।

**पीएम पढ़े-लिखे होते तो मुझसे सिसोदिया को अपने लिए मांगते, जेल नहीं भेजते:** केजरीवाल केजरीवाल ने लोगों से पूछा- क्या कम पढ़े-लिखे पीएम देश का निर्माण कर सकते हैं? अगर वे पढ़े-लिखे होते तो कहते कि केजरीवाल मुझे मनीष सिसोदिया दे दो, लेकिन उन्होंने तो सिसोदिया को जेल में डाल दिया। पीएम मोदी ने दावा किया था कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म होगा, लेकिन नहीं हुआ। इस वजह से देश की अर्थव्यवस्था 10 साल पीछे चली गई। आज पीएम पढ़े लिखे होते तो जीएसटी सही से लागू होता। लोग जानते ही नहीं है कि जीएसटी होता क्या है। पीएम ने 60 हजार सरकारी स्कूल बंद किए। अगर वे पढ़े लिखे होते तो शिक्षा की कीमत पता चलती। केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया के घर रेड का एक पैसा नहीं मिला, लेकिन वे अब तक जेल में हैं। सत्येंद्र जैन के घर रेड का एक पैसा नहीं मिला, लेकिन वे भी अब तक जेल में है। अडाणी के ऊपर इतने आरोप लगे, लेकिन सरकार ने एक जांच नहीं की।

**पीएम निशाने पर**

= क्या कम पढ़े-लिखे पीएम देश का निर्माण कर सकते हैं। अगर वे पढ़े-लिखे होते तो कहते कि सिसोदिया दे दो: केजरीवाल

### पीएम बिना पढ़े ही फाइल साइन कर देते हैं: भगवंत मान

**पंजाब** के सीएम भगवंत मान ने कहा- पीएम के पास अफसर फाइल लेकर आता है कि आधी रात को लोकसभा बुलाकर नोटबंदी लागू कर दो। पीएमट बिना पढ़े फाइल साइन कर देते हैं। देश को बेचने वाले ही देश की चादर पकड़ कर खड़े हैं और चोर जनता के बीच में से ढूंढ रहे हैं। इनसे देश की चादर छीन लो, फिर देखना इंसाफ कैसे होता है, एक-एक पैसे का हिसाब लेंगे। मान ने कहा कि एक आदमी है जो बचपन में रेल के डिब्बों में चाय बेचता था, जब बड़ा हुआ तो रेल के डिब्बे बेच दिए। पंजाब सीएम ने कहा कि हमसे आने वाली पीढ़ियां पूछेंगी कि जब देश बिक रहा था तो आप क्या कर रहे थे? हम आंख में आंख डालकर बोलेंगे कि आवाज तो हमने उठाई थी। मान ने कहा- भगत सिंह जी को चिंता थी कि आजादी के बाद देश किन हाथों में जाएगा। आज उनकी चिंता सही साबित हुई है, 75 साल बाद भी गलियां, सड़कें, नालियां वहीं रुके हुए हैं। वहीं पीएम को लगता है कि जबसे उन्होंने शपथ ली है तबसे देश आजाद हुआ है। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि अंग्रेजों के राज में भी पोस्टर लगाने पर 136 एफआईआर नहीं हुई थीं। कल पोस्टर लगाने पर एफआईआर हुई थी।

# दो गुटों के झगड़े में दुष्कर्म के दोषी की पीट-पीटकर हत्या




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में गुरुवार सुबह एक शख्स का शव मिलने से सनसनी मच गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि एक शख्स के सिर पर चोटें हैं और उसके साथ अन्य तीन लोग हैं जो घायल अवस्था में वहां पड़े हैं। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरों ने एक शख्स को मृत घोषित कर दिया और अन्य तीन का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान मो. रजा के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान विजय उर्फ रहीम, सुंदर लाल और रफीक के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 302/307/34 के तहत एफआईआर दर्ज की है और साथ ही मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों की भी गिरफ्तारी भी की है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि यह वारदात दो गुटों के बीच हुए झगड़े का परिणाम है। मृतक, घायल और गिरफ्तार सभी कूड़ा बिनने का काम करते हैं और यह सभी ड्रग्स के आदि हैं। बताया जा रहा है कि मृतक एक दुष्कर्म के मामले में दोषी था और वह पैरोल पर बाहर था।

**जांच जारी**

= पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरों ने एक शख्स को मृत घोषित कर दिया और अन्य तीन का इलाज चल रहा है



भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पीएम मोदी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

# रोहिणी इलाके में तीन मंजिला मकान जमींदोज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-16 में बीती देर रात एक तीन मंजिला मकान जमींदोज हो गया। हालांकि गनीमत यह रही कि यह मकान खाली पड़ा था। इसकी वजह से अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने गुरुवार को बताया कि बीती रात 1.45 बजे सूचना मिली थी कि रोहिणी के सेक्टर 16 स्थित एक घर में आग लग गई है। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया। घटना स्थल पर पहुंचने पर पता चला कि तीन मंजिला मकान गिर गया है। मकान काफी पुराना था।

# वीरेंद्र सचदेवा के हाथ में ही रहेगी दिल्ली बीजेपी की कमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भाजपा नेतृत्व ने ढाई माह से ज्यादा इंतजार के बाद दिल्ली प्रदेश के स्थायी अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा पर विश्वास जताते हुए उन्हें स्थायी अध्यक्ष बनाया है। नगर निगम चुनाव में हार के बाद आदेश गुप्ता के इस्तीफा देने पर इन्हें अस्थायी अध्यक्ष बनाया गया था।




**पंजाबी मतदाताओं को साधने की कोशिश:** इनके नेतृत्व में पार्टी आबकारी घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को घेराबंदी करने में सफल रही। पार्टी द्वारा लगातार दबाव बनाने के परिणामस्वरूप मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन को इस्तीफा देना पड़ा। अब पार्टी मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। इन्हें अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने पंजाबी मतदाताओं को भी साधने की कोशिश की है।

**आदेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद बने थे कार्यकारी अध्यक्ष:** आदेश गुप्ता की टीम में सचदेवा उपाध्यक्ष बनाए गए थे। साथ ही बूथ प्रबंधन से जुड़े काम में राष्ट्रीय टीम में भी सहयोगी की भूमिका निभा रहे थे। निगम चुनाव में हार के कारण गुप्ता को अपना पद छोड़ना पड़ा और पार्टी ने सचदेवा पर विश्वास जताया। उसके बाद से ही स्थायी अध्यक्ष को लेकर कयास लगने लगे थे। इनके सामने निगम चुनाव में पराजय से निराश नेताओं व कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठनात्मक गतिविधियों के आगे बढ़ाने की चुनौती थी जिससे कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को धार मिल सके। इसमें वह बहुत हद तक सफल रहे। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ता आबकारी घोटाले को लेकर आक्रामक तरीके से आप सरकार को घेर रही है। सिसोदिया के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने जंतर मंतर, आप कार्यालय के बाहर, मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया। उप मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे को पार्टी अपनी जीत के रूप में प्रचारित करते हुए आंदोलन को और तेज कर दिया है।

# विजेंद्र ने निलंबित करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर उन्हें अगले बजट सत्र तक एक वर्ष के लिए सदन की बैठकों में भाग लेने से निलंबित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। दरअसल, भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित करके अगले बजट सत्र तक एक वर्ष के लिए सदन की बैठकों में भाग लेने से निलंबित कर दिया गया है।

# तीन लाख का इनामी वांटेड गैंगस्टर बॉक्सर विदेश भागा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

जेल से बाहर चल रहा दिल्ली, एनसीआर व हरियाणा का मोस्ट वांटेड गैंगस्टर दीपक पहल उर्फ पहलवान उर्फ बॉक्सर विदेश भागने में कामयाब हो गया है। वह फर्जी पासपोर्ट से मैक्सिको पहुंच गया है। इसे देश की सुरक्षा एजेंसियों की भारी चूक मानी जा रही है। माना जा रहा है कि बॉक्सर मैक्सिको में बैठकर भारत में उगाही के धंधे में लगा हुआ है। यह भी कहा जा रहा है कि लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ का उसे विदेश भगाने में हाथ है। सोनीपत के गन्नौर निवासी जूनियर नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट रहा बॉक्सर पर तीन लाख का इनाम है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि दीपक पहल उर्फ बॉक्सर ही एकमात्र ऐसा गैंगस्टर था जो जेल से बाहर था। बाकी टॉप मोस्ट वांटेड की सूची में शुमार सभी गैंगस्टर जेल में हैं। अधिकारी ने बताया कि दीपक बरेली, यूपी से रवि कुमार के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाया है। इसके बाद वह जनवरी की शुरुआत में विदेश भागने में कामयाब हो गया। उसने कोलकाता से फ्लाइट पकड़ी थी। बताया जा रहा है कि उसके साथ कुछ और लोग गए थे। गृहमंत्रालय के अधिकारी का कहना है कि इस मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। रोहिणी कोर्ट में विरोधी गिरोह के सदस्यों ने गोगी गिरोह के सरगना जितेंद्र गोगी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। इसके बाद बॉक्सर गिरोह की कमान संभाल रहा था।

**सुरक्षा एजेंसियां फेल**

= माना जा रहा है कि बॉक्सर मैक्सिको में बैठकर भारत में उगाही के धंधे में लगा हुआ है




# राहुल गांधी के समर्थन पर उतरे सीएम केजरीवाल




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कोर्ट से मिली सजा पर कहा है कि गैर भाजपा नेताओं और पार्टियों पर मुकदमे करके उन्हें खत्म करने की साजिश हो रही है।

केजरीवाल ने कहा कि हमारे कांग्रेस से मतभेद हैं मगर राहुल गांधी जी को इस तरह मानहानि मुकदमे में फंसाना ठीक नहीं। जनता और विपक्ष का काम है सवाल पूछना। हम अदालत का सम्मान करते हैं पर इस निर्णय से असहमत हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान राहुल गांधी ने मोदी सरनेम खिलाफ टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कैसे सभी चोरों का सरनेम मोदी है? इस टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि इस टिप्पणी के जरिए पूरे मोदी समुदाय को बदनाम किया गया। बयान कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान दिया गया था।

**आप का हाथ कांग्रेस के साथ!': बीजेपी:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आप का हाथ कांग्रेस के साथ!

**मिला साथ**

= गैर भाजपा नेताओं और पार्टियों पर मुकदमे करके उन्हें खत्म करने की हो रही साजिश: केजरीवाल

# इंस्पेक्टर समेत तीन लोग घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कोर्ट के आदेश के बाद भी जब्त की गई टैक्सी छोड़ने के बदले घूंस मांग रहे परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर समेत तीन लोगों को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव दौलताबाद निवासी इंस्पेक्टर वेदपाल, गुरुग्राम, हरियाणा निवासी उमेश और नांगलोई निवासी सिविल डिफेंस वालंटियर आदित्य कुमार के रूप में हुई है। आरोपी एक टैक्सी चालक से गाड़ी छोड़ने के बदले एक हजार रुपये मांग रहे थे। चालक की शिकायत पर एसीबी ने कार्रवाई कर तीनों को गिरफ्तार किया है।



संयुक्त आयुक्त व एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा ने बताया कि बुधवार को उनकी टीम को एक टैक्सी चालक ने परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा घूंस मांगने की शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि सोमवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने उसकी स्विफ्ट डिजायर टैक्सी का चालान कर दिया था। चालान के बाद उसकी टैक्सी को भी जब्त कर लिया गया। पीड़ित ने कोर्ट में चार हजार रुपये का जुर्माना भुगतने के बाद गाड़ी छुड़वाने के आदेश प्राप्त कर लिए। इसके बाद वह द्वारका सेक्टर-22 स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के दफ्तर पहुंचा। वहां पहले उससे तीन हजार रुपये की मांग की गई। मामले की शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने एक टीम का गठन किया। गवाह के साथ पीड़ित को द्वारका भेजा गया। वहां पहुंचकर चालक ने इंस्पेक्टर वेदपाल से गाड़ी छोड़ने के लिए कहा तो उसने उनसे एक हजार रुपये घूंस बराबर वाले कमरे में जाकर देने के लिए कहा।

**अरेस्ट**

= आरोपी एक टैक्सी चालक से गाड़ी छोड़ने के बदले एक हजार रुपये मांग रहे थे। चालक की शिकायत पर एसीबी ने कार्रवाई की

# शराब घोटाले में आप सचिव से ईडी की पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के कथित आबकारी नीति के मामले में आदमी पार्टी की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। एक के बाद एक आम आदमी पार्टी के नेताओं पर जांच एजेंसी का शिकंजा कसता जा रहा है। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ने आप के संयुक्त सचिव महेंद्र चौधरी से पूछताछ की। ईडी के समन मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के संयुक्त सचिव महेंद्र चौधरी गुरुवार को जांच में शामिल हुए। इससे पहले ईडी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और हैदराबाद के व्यवसायी अरुण पिल्लई से पूछताछ की थी। सूत्रों ने कहा कि कविता, सिसोदिया और पिल्लई से पूछताछ के दौरान महेंद्र चौधरी का नाम सामने आया और इसलिए उन्हें जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया।

**शिकंजा**

= ईडी के समन मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के संयुक्त सचिव महेंद्र चौधरी गुरुवार को जांच में शामिल हुए

# चोरों ने लाखों के गहने, नकद व अन्य सामान उड़ाए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

जामिया नगर इलाके में चोरों ने एक युवक के घर में लाखों की चोरी को अंजाम दिया। मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आई है जिसमें चोर घर का सामान ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जामिया नगर इलाके में चोरों ने एक युवक के घर में लाखों की चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने घर से लाखों के सोने व चांदी के गहने, 35 हजार नकद, सात लैपटाप व दो मोबाइल फोन पार कर दिए। मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आई है, जिसमें चोर घर का सामान ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस मामला दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जामियानगर स्थित जोहरी फार्म के जाहिद अजीम पीएचडी के छात्र हैं और अपना कोचिंग सेंटर भी चलाते हैं। उनके साथ उनकी पत्नी व छोटे भाई भी रहते हैं। 20 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ कहीं गए हुए थे और उनका छोटा भाई भी लाइब्रेरी गया था।

**चोरी को अंजाम दिया**

= एक सीसीटीवी फुटेज सामने आई है जिसमें चोर घर का सामान ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है

# दिल्ली-एनसीआर के लिए बेहद खतरनाक है 'जलजला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर सहित पूरा उत्तर भारत मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। भारत में हर साल भूकंप के सैकड़ों झटके आते हैं। कुछ बेहद हल्के, कुछ मध्यम दर्जे के होते हैं। कुछ जमीन ज्यादा हिलाते हैं तो कुछ डरा देते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो ने पूरे देश को 5 भूकंप जोन में बांटा है। देश का 59 फीसदी हिस्सा भूकंप रिस्क जोन में है। 5वें जोन को सबसे ज्यादा खतरनाक और सक्रिय माना जाता है। धरती में कुल 7 प्लेट्स हैं और ये लगातार चलायमान रहती हैं। जहां प्लेट आपस में टकराती हैं, उन्हें फॉल्ट जोन कहा जाता है। प्लेट टकराने से निकलने वाली ऊर्जा से जो हलचल होती है वही भूकंप बन जाता है। अफ्रीकी, अंटार्कटिक, यूरेशियन, इंडो-ऑस्ट्रेलियाई,




उत्तरी अमेरिकी, प्रशांत और दक्षिण अमेरिकी सात प्रमुख प्लेटें हैं। टेक्टोनिक प्लेटें पृथ्वी की पपड़ी और ऊपरवाले मेंटल के विशाल टुकड़े हैं। ये समुद्री क्रस्ट और महाद्वीपीय क्रस्ट से बने हैं। भूकंप मध्य-महासागर की लकीरों और प्लेटों के किनारों को चिह्नित करने वाले बड़े दोषों के आसपास होते हैं। टेक्टोनिक प्लेटों की गति के कारण पृथ्वी गतिशील रहती है। टेक्टोनिक प्लेट्स मानचित्र से पता चलता है कि ज्वालामुखी और भूकंप कहां आए हैं। भूकंप का केंद्र सतह से जितना नजदीक होता है तबाही उतनी ज्यादा होती है।

**यह हैं संवेदनशील माने गए पांच जोन**

**जोन 5 :** यहां भूकंप का खतरा सबसे ज्यादा है। 5वें जोन में देश के कुल भूखंड का 11 फीसदी हिस्सा है। इसमें कश्मीर, पश्चिमी और मध्य हिमालय, उत्तर और मध्य बिहार, उत्तर-पूर्व, कच्छ का रण, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, असम, नागालैंड व मणिपुर हैं।

**भूकंप रिस्क जोन**

= पूरे देश को 5 भूकंप जोन में बांटा है। देश का 59 फीसदी हिस्सा भूकंप रिस्क जोन में है। 5वें जोन को सबसे ज्यादा खतरनाक और सक्रिय माना जाता है

**जोन 4 :** इसमें मुंबई, दिल्ली जैसे महानगर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश का बड़ा भाग, चंडीगढ़, उत्तरी पंजाब, उत्तराखंड का बड़ा हिस्सा, पश्चिमी-गुजरात, उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाके, महाराष्ट्र का लातूर-पाटन एरिया और बिहार-नेपाल सीमा के इलाके हैं। यहां रुक-रुक कर भूकंप आते रहते हैं। इसमें देश का करीब 18 फीसदी हिस्सा है। एक ही राज्य के अलग-अलग इलाके अलग जोन में हैं।

**जोन -3 और 2 :** यहां भूकंप का खतरा कम है। भूकंप आते भी हैं तो जान-माल का ज्यादा नुकसान नहीं होता। इसमें केरल, बिहार, पंजाब, महाराष्ट्र, पश्चिमी-राजस्थान, पूर्वी गुजरात, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से हैं। जोन 2 में तमिलनाडु, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और हरियाणा के कुछ हिस्से हैं। तीसरे और दूसरे जोन में देश का करीब 30-30 फीसदी हिस्सा आता है।

**जोन 1 :** भूकंप के लिहाज से यह सबसे सुरक्षित हिस्सा है। इसमें पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उड़ीसा के हिस्से हैं। यह कुल 11 फीसदी भूभाग है।

## न्यूज फ्लैश

### पन्ना स्तर तक संगठन खड़ा करेगी भाजपा : डॉ अर्चना



**पानीपत :** भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बडा राजनैतिक दल है |हम सभी को गर्व होना चाइये कि हम एक ऐसे राजनीतिक दल के कार्यकर्ता है जो राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करता है |हमे अपनी इस विचारधारा को प्रत्येक घर तक पहुचाने का काम करना है। यह शब्द भाजपा पानीपत की जिलाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने आयोजित बापौली मण्डल की शक्तिकेन्द्र प्रमुखों की बैठक में कही। डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि हम अभी कार्यकर्ताओ को जमीनी स्तर पर जुटकर काम करना होगा |सभी वर्गों के लोगो को पार्टी में जोड़े |विपक्ष के पास न कोई मुद्दा है न ही कोई विचारधारा |आज विपक्ष भी हमारी संगठन शक्ति व हमारी सरकार की जनकल्याण की योजनाओं की तारीफ करता है परंतु हमे रुकना नही है,हमे अपनी ताकत को ओर अधिक बढ़ाना है। हमे सबका साथ सबका विकास की नीति से काम करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज हम जिस मजबूती में है इसका पूरा श्रेय हमारे बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओ को जाता है |उन्होंने कहा कि सभी शक्तिकेन्द्र प्रमुख अपने अपने बूथों के पन्ना प्रमुखों की रचना कर उन्हें सत्यापित करे |पन्ना प्रमुख बनाते समय सामाजिक समीकरण का ध्यान भी रखे। हमे तकनीकी रूप से भी मजबूत होना होगा।

इस अवसर पर जिला विस्तारक उमेद सिंह,मण्डल अध्यक्ष पीताम्बर रावल,मण्डल महामंत्री जितेन्द्र मिजार्पुर व विनोद वर्मा प्रयास रावल,जितेंद्र वर्मा,प्रदीप रावल,बिट्टू प्रजापति, राहुल,कविता,रिंकु,पपु सरपंच, इल्म सिंह,जगदीश इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एबी इनबेव इंडिया ने जल सुरक्षा कार्यक्रम के विस्तार की घोषणा की

**सोनीपत।** एबी इनबेव इंडिया ने आज देश में अपने जल सुरक्षा कार्यक्रम के विस्तार की घोषणा की। यह वर्ष 2025 तक जल संरक्षण को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विस्तार कंपनी के अपने ऑपरेशन्स में स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

एबी इनबेव इंडिया द्वारा इस जल सुरक्षा कार्यक्रम का संचालन वर्तमान में तेलंगाना, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और कर्नाटक के प्रमुख जल संकट वाले जिलों में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लगभग तीन प्रमुख स्तंभों : जल संरक्षण, जल गुणवत्ता और जल पहुँच पर निर्मित है, जिसका उद्देश्य न सिर्फ कंपनी के जल पदचिह्न को कम करना, बल्कि जल की गुणवत्ता में सुधार करना और कमजोर समुदायों को स्वच्छ जल तक समान व आसान पहुँच प्रदान करना है।

एबी इनबेव इंडिया द्वारा अपने जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप, भारत में 15 मिलियन एचएल (12.5 मिलियन केएल) से अधिक की रिचार्ज क्षमता हासिल की गई है। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2025 तक इसमें दोगुनी बढ़त दर्ज करना है। जल सुरक्षा कार्यक्रम में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट-वॉटर ट्रीटमेंट व रीसाइक्लिंग, ग्राउंडवॉटर रिचार्ज और वॉटरशेड मैनेजमेंट सहित कई पहलें शामिल हैं। एबी इनबेव इंडिया जल के उपयोग को कम करने के साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करने के उद्देश्य के चलते टिकाऊ कृषि प्रथाओं को विकसित और प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय किसानों और समुदायों के साथ मिलकर कार्य करता है।

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, अश्विन काक, हेड-प्रोक्योरमेंट और सस्टेनेबिलिटी, भारत और दक्षिणपूर्व एशिया, एबी इनबेव, ने कहा, "जल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के साथ ही हमारे व्यवसायों और उन समुदायों के लिए भी एक महत्वपूर्ण संसाधन है, जहाँ हम काम करते हैं, क्योंकि व्यवसाय संचालन में पानी के उपयोग की महत्ता वर्षों से बरकरार है। हमारा जल सुरक्षा कार्यक्रम न सिर्फ भारत के राष्ट्रीय जल सुरक्षा लक्ष्यों में योगदान देता है, बल्कि टिकाऊ व्यवसाय प्रथाओं को बढ़ावा भी देता है। हम अपने समुदायों और आपूर्ति श्रृंखला में बढ़ती जल चुनौतियों के समाधान का हिस्सा बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

# पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक एवं महापौर निखिल मदान ने किया शहीदों को नमन

## देशवासियों पर स्वतंत्रता सेनानियों का बड़ा कर्ज : पूर्व सांसद एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह मलिक



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**वीरवार** को पूर्व सांसद एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह मलिक की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस भवन पर शहीदी दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी कांग्रेस जनों ने शहीद भगत सिंह,सुखदेव थापर,शिवाराम राजगुरु को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक ने कहा कि सभी देशवासियों पर शहीदों का बहुत बड़ा कर्ज है। लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इसी की बदौलत आज हम सब आजाद है इसलिए हमे सदैव उनका कृतज्ञ होना चाहिए। नगर निगम सोनीपत महापौर निखिल मदान ने जिला कांग्रेस भवन में सरदार भगत सिंह,सुखदेव थापर और शिवाराम राजगुरु को उनके बलिदान दिवस पर नमन किया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर बोलते हुए निखिल मदान ने कहा कि आज हम सब आजाद भारतवर्ष में साँस ले रहे हैं वो देश के स्वतन्त्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही सम्भव है। आज ही के दिन सरदार भगत सिंह एवं उनके साथियों ने हँसते हँसते देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूमकर अपने प्राण न्योछावर

**8 लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए**

कर दिए थे जो देश के इतिहास में सबसे बड़ा बलिदान है। आज देश के युवाओं को अपने असली नायकों के बारे में पता होना चाहिए और देश सेवा में उनके नक़्शे कदमों पर चलना चाहिए। निखिल मदान ने कहा की देश के सभी स्वतन्त्रता सेनानियों ने सदैव देश हित को आगे रखा और अपना जीवन देश पर कुर्बान कर दिया,आज देश के सभी नागरिकों को इसी रास्ते पर चलने की जरुरत है ताकि देश आगे बढ़ सके। इस दौरान डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, प्रेम अत्री, पार्षद नवीन तंवर,युवा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ललित पंवार, भले राम जांगड़ा,प्रेम नारायण गुप्ता,महिला जिला प्रधान नीलाम बाल्यान,पूर्व पार्षद बिन्नी भारद्वाज,राकेश नरवाल,फकीर चंद,सुरेश भारद्वाज,प्रशांत शर्मा,एडवोकेट ,राजेश दहिया,हरेंद्र सैनी,हरेंद्र राठी, कर्मवीर सरोहा,नीटू मलिक,संदीप मलिक,हेमंत सरोहा,दिनेश हुड्डा,कुलवंत राणा, हरि प्रकाश मंडल,संजीत अंतिल, रणदीप दहिया,जितेंद्र,सोनू सूद,देवेंद्र बूरा,महावीर, प्रवीण,प्रेमवती, हरेंद्र मंडल,कृष्णा आदि लोग मौजूद रहे।

## 'देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं पर'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**नेहरू** युवा केंद्र द्वारा भारत के जी-20 की अध्यक्षता के दृष्टिगत जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ होते हैं। इसलिए युवाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया ने शिरकत की। कार्यक्रम में संवाद के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां जी-20, इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलटस एवं मिशन लाइफ में भारत की भूमिका पर युवाओं ने प्रकाश डाला।

## शहीदी दिवस पर चाईल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**गन्नौर-** शाहपुर मार्ग पर शेखपुरा मोड़ के पास स्थित चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में शहीदी दिवस के उपलक्ष में शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को पुष्प द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए इन तीनों शहीदों के बलिदान के बारे में बताया यादव ने कहा कि जिन सपूतों ने अपने देश की खातिर प्राणों की आहुति दे दी। उनके दिखाए मार्गों पर चलना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। अगर स्वतंत्रता सेनानियों के दिखाए पथ पर चलेंगे तो देश प्रगति करेगा। वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं। प्रधानाध्यापक अक्षिधा आहूजा ने बच्चों को को देश भक्ति के प्रति प्रेरित किया । मंच संचालन मोनिका धनखड़ ने किया। शिक्षका मंजू कौशिक ने बच्चों को हिंदू नव वर्ष और हिंदू तिथि के बारे में अवगत कराया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शादी के बंधन में बंधे 39 जोड़े

**मथुरा:** उत्तरप्रदेश की योगी सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला समाज कल्याण विभाग, मथुरा द्वारा गोवर्धन ब्लॉक परिसर में गुरुवार को सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। समारोह में गोवर्धन ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के कुल 39 नवदम्पत्ति विवाह के बंधन में बंधे। इससे पूर्व समारोह में शिरकत करने पहुंचे मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ठा. मेघश्याम सिंह का स्वागत खंड विकास अधिकारी गोवर्धन ने दुपट्टा व माला पहनाकर किया। विधायक ने सभी नवदम्पत्तियों को विवाह सूत्र में बंधने की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही गरीब कन्याओं की शादी कराने हेतु शानदार आयोजन के लिए यूपी सरकार का आभार प्रकट किया।

## भाविप व अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर ईकाई ने संयुक्त रूप से किया हवन-यज्ञ



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**भारत** विकास परिषद गन्नौर शाखा एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सनातन धर्म मंदिर बड़ा निकट गौशाला में भारतीय नववर्ष आगमन पर हवन यज्ञ कर हिंदू नव वर्ष मनाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डा. दीपचंद गर्ग के सानिध्य में आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में भाविप हरियाणा मध्य प्रांत उपाध्यक्ष संस्कार योगेश कौशिक एवं निशा कौशिक, शाखा सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी एडवोकेट, नेहा त्यागी गन्नौर शाखा के उपाध्यक्ष सेवा संदीप सिंघल, काजल सिंगल, राजेंद्र गुप्ता ,अलका गुप्ता ने आहुति डाली। डा. गर्ग ने कहा कि भारतीय नववर्ष का वैज्ञानिक तथा पौराणिक महत्व है। हिन्दू नव वर्ष की शुरूआत के दिन चैत्र का महीने होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी और कोषा अध्यक्ष अमित जिंदल,महिला संयोजिका मनीषा जैन को ,उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक उपाध्यक्ष संपर्क ,राजकुमार अग्रवाल , उपाध्यक्ष संदीप सिंघल ,शुभकामना संदेश संयोजिका एडवोकेट नेहा त्यागी, महिला सह संयोजिका काजल सिंघल ,समूह गान संयोजिका डा.आभा गर्ग और सांस्कृतिक माह सह संयोजिका दीपिका जिंदल, कौशल गुप्ता ,विकास पाहुजा ,निशी पाहुजा ,नितिन जिंदल ,प्रिया जिंदल ,विनोद जिंदल ,राजेंद्र गुप्ता ,कौशल गुप्ता,संदीप जैन उपस्थित थे।

# विधायक की मां की अंतिम यात्रा में शामिल हुए हलकेवासी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**विधायक** निर्मल चौधरी की मां ओमपति 78 वर्षीय का वीरवार को बीमारी के कारण निधन हो गया। गत दो दिन से उनकी मां ओमपति को बीपी की शिकायत थी। वीरवार को करीब 11 बजे उनका निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में विभिन्न पार्टी के नेताओं, विधायकों व गन्नौर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो, विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सोनीपत से आए आचार्य सत्यम ने मंत्रोच्चारण कर दाह संस्कार करवाया। विधायक की मां की अंतिम शव यात्रा में सोनीपत के विधायक सुरेन्द्र पवार, विधायक जगबीर मलिक, सांसद के भाई देवेन्द्र कौशिक, राजेन्द्र कौशिक, मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन देवेन्द्र कादियान, नपा चेयरमैन अरूण त्यागी,वाईस चेयरमैन दिनेश अधलखा, पूर्व नपा चेयरमैन ईश्वर कश्यप, भगवान सहाय मल्होत्रा, विद्याभूषण हसीजा, भोपाल रापरिया, पूर्व कांग्रेस हलका प्रधान रामफल सैनी, सुरेन्द्र मोहन शर्मा, बार प्रधान गन्नौर गौरव त्यागी, एडवोकेट अनुपम, प्रवीन कौशिक एडवोकेट, प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक अमित बत्रा, मोहन शर्मा, व्यापार मंडल के प्रधान शेखर जैन, आढ़ती महाबीर चिरस्मी, रोहताश छिक्कारा, फूडग्रेन एसोसिएशन प्रधान राजेश जैन, अनिल कौशिक सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि स्वर्गीय ओमपति की सादगी के कारण उन्हें हमेशा जाना जाएगा। उन्होंने समाजसेवा के रूप में गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद भी की। भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि स्वर्गीय ओमपति बहुत सरल स्वभाव की थी। समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि स्वर्गीय ओमपति देवी के दिखाए मार्ग का हमें अनुसरण करना चाहिए।

## 'देश के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण किए थे न्यौछावर'



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**सिंघाना** रोड स्थित जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शहीदी दिवस मनाया गया। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने कहा कि देश की आजादी के लिए दिए गए महान शहीदों के बलिदान को याद करने के लिए हर साल शहीदी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर देश के गौरव, शान और आजादी के लिए लड? वाले भगत सिंह और उनके साथी राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जाती है। शहीद दिवस देश के लिए बहुत खास और भावुक दिन होता है। 23 मार्च को भारत के सपूतों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने देश के लिए हंसते-हंसते फांसी की सजा को गले लगा लिया था। उनकी शहादत को देश का हर नागरिक सच्चे दिल से सलाम करता है। 23 मार्च को तीन स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को अंग्रेजों ने फांसी पर चढ़ा दिया था। कम उम्र में इन वीरों ने देश के आजादी की लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहुति के रूप में सर्वोच्च बलिदान दिया। वह हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। उनकी क्रांति और जोश आज युवाओं की रगों में बहता है। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए उन्होंने पब्लिक सेफ्टी और ट्रेड डिस्ट्रीब्यूट बिल के विरोध में सेंट्रल एसेंबली में बम फैंके थे, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और फांसी की सजा सुना दी गई।

23 मार्च यह वही दिन है, जब अंग्रेजी सरकार ने देश के तीन वीर सपूतों को फांसी दी थी। इस मौके पर हलका अध्यक्ष सुरेंद्र पटीकरा, रामकुमार मकसूसपुरिया, कार्यालय सचिव वीरेंद्र घाटासेर, नगर पार्षद संदीप भांखर, विजय छिलरो, धर्मबीर यादव, दयानंद यादव, विष्णु डाबड़, युवा प्रदेश महासचिव नवीन राव, रविंद्र पंडित, कुणाल शुक्ला, दीपक यादव व प्रवीण आदि उपस्थित थे।

# एक्शन कैंसर हॉस्पिटल की तरफ से ओपीडी का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**कैंसर** शरीर के अलग अलग अंगों में होने वाली गंभीर बीमारी है। वैश्विक स्तर पर कैंसर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार कैंसर की घटनाओं की रिपोर्ट में यदि इसी प्रकार वृद्धि जारी रही तो 2040 तक कैंसर से दुनिया भर में मौतों की संख्या 16.3 मिलियन से ज्यादा हो जाएगी। भारत में कैंसर के मामले में 4 साल में 10% की बढ़ोतरी हुई है। इस तरह यह आंकड़ा 2025 तक 15.7 लाख तक पहुंच सकता है। इसीलिए पानीपत में कैंसर के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताते हुए कैंसर रोगों की जांच एवं परामर्श हेतु एक ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य वहां के रोगियों के लिए उचित जांच एवं परामर्श के साथ-साथ छोटे शहरों में फैलने वाली इन बीमारियों पर लगाम लगाना है। पानीपत में बढ़ते मामलों को देखते हुए एएनटीसी अस्पताल, असंध रोड, अनेजा पेट्रोल पंप के पास, हरिबाग कॉलोनी में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जैन, चीफ - सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और डॉ. मनोज शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, महीने के दूसरे और चौथे वीरवार को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक रोगियों की जांच व परामर्श हेतु उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन वहां के नजदीकी लोगों को कैंसर से सम्बन्धित रोगों की समस्या के निवारण हेतु एएनटीसी अस्पताल के डायरेक्टर अनिल आर्या जी के सहयोग से सफलतापूर्वक किया जा रहा है। डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि कैंसर बहुत ही घातक बीमारी है और यदि इसे समय रहते इलाज के माध्यम से समाप्त नहीं किया गया तो यही मृत्यु का कारण भी बनती है। भारत में कैंसर के बढ़ते मामलों का मुख्य कारण तंबाकू का सेवन, मद्यपान, अनुचित खानपान और अनियमित जीवनशैली है। जिसके कारण मोटापा बढ़ता है, इम्यूनिटी कमजोर होती है और धीरे धीरे वह कैंसर का कारण बन जाती है।

उम्र बढ़ने के साथ उच्च कैलोरी युक्त आहार का सेवन भी घातक हो जाता है।

डॉ. राजेश जैन ने बताया कि भारत में होने वाले पांच मुख्य कैंसर में स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, फेफड़ों का कैंसर और पेट का कैंसर शामिल है। कैंसर का उपचार यदि प्रारंभिक चरण में ही शुरू कर दिया जाए तो कैंसर रोगी को इलाज में ज्यादा परेशानी नहीं आती और रोगी को जल्द से जल्द राहत मिल जाती है। इस समय यदि देखा जाए तो कैंसर की बीमारी सिर्फ बड़े शहरों में ही नहीं बल्कि हर जगह फैल चुकी है।

## क्रोमा ने क्यूएलईडी टीवी और वाटर प्योरिफायर श्रेणी में अपना लेबल लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

**टाटा** समूह के भारत के पहले और भरोसेमंद ओमनीचैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा ने गर्व से अपने स्वयं के लेबल के नवीनतम उत्पाद लॉन्च किया है। ये इनोवेटिव क्यूएलईडी टीवी और वाटर प्यूरीफायर लाइफस्टाइल को बदलने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन उत्पादों को ग्राहकों को बेहतरीन कीमत पर नवीनतम तकनीकों की पेशकश करने के लिए बनाया गया है। क्रोमा क्यूएलईडी टीवी में बेहतरीन दृश्यता अनुभव प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। दूसरी ओर, वाटर प्यूरीफायर परिवारों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक जल निस्यंदन प्रणाली प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर, क्रोमा इनफिनिटी-रिटेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अविजीत मित्रा ने कहा, "हमें अपने ग्राहकों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी समर्थित क्यूएलईडी और वाटर प्यूरीफायर लॉन्च करने की खुशी है।

# वॉलमार्ट फाउंडेशन ने अपनी नई पंचवर्षीय रणीति की घोष णा की

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारत में किसानों** की आजीविका सुधारने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए वॉलमार्ट फाउंडेशन ने बुधवार को (आज) अपनी नई पंचवर्षीय रणनीति की घोषणा की। इसका उद्देश्य 2028 तक 10 लाख छोटे किसानों तक पहुंचना है, जिनमें कम से कम 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी। इसके तहत उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा सहित कई राज्यों में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सामूहिकता (कलेक्टिवाइजेशन) और फार्म एग्रिगेशन के क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-लाभकारी संगठनों को अनुदान दिया जाएगा। इस मौके पर माननीय कृषि एवं किसान कल्याण

**8 छोटे किसानों की बाजार पहुंच को विस्तार देने की वॉलमार्ट फाउंडेशन की नवीनतम प्रतिबद्धता हमारे उन प्रयासों का हिस्सा है**

मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और छोटे किसानों का कल्याण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में से है। किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में विभिन्न कदम उठाने के साथ-साथ सरकार ने देश में 10,000 से ज्यादा एफपीओ भी स्थापित करने की पहल की है। इन एफपीओ की मदद से किसानों को उनके उत्पाद का अधिकतम मूल्य मिलना संभव हो सकेगा। मैं 2028 तक 10 लाख किसानों का सहयोग करने, विशेष रूप से महिला किसानों के लाभ पर ध्यान केंद्रित करने की दिशा में वॉलमार्ट फाउंडेशन की प्रतिबद्धता के लिए उन्हें बधाई देता हूं। कैथलीन मैकलॉफलिन, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर, वॉलमार्ट इंक तथा प्रेसिडेंट, वॉलमार्ट फाउंडेशन ने कहा, भारत में छोटे किसानों की बाजार पहुंच को विस्तार देने की वॉलमार्ट फाउंडेशन की नवीनतम प्रतिबद्धता हमारे उन प्रयासों का हिस्सा है, जिसके तहत हम ऐसे समाधान तलाशते हैं, जिनसे सभी संबंधित पक्षों के बीच व्यवस्थित तरीके से साझा मूल्य (शेयर्ड वैल्यू) तैयार करने में मदद मिले।

# विधायक पंवार ने अस्पताल में पहुंचकर शहरवासियों का हालचाल जाना

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में प्रत्येक शहरवासी की हरसंभव मदद के लिए साथ खड़ा हूँ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के साथ सिविल अस्पताल, सोनीपत व ट्यूलिप अस्पताल सोनीपत में पहुंचकर फूड प्वायजनिंग की वजह से दाखिल शहरवासियों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सको को सभी मरीजों को बेहतरीन उपचार देने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ नेता कमल हसीजा भी साथ रहे।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत शहर में एक साथ सैकड़ो की संख्या में फूड प्वायजनिंग की वजह से लोगों की तबीयत बिगड़ना बेहद ही चिंता का विषय है। इस मामले पर प्रशासन को गौर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर खाद्य पदार्थों की जांच होनी चाहिए, ताकि लोगो की सेहत पर कोई बुरा असर न पड़े। सिविल अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डॉ गिन्नी लांबा ने बताया कि रात को करीब 100 मरीज अस्पताल में दाखिल हुए थे, सिर्फ अभी 4 मरीज ही भर्ती है। इनकी हालत ठीक है। उन्होंने बताया कि रात को जैसे ही स्थिति के बारे में पता चला, सभी चिकित्सक तैनात कर दिए गए और स्थिति पर काबू पाया गया। ट्यूलिप अस्पताल से डॉ अनुराग अरोड़ा ने बताया कि रात की करीब 74 मरीज दाखिल हुए थे, जिसमें से 11 मरीजो को छुट्टी दे दी गई है, अब 63 मरीज अभी उपचाराधीन है। सभी मरीजो की हालत फिलहाल ठीक है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने चिकित्सको को निर्देश दिए है कि अस्पताल में दाखिल सभी मरीजों का बेहतरीन उपचार किया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने शहरवासियों से निवेदन किया है कि आप कुट्टू/सामक के सेवन से फिलहाल बचे। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की है कि अस्पताल में दाखिल सभी मरीज जल्द ही स्वस्थ होकर अपने घर वापिस लौटे।

# शहीदी दिवस पर निकाली बाइक रैली, लगाए नारे





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** के इतिहास की अमर गाथा लिखने व देश की आजादी के लिए अपना बलिदान करने वाले वीर सपूत सुखदेव, राजगुरु और शहीद ए आजम भगत सिंह के बलिदान दिवस पर बांकनेर वार्ड-2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई। जो नरेला के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस बांकनेर गांव में संपन्न हुई। हाथों में तिरंगा लिए युवाओं ने भगत सिंह अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए माहौल को देश भक्तिमय में बना दिया। बाहरी दिल्ली के बांकनेर गांव में शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर वार्ड दो बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज की अगुवाई में विशाल बाइक रैली निकाली गई। रैली से पूर्व शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बाइक रैली बाकनेर के प्राचीन दादा माई वाला मंदिर से शुरू होकर नरेला के मेन बाजार, पाना पापोसिया, हरिश्चंद्र रोड, नई अनाज मंडी, वाईपॉइंट, मंगला चौक, लामपुर मोड़, स्वतंत्र नगर, लामपुर गांव से होती हुई वापस बांकनेर गांव में संपन्न हुई। इस दौरान हाथों में तिरंगा लिए में युवाओं ने भगत सिंह अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए माहौल को देशभक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर वार्ड दो बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह के विचार और व्यक्तित्व आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव भारत मां के वह सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देश प्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया। और मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर कर गए। वहीं नरेला से पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री ने शहीदों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इन महान सपूतों का बलिदान देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। बाइक रैली में सैकड़ों युवा सम्मिलित हुए।

## एमसीडी के भ्रष्ट अधिकारियों के कारण सील हुई दुकानें: परमजीत सिंह

### क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देखकर व्यापारियों ने सीलिंग खुलने तक आंदोलन करने की शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सदर** बाजार की फीलिंग आंदोलन मंच पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह सहित सैकड़ों पीड़ित व्यापारियों ने अमर शहीद क्रांतिकारी भगत सिंह जी, राजगुरु जी, सुखदेव जी को उनके बलिदान दिवस के उपलक्ष पर श्रद्धांजलि देकर जब तक सील हुई दुकानों की सीलिंग नहीं खुल जाती तब तक आंदोलन करने की शपथ ली। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा





बड़े दुख की बात है आजादी के इतने समय बाद भी भ्रष्टाचार का बोलबाला है जबकि भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जी ने देश को आजादी दिलाने के लिए अपनी जान की परवाह नहीं की। हमें अंग्रेजों से तो आजादी मिल गई मगर भ्रष्ट अधिकारियों ने उनकी जगह ले ली और इसी कारण आम जनता को आए दिन किसी न किसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और इसी की देन है सदर बाजार की सीलिंग जिससे व्यापारियों को इस हालत में लाकर खड़ा कर दिया है कि आए दिन लगभग ढाई महीने से व्यापारी सड़कों पर उतर के सीलिंग के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं और जो भी दस्तावेज एमसीडी ने मांगे वह सब जमा करा दिए गए हैं यहां तक के कईयों की दुकान 1960 व 1962 से वहां पर है, मगर कोई भी दस्तावेज देखे बगैर सीलिंग कर दी गई क्योंकि उनकी आंखों में भ्रष्टाचार की पट्टी बंधी हुई थी। इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव अमर रहे जैसे नारे लगा रहे थे।
इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, मानक शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, मोंटू गर्ग, दिलबाग सिंह, विजय गर्ग, नकुल बंसल उपस्थित थे।


विरेन्द्र सचदेवा को भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब व बलविन्दर सिंह।

## वत्स ने शहीद भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धा सुमन किये अर्पित


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श ग्रामीण समाज एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के तत्वावधान में संघ के मुख्यालय बरवाला में स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु का 92वां शहीदी दिवस पर संघ के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स के सान्निध्य में श्री वत्स ने अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू को कृतज्ञ राष्ट्र की और से उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दयानन्द वत्स ने कहा कि भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु भारत की युवा पीढी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। भारत के करोड़ों लोगों



के दिलों में बसने वाले इन तीनों ही शहीदों की शहादत को लोग आज ही नहीं वरन हर रोज नमन करते हैं।

## भाजपा राहुल को डराने का असफल प्रयास कर रही: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार संसद में अडानी के खिलाफ राहुल गांधी जी मौजूद न हो, इसके लिए पूरी मशीनरी, साम, दाम, दंड भेद लगाकर उनकी आवाज को दबाने की हर संभव कोशिश कर रही है, जिससे हमारे निडर नेता राहुल गांधी डरने वाले नही है, जो सच बोलते है और सच्चाई के लिए देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे।
प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के समर्थन में उनके निवास पर पहुचे। अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती के साथ अपने



नेता के समर्थन में उनके साथ खड़ा है। अनिल कुमार ने कहा कि तानाशाह भाजपा सरकार राहुल गांधी के साथ संसद में विपक्ष की एकजुटता से घबराई हुई है क्योंकि राहुल जी मोदी सरकार के भ्रष्टाचार व काले काले कारनामों को लगातार उजागर कर रहे हैं। राहुल संसद में अडानी मामले में जे.पी.सी. गठित करने की मांग उठाते रहेंगे।
अनिल कुमार ने कहा कि राहुल गांधी को सच बोलने की जो सजा मिल रही है उससे वे डरने वाले नही हैं।
राहुल जी सत्य एवं अहिंसा के सिपाही है और सरकारी तंत्र के दबाव में असत्य के सामने झुकने वाले नहीं है। डरी हुई भाजपा राहुल गांधी के खिलाफ आधारहीन मामले बनाकर उन्हें दबा नहीं सकती।
भाजपा की केन्द्र सरकार राहुल जी पर ई.डी., सीबीआई या पुलिस एफ.आई.आर करके चाहे कितने भी मामले लाद दें, वे अन्याय और तानाशाही के खिलाफ संसद अथवा संसद से बाहर आवाज उठाते रहेंगे। अनिल कुमार ने कहा कि राजनैतिक दिवालियापन की शिकार केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार राहुल के राजनैतिक भाषणों पर पुलिस द्वारा केस बनाकर अथवा ई.डी./सीबीआई का प्रयोग करके उनकी आवाज को दबा नही सकती।
उन्होंने कहा कि हम फासिस्ट ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ती रहेगी। कांग्रेस पार्टी न्यायालय के आदेश का सम्मान करती है क्योंकि देश का कानून राहुल गांधी जी का अपील का अवसर प्रदान करता है जिस अधिकार का प्रयोग करके हम उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा ने 2014 से देश में जो भय का वातावरण बनाया कि विपक्ष चुपचाप सदन में बैठा रहे।

## पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर एक सही कदम उठाया गया: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जागरूक** उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि गत दिनों लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिये गये बयानों का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि दिल्ली में लगाएं गए पोस्टर ने एक बार फिर सियासत गरम कर दी है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि इस प्रकार का पोस्टर लगाया जाना गैर कानूनी तो है, ही साथ ही नियमों के विरूद्ध भी है। उन्होंने आगे बताया कि पोस्टर पर न तो प्रेस का नाम है न ही किसी का नाम उस पर भी कुछ लोग पुलिस कार्यवाही को गलत ठहरा रहे है। सत्यपाल शर्मा ने कहा कि समझ में नहीं आता कि विपक्षी पार्टियां



आखिर क्या चाहती है, देश में जी-20 समूह की बैठको का दौर चला रहा है, उस पर इस प्रकार की पोस्टर बाजी निंदनीय ही कही जायेगी। सत्यपाल शर्मा ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर एक सही कदम उठाया गया है, किसी को भी प्रधानमंत्री की छवि धूमिल करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।



दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर आयोजित रैली में शामिल होते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा व अन्य

## बांकनेर: शहीदी दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के बांकनेर गांव में वीरवार को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया।
देर शाम तक चले रक्तदान शिविर में 110 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में बहुमूल्य योगदान दिया।
वीरवार को बांकनेर गांव में शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत की याद में युवाओं ने पीतमपुरा ब्लड बैंक के सहयोग से




विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सुबह 10 बजे से ही पीतमपुरा ब्लड बैंक के डॉक्टरों की देखरेख में रक्तदान का कार्य शुरू किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने अपनी अहम भागीदारी देकर इसे सफल बनाया। रक्तदान शिविर में 110 से ज्यादा यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। इस अवसर पर स्थानीय युवा अंकित खत्री ने कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए अपना तन, मन, धन अर्पित करके भी हम शहीदों का ऋण कभी नहीं चुका सकते।
आयोजन से जुड़े छोटू खत्री ने कहा कि शिविर में रक्तदाताओं की उत्साहित भागीदारी रक्तदान के प्रति व्यापक जागरूकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान शिविर में अंकित खत्री, छोटू खत्री, अमित खत्री, रिंकू खत्री ने विशेष सहयोग किया।

## जीबी पंत अस्पताल में शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की याद में कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** पब्लिक हेल्थ एलाइंस द्वारा शहीद दिवस 23 मार्च को उत्साह पूर्वक मनाने के आह्वान पर जी.बी.पंत पैरामेडिकल टैक्टिकल यूनियन और जीबी पन्त अस्पताल यूनियन ने सुबह के समय शहीद भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव की याद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।
कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल और चिकित्सा अधीक्षक धमेंद्र गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने श्रद्धांजलि और पुष्प अर्पण किया। यूनियन अध्यक्ष भरतवीर के अलावा सत्येंद्र मिश्रा, विकास, सुखबीर, किशोर राणा, पवन वर्मा, आर एस राणा तथा अन्य लोगो द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनपीएचए दिल्ली के अध्यक्ष विजय कुमार ने कार्यक्रम का शानदार संचालन किया। शहीद दिवस के मौके पर जी.बी.पंत






अस्पताल के गेट नम्बर-3 पर अर्ध-अवकाश के समय एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें शहीदों से प्रेरणा लेते हुए सरकार व प्रशासन की गलत नीतियो, जाति धर्म भाषा के आधार पर भेदभाव फैलने का विरोध करने का संकल्प लिया गया। साथ ही आगामी 6 अप्रैल को 10 सूत्री मांगों पर स्वास्थ्य कर्मचारी मार्च को सफल बनाने की मुहिम को दिल्ली के अन्य अस्पतालों के कर्मचारियों से आह्वान किया गया कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपनी एकता का परिचय दें और अपनी मांगो को पुरजोर तरीके से सरकार के सामने रखे। सभा के मुख्य वक्ता विजय कुमार नैशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के जीवन चरित्र और उनके देश के आजादी आंदोलन उनकी महान योगदान को सभा में रखा। उन्होंने आज आपस में फूट डालो और शासन करो की नीति से समाज में किस तरह से विभाजन पैदा किया जा रहा है इस पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि राजनेता, जनता को अपने मुद्दों पर आपस में लड़ाकर जनता का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई , भुखमरी, निजीकरण द्वारा पूंजीवादी व्यवस्था से भटका कर दिशाहीन कर देते हैं। ऐसे समय में शहीद भगत सिंह के विचार अधिक से अधिक युवा पीढ़ी और जनता तक पहुंचेंगे। यह दुरुपयोग अपने आप खत्म हो जाएगा।
इसलिए आज के परिपेक्ष में महान शहीदों के विचारों आदर्शों की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा हो गई है। एन.पी.एच.ए के विजय कुमार और भारत वीर ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों, फिक्स टर्म एम्प्लॉयमेंट, 4 लेबर कोड, कॉन्टैक्ट सिस्टम ठेकेदारीकरण, दिल्ली की स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल जैसे जनवादी हक को हरियाणा एसेंशियल सर्विसेज 1970 के माध्यम से लंबे करने के आदेश को वापस लिया जाए।

# तपेदिक के मरीजों को किया विशेष पोषाहार वितरण

**टीम एक्शन इंडिया/**
**फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

**जिला रेड** क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान- महादान मुहिम के तहत शहीदी दिवस एवं विश्व तपेदिक दिवस की पूर्व संध्या पर श्री विक्रम सिंह उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस भवन सेक्टर 12 फरीदाबाद मे जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद तथा विक्टोरा फाउंडेशन फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 60 आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजो को विशेष पोषाहार वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ऋचा बत्रा, उप सिविल सर्जन फरीदाबाद ने शिरकत की, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहिम को बहुत ही सार्थक बताते हुए



तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नहीं है यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए। उन्होने कहा कि तपेदिक के लक्षणों की पहचान करके तत्काल प्रभाव से इलाज बेहद जरूरी है। इस स्थिति में जरूरी ये है कि आप इलाज के साथ अपनी डाइट भी सही करें। जैसे कि खाने में फल और सब्जियों को शामिल करें जो कि आपको अंदर से सेहतमंद रखें और शरीर की ताकत बढ़ाए ! विशिष्ट अतिथि अजय सोमवंशी ,उप प्रधान ,विक्टोरा फाउंडेशन ,फरीदाबाद द्वारा तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि वर्ष 2025 तक टी बी को जड़ खत्म करना है तथा इस दिशा मे सभी को सामूहिक प्रयास करना जरूरी है इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि विक्टोरा फाउंडेशन तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु हर समय सम्भव मदद हेतु तैयार है , इस अवसर पर सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद श्री बिजेन्द्र सौरोत ने बताया कि तपेदिक की बीमारी बहुत ही खतरनाक बीमारी है इस बीमारी का सफल इलाज यही है कि पोष्टीक आहार ले और समय पर दवाइयों का सेवन करे । उन्होने बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग एक खतरनाक संक्रामक रोग है सही समय पर इसका इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा हो सकती है। इसलिए अपने आप को इस बीमारी की चपेट में आने से बचाने के लिए आपको इसके बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। जिससे आप खुद व अपने परिवार को इस जानलेवा रोग की चपेट में आने से बचा सकें। विमल खण्डेलवाल संरक्षक,भारतीय रेड क्रॉस ने तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु हर संभव सहयोग देने का वादा किया।

जगदीश सहदेव प्रोजेक्ट चेयरमैन, रोटरी क्लब सेंट्रल फरीदाबाद ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी सदैव मानव हित के कार्यों निरंतर करती रहती है, सभी सामाजिक संगठनों को सहयोग के साथ में समाज को एक नई दिशा देने का काम करती है। मैं उनकी पूरी टीम को आज इस विशेष अवसर के ऊपर बहुत-बहुत बधाई देता हूं। डॉ महेंद्र गोयल .जिला तपेदिक अधिकारी, फरीदाबाद ने तपेदिक की बीमारी से बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि तपेदिक की बीमारी पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लडने.में लहसुन कारगार होता है, रोगाणुरोधी गुण से भरपूर लहसुन, प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बढ़ावा दे सकता है, पुदीने में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो तपेदिक से प्रभावित ऊतकों के उपचार में मददगार साबित हो सकते हैं इसी के साथ आंवला भी लेना चाहिए आंवले में जीवाणुरोधी गुण होते हैं। डॉ एम् पी सिंह ने तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजना की सराहना करते हुए जिला क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद को आश्वासन दिया गया कि सोसाइटी द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में हम इसी तरह पूर्णतः सहयोग करते रहेंगे। अनिल प्रताप सिंह संरक्षक,भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने रेडक्रॉस के इस मानव कल्याणकारी कदम की सराहना की और बताया कि मानव हित में कार्य करना अपने आप में बहुत ही सुकून की बात है।

रेडक्रॉस मानव हित में कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था है। इस अवसर पर डॉ दुर्गेश द्वारा मंच संचालन के माध्यम से सभी तपेदिक रोगियों को नियमित रूप से दवाई हेल्थ चेकअप कैंप एवं स्क्रीनिंग कैंपों के माध्यम से लोगों में टीबी जैसी बीमारी का पता चलता है, जिसका समय रहते इलाज कराने में मदद मिलती है। मनोज बंसल, आजीवन सदस्य ने तपेदिक रोगियों को दवाई का उचित प्रयोग करने बारे मे परामर्श दिया। इस अवसर पर तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु समय समय पर सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों, सामाजिक संस्थाओं तथा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों को उनके कल्याणकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया इसके अलावा तेजेंद्र सिंह मेमोरियल एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं टी बी जांच शिविर का आयोजन भी किया गया शिविर में विजय खन्ना ट्रस्टी तेजेंद्र मेमोरियल अस्पताल एवं डॉ आर एस सैनी, डॉ एल एस प्रेमी और उनकी मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप लगभग 80 असहाय जन मानस की टीबी जाँच, रक्तचाप, ब्लड शुगर, एचआईवी, हिमोग्लोबिन तथा जोड़ों की जांच की गई। वीरेन्द्र गौड उप संरक्षक, मीनाक्षी गोयल समाज सेविका, सुनीता देवी,समाजसेविका, सुधा शर्मा, रोटरी क्लब फरीदाबाद प्रधान,नरेश वर्मा क्लब सचिव से दिव्यांश अत्री, जसवंत पंवार, ज्योति नागपाल, सुशील प्रोजेक्ट मेनेजर टी आई एवं उनकी टीम ने सराहनीय सहयोग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीदों की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में हम ले रहे हैं सांस

**फरीदाबाद।** शहीदों की चिताओ पर लगेंगे हर वर्ष मेले बस एक यही निशा बाकी रहेगा इस बात को चरितार्थ करते हुए एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आज हम शहीदों की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हर्ष और उल्लास के साथ शहीदों को याद कर रहे हैं।शहीदी दिवस पर बल्लभगढ़ के शहीद राजा नाहर सिंह पार्क में वीर शहीद शहीद ए आजम भगत सिंह शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव की याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद ने यह बात कही। वहीं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के भतीजे राकेश वशिष्ठ सहित अन्य अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हुए माल्यार्पण किया।इस मौके पर आनंदपाल राठी, आजाद छिकारा, लखन बेनीवाल गजेंद्र वैष्णव, कैलाश वशिष्ठ, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, योगेश शर्मा, बिल्लू पहलवान सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विधायक सुरेंद्र पंवार ने ऊंट पर बैठकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** सोनीपत विधानसभा के वार्ड-18 में हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को बेहद शानदार तरीके से आगाज किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार व डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत ने ऊंट पर बैठकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के कोर्डिनेटर व गोहाना से विधायक चौ. जगबीर सिंह मलिक, खरखोदा से विधायक जयवीर बाल्मीकि, सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, कार्यक्रम के आयोजक व डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत विशेष रूप से मौजूद रहे। हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के दौरान हजारो की तादाद में चल रही जनसंपर्क यात्रा का विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गोहाना से विधायक चौ. जगबीर सिंह मलिक ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बेहताशा वृद्धि हुई है, जिसकी वजह से वाहन चालकों को वाहनों से चलना दुभर हो गया है। आयेदिन ईंधन के मूल्य्स में हो रही वृद्धि से आमजन परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार सिर्फ दावों तक सीमित है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज आमजन महंगाई की मार से करहा रहा है, लेकिन सरकार कोई सुध नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि आज ऊंट की सवारी से जनसंपर्क यात्रा शुरू करने का सिर्फ यही सन्देश है कि आज पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने आमजन की कमर तोड़ दी है, अब आमजन ऊंट पर ही सवारी करना समझदारी मानता है। आज आमजन सरकार को ऊंट के माध्यम से जगाना चाहते है कि अब आमजन ऊंट पर चढ़कर सवारी कर रहा है, यदि नीचे से आमजन नजर नहीं आ रहा तो कम से कम ऊंट पर चढ़ा व्यक्ति तो नजर आना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस के संकल्प पत्र पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी। जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट पुनः दिए जाएंगे, इसमें दो-दो कमरे व पानी व बिजली का कनैक्शन भी मुहैया करवाया जाएगा। हिमाचल व छतीसगढ की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। जिन लोगों के बीपीएल कार्ड व पेंशन को सरकार द्वारा काटा गया है उन्हें पुनः बहाल किया जाएगा। परिवार पहचान पत्र व प्रापर्टी आईडी को समाप्त किया जाएगा। 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। गैस सिलैंडरों की कीमत 500 रुपये तक कम करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। एससी, बीसी का बैकलॉग पूरा किया जाएगा। बैक्वर्ड क्लास की क्रीमी लेयर 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जाएगी। कांग्रेस राज के समय बनाई गई पुनानी खेल नीति को दोबारा बहाल किया जाएगा। ठप्प पड़े विकास कार्यों को पुनः बहाल किया जाएगा।

इस दौरान, प्रेम अत्री पूर्व प्रधान, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व सदस्य, एचपीएससी, महिला जिलाध्यक्ष नीलम बाल्याण, शहरी अध्यक्ष राजेश चौधरी, सन्तोष कादयान, सीमा शर्मा, कमला मलिक, संतोष गुलिया,भलेराम जांगडा, मनोज रिडाऊ, युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार, रणदीप, हेमन्त, देवेंद्र कादयान, प्रेम रेलन, रवि कपूर, संदीप, धर्मपाल दोचक, महावीर, राजेन्द्र, महेंद्र, बंसीलाल कुंडू, प्रधान बड़ी तादाद में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## युवक ने मालिक का मोबाइल चोरी कर खाते से 85 हजार निकाले

**सोनीपतः** कुंडली थाना क्षेत्र में वर्कशॉप पर काम करने के लिए आए युवक पर वर्कशॉप मालिक ने मोबाइल फोन चोरी करने व उसके खाते से हजारों रुपये की नकदी ट्रांसफर करने का आरोप लगाया है। वर्कशॉप मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी अमरनाथ ने बताया कि उसने प्याऊ मनियारी में वर्कशॉप कर रखी है। उसके बाद गत 21 मार्च को सूरज नाम का लड़का अपने भाई मोहित को लेकर पहुंचा।

## 31 मार्च तक सरचार्ज माफी के साथ बिजली बिलों के भुगतान का अवसर : अमित

**टीम एक्शन इंडिया/**
**फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान- महादान मुहिम के तहत शहीदी दिवस एवं विश्व तपेदिक दिवस की पूर्व संध्या पर श्री विक्रम सिंह उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस भवन सेक्टर 12 फरीदाबाद मे जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद तथा विक्टोरा फाउंडेशन फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 60 आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजो को विशेष पोषाहार वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ऋचा बत्रा, उप सिविल सर्जन



फरीदाबाद ने शिरकत की, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहिम को बहुत ही सार्थक बताते हुए तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नहीं है यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए। उन्होने कहा कि तपेदिक के लक्षणों की पहचान करके तत्काल प्रभाव से इलाज बेहद जरूरी है। इस स्थिति में जरूरी ये है कि आप इलाज के साथ अपनी डाइट भी सही करें। जैसे कि खाने में फल और सब्जियों को शामिल करें जो कि आपको अंदर से सेहतमंद रखें और शरीर की ताकत बढ़ाए ! विशिष्ट अतिथि अजय सोमवंशी ,उप प्रधान ,विक्टोरा फाउंडेशन ,फरीदाबाद द्वारा तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि वर्ष 2025 तक टी बी को जड़ खत्म करना है तथा इस दिशा मे सभी को सामूहिक प्रयास करना जरूरी है इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि विक्टोरा फाउंडेशन तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु हर समय सम्भव मदद हेतु तैयार है , इस अवसर पर सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद श्री बिजेन्द्र सौरोत ने बताया कि तपेदिक की बीमारी बहुत ही खतरनाक बीमारी है इस बीमारी का सफल इलाज यही है कि पोष्टीक आहार ले और समय पर दवाइयों का सेवन करे । उन्होने बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग एक खतरनाक संक्रामक रोग है सही समय पर इसका इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा हो सकती है। इसलिए अपने आप को इस बीमारी की चपेट में आने से बचाने के लिए आपको इसके बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। जिससे आप खुद व अपने परिवार को इस जानलेवा रोग की चपेट में आने से बचा सकें। विमल खण्डेलवाल संरक्षक,भारतीय रेड क्रॉस ने तपेदिक रोगियों के कल्याण हेतु हर संभव सहयोग देने का वादा किया। जगदीश सहदेव प्रोजेक्ट चेयरमैन, रोटरी क्लब सेंट्रल फरीदाबाद ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी सदैव मानव हित के कार्यों निरंतर करती रहती है, सभी सामाजिक संगठनों को सहयोग के साथ में समाज को एक नई दिशा देने का काम करती है। मैं उनकी पूरी टीम को आज इस विशेष अवसर के ऊपर बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

## 'खेलों में आपसी विश्वास और बेहतर तालमेल का मिलता है प्लेटफार्म'

**टीम एक्शन इंडिया/**
**फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

एडीसी अपराजिता ने कहा खेलों में आपसी विश्वास और बेहतर तालमेल का प्लेटफॉर्म मिलता है। एडीसी अपराजिता खेल विभाग हरियाणा के आदेशानुसार जिला खेल विभाग, फरीदाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 18 वर्ष तक तथा 18 वर्ष से ऊपर का आयोजन खेल परिसर सेक्टर-12 में समापन समारोह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रही थी। वहीं सीईओ



जिला परिषद सुमन भांकर ने खेलों का उद्घाटन किया। सीईओ जिला सुमन भांकर ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इस प्रतियोगिता में कुश्ती- 18 वर्ष तक, एथलैटिकस - 18 वर्ष तक तथा 18 वर्ष से ऊपर, हॉकी-18 वर्ष तक फुटबॉल-18 वर्ष से ऊपर तथा तीरंदाजी-18 वर्ष तथा 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग में खेल करवाये गये जिसमे लगभग 400 खिलाडि द्वारा भाग लिया गया।

## पत्थर व्यापारी व फर्नीचर मिस्त्री के घर से सामान व नकदी चोरी

**सोनीपतः** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव खुर्मपुर के ग्रामीण ने जनशक्ति, मल्टी स्टेट मल्टी पर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के अधिकारी व सदस्यों पर उसका खाता खोलकर करीब 60 हजार रुपये जमा कराने व अब किस्त पूरी होने पर रुपये नहीं देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव खुर्मपुर निवासी राजू ने पुलिस को बताया कि गांव मनौली निवासी जसबीर उनका परिचित है और नरेला स्थित सोसाइटी का सदस्य है। जसबीर ने उन्हें बताया कि वह लोगों के पैसे जमा कराकर उन्हें अच्छा ब्याज देते हैं।

## 'भागवत ही भगवान है'



**टीम एक्शन इंडिया/**
**फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**वीरवार को गांव मोहताबाद के झरना मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में आप नेता धर्मबीर भड़ाना के साथ सैंकड़ो लोगो ने भाग लिया और यात्रा का प्रारंभ किया। इस मौके पर भड़ाना ने कहा कि कलश यात्रा में में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्व होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। भड़ाना ने झरना मंदिर का महत्व बताते हुए कहा कि अरावली पर्वतमाला की मनमोहक वादियों में गांव मोहबताबाद फरीदाबाद में महाभारत कालीन झरना स्थित है। जब पांडवों ने इंद्रप्रस्थ शहर बसाया था तो इस जर्जर और वीरान अरावली पर्वत पर अनेकों झरनों को अपने तप से प्रकट किया। उनमें से मोहबताबाद गांव में स्थित वर्तमान झरना भी शामिल है। यह स्थान उदयालक मुनि की तपोभूमि भी है। जिस गुफा में मुनिवर तपस्या करते थे, वह गुफा आज भी है और उनकी मूर्ति भी वहां स्थापित है जिसकी लोग पूजा करते हैं, उसी गुफा में एक बहुत विशाल शिला है, जो बिना किसी सहारे के रुकी हुई है। इस मौके पर आप नेता मेहर चंद हरसाना ने कहा कि कोई भी पूजा या शुभ कार्य करने से पहले कलश की स्थापना अनिवार्य है क्योंकि जल से भरे कलश को मानव शरीर का प्रतीक माना जाता है तो इसी कारण शुभ कार्य करने से पहले कलश यात्रा निकाली जाती है7 उन्होंने कहा कि झरना मंदिर का भी एक बहुत ही पुराना इतिहास है जिस कारण यह झरना हमेशा बहता रहता है और कभी भी सुख तो नहीं है7 इस मौके पर पप्पू सरपंच, राजेंद्र थानेदार, हरेंद्र भडाणा, गजराज भडाणा, विजेंद्र फौजी, वीरू सरपंच, जानकी सरपंच, भारत चेयरमैन, हेमचंद्र सरपंच, सरजीत भडाणा, बदले राम मेंबर, रोहित भड़ाना, उदय राम भगत जी, देवी राम भगत जी, सुखचैन भड़ाना, जस्सी सरपंच एवं सैकड़ों लोग और महिलाएं शामिल रही।

## निगम चुनाव को लेकर जजपा पार्टी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/**
**फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**

नगर निगम चुनाव को लेकर जननायक जनता पार्टी की फरीदाबाद जिला इकाई ने तैयारी शुरू कर दी है । इस कड़ी में गुरुवार को प्रदेश प्रवक्ता एवं तिगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी जी के कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया जी व तिगांव विधानसभा अध्यक्ष अमर नर्वत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ । इस मौके पर तिगांव विधानसभा हल्का मीटिंग में शामिल कार्यकताओं ने उमेश भाटी के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष का पगड़ी पहनकर व महाराणा प्रताप जी का



चित्र भेट कर जोरदार स्वागत किया। करीब एक घंटे से ज्याद चली मीटिंग में नगर निगम चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई जिसमे कौन से वार्ड से कौन मजबूत उम्मीदवार हो सकता है। किसका कितना जनाधार जनता के बीच है या फिर किस वार्ड से पार्टी कार्यकर्ता सबसे मजबूत प्रत्याशी हो सकता है इस पर चर्च हुई इस मौके जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया जी ने अपने संबोधन में कहा की हमारे द्वारा लगभग सभी वार्डों के लिए उम्मीदवार चिन्हित किए जा चुके। चुनाव, पार्टी के दिशा-निर्देश अनुसार चुनाव लड़ा जाएगा। चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता सरकार द्वारा जनहित कार्यों को आप पब्लिक तक पहुंचने के लिए प्रचार प्रसार करे इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एवं तिगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी जी ने कहा की तिगांव विधानसभा का हर पार्टी कार्यकर्ता नगर निगम चुनावों को लेकर पूरी तरह तैयार है यह चुनाव हमें विधानसभा चुनावों में काफी मजबूती प्रदान करेगा इसलिए पार्टी के सभी कार्यकताओं को कड़ी मेहनत और परिश्रम कर पार्टी को आगे ले जाने का काम करना है डिप्टी सीएम गुरुग्राम ,मानेसर और फरीदाबाद के नगर निगम चुनावों पर नज? बनाए हुए है इस मीटिंग में तिगांव विधानसभा अध्यक्ष अमर नर्वत ने आएं सभी पार्टी कार्यकताओं का मीटिंग में आने पर धन्यवाद किया मीटिंग में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस के 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को मिला रहा जनता का अपार समर्थनः मनोज अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया/**
**फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**


अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा के निदेर्शानुसार बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल द्वारा बल्लभगढ़ में शुरू किए गए 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आज तिरखा कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, भाटिया कॉलोनी, भीकम कॉलोनी, सेक्टर 2, सुभाष कॉलोनी, अनाज मंडी, सौ फुट रोड, चावला कॉलोनी बाजार, गढ़वाली कॉलोनी, पूर्वी चावला कॉलोनी, यादव कॉलोनी, प्रेम



नगर, बल्लभगढ़ मेन बाजार, शिव कॉलोनी, मोहना रोड, तिगांव रोड, बस अड्डा बाजार, सेक्टर 22-23, मुजेसर, ऊंचा गांव, सेक्टर 65 व सेक्टर 64 में लोगों से जनसपंर्क किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से नगर निगम के पूर्व उपमहापौर राजेंद्र भामला, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव एवं पीसीसी डेलिगेट प्रियंका अग्रवाल सहित अनेकों कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने जहां भाजपा सरकार की नाकामियों से लोगों को अवगत करवाया वहीं कांग्रेस के दस साल के कार्यकाल में देश व प्रदेश में हुए अभूतपूर्व विकास के बारे में भी उन्हें जागरूक किया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मनोज अग्रवाल ने कहा कि यह बल्लभगढ़ की जनता का स्नेह ही है जिसने इस जनसंपर्क अभियान को बल्लभगढ़ के राजनीतिक इतिहास में ऐतिहासिक बनाने का काम किया है। आज बल्लभगढ़ की सडकों पर लोगों का हुजूम ही नहीं बल्कि उम्मीदों का काफिला चल रहा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ की जनता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है और जनता ने इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है क्योंकि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है, जिससे आज हर वर्ग इस सरकार को मन ही मन कोस रहा है। उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम में हुए महाघोटालों पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार घोटालेबाजों को संरक्षण देने वाली सरकार है। इस सरकार की नीयत में खोट का ही दुष्परिणाम है की यह सरकार नगर निगम चुनाव कराने से भाग रही है। यात्रा के दौरान फरीदाबाद के पूर्व डिप्टी मेयर राजेंद्र भामला ने कहा कि अब चुनाव में साल भर का ही समय बाकी रह गया है। पूरे हरियाणा में परिवर्तन की लहर चल रही है। आगामी चुनाव आने वाली पीढियों के भविष्य को तय करने वाला चुनाव होगा। इस जनसंपर्क यात्रा में महिलाओं की भागीदारी पर महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत हम घर-घर जाकर महिलाओं से मिल कर उनकी भाजपा निर्मित पीडाओं को जान रहे हैं। इस सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियों से महिलाओं का जीना दूभर किया हुआ है। बढ़ती बेतहाशा महँगाई हो या बात महिला सुरक्षा की हो, विकास के हर मोर्चे पर यह सरकार पूरी तरह से विफल है। इस यात्रा में जनता का जनाक्रोश देखने के बाद यह प्रमाणित हो चुका है की भाजपा-जजपा सरकार की पूर्णतः विदाई सुनिश्चित है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रताप शर्मा, वरिष्ठ महिला नेत्री सोनू चौधरी, लीगल सैल के जिलाध्यक्ष स्वर्ण सिंह आर्य, नसीमा शेख, युवा कांग्रेसी नेता शुभम कसाना, यूथ कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आकाश पंडित, सन्नी बादल, महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अनीता शर्मा, धर्मवती शर्मा, जयकिशन पंडित, योगेश बंसल, राकेश कुमार, सूबे सिंह चौहान सहित अनेकों कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### जाते-जाते दो लोगों को नई जिंदगी दे गए धर्मवीर ढींगरा



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** शहर कृष्णा गली नजदीक दुआ स्वीट के रहने वाले धर्मवीर ढींगरा जाते जाते दो लोगों को नई जिंदगी दे गए मनी कालड़ा ने उनकी आंखें समाजसेवी सतनाम नागपाल द्वारा माधव नेत्र बैंक को दान में दी जिससे दो लोगों को रोशनी मिलेगी और नई जिंदगी मिलेगी प्रसिद्ध समाजसेवी सतनाम नागपाल ने बताया की दो चुटकी राख या दो बंधुओं को आंख यह फैसला आपका है। आंखें जिन दो लोगों को लगाई जाती हैं उन दोनों को वह उनके परिवार वालों को उनके रिश्तेदारों को बहुत खुशी मिलती है। उनकी बेटियां सुनीता नारंग, रजनी कालरा, ज्योति दुआ, हिना मुंजाल वह परिवार वालों ने बताया कि जहां पापा के जाने की कमी महसूस हो रही है वह दुख हो रहा है कि पापा को हम बचा नहीं पाए लेकिन उनकी आंखों को बचा लिया है। समाजसेवी नागपाल (94169-55132) ने बताया की बॉडी डोनेशन ऑर्गन डोनेशन आई डोनेशन मैं हर समय समाज सेवा में तैयार रहते हैं।

### भतीजे पर लगा चोरी का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
शहर में घर से सोना-चांदी के जेवरात समेत कैश चोरी हो गया। शिकायतकर्ता ने मकान की रिपेयरिंग के चलते घर का सामान अपने भाई के घर रखा हुआ था। चोरी करने का आरोप भतीजे पर ही लगा है, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुरानी बकरा मंडी अंबाला सिटी निवासी दविंद्र कुमार ने बताया कि उसके मकान में रिपेयरिंग का काम चला हुआ है। इसके चलते 9 मार्च से उसने अपने घर का सारा सामान अपने भाई अशोक कुमार के घर में रखा हुआ है। दविंद्र कुमार ने बताया कि सोना-चांदी के जेवर और कैश भी उसी मकान में लोहे की अलमारी में रखे हुए थे। बुधवार को जब उसकी पत्नी जेवर और कैश चेक करने गई थी तो अलमारी का लॉक पहले से टूटा हुआ मिला। अलमारी से सोने की नथ, 1 जोड़ी कानों की बाली, 1 अंगूठी, 1 माथे का टिक्का, 1 जोड़ी पाजेब, 1 जोड़ी कंगन और नोटो की 2 माला गायब मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें शक है कि उसके भतीजे रोहित उर्फ जानू ने ही चोरी किया है, क्योंकि वह उनके कमरे में सोता था।

### पुलिस ने घरों व दुकानों पर लगे तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारने की पहल की

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर में फहराए गए तिरंगा को अब पुलिस सम्मानपूर्वक उतार रही है। आज पुलिस ने घरों व दुकानों की छतों पर लगे तिरंगों को सम्मानपूर्वक तरीके से उतारने की पहल की है। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने हाल ही में एडवाइजरी जारी करते हुए कहा था कि तिरंगे का सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। सरकार ने 15 अगस्त की शाम तक ही तिरंगा लगाने की अनुमति दी थी, लेकिन ज्यादातर लोगों ने अभी तक भी अपने मकानों और दुकानों से राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक नहीं उतारा। अंबाला शहर में आज चौकी नंबर-2 इंचार्ज अशोक कुमार ने अपने क्षेत्र में लोगों के घरों में जाकर राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक उतार कर रखने की अपील की। कई जगह पर पुलिस ने खुद तिरंगा को उतारा।

### सरकार तुरंत गिरदावरी करवा कर किसानों को दे नुक्सान का मुआवजा: जसबीर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने आने वाली 25 मार्च को नन्यौला में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर गांव भुडंगपुर, दौदपुर , पंजोला , खुरचणपुर, लौंटा , नकटपुर बांहपुर का दौरा किया व सम्मेलन में पहुंचने का निमंत्रण दिया । उन्होने बताया कि 25 मार्च दिन शनिवार, सांय 4 बजे राज्यसभा सासंद दीपेन्द्र हुड्डा जी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी को सजा होने पर सरकार की कडी आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार राहुल गांधी जी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है और ओछे हथकंडे अपना रही है । आज पूरे देश में सरकार की आलोचना हो रही है । श्री मलौर ने बेमोसम वर्षा के हुये किसानों की फसल के नुकसान पर चिंता जाहिर करते सरकार से मांग की है कि तुरंत विशेष गिरदावरी करवा कर किसानों के नुकसान की भरपाई करे। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्ष से आधी समय से किसान कुदरत और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों की दोहरी मार झेल रहा है।आर्थिक रूप से कमजोर इस वर्ग को तुरंत सहायता की जरुरत है। सरकार किसानों के नुकसान का मुआवजा देने के साथ साथ किसानो के लिये ऋण माफी की घोषणा करे। श्री मलौर ने कहा कि वर्ष 2021 से रबी और खरीफ दोनों सीजन की फसलों का नुकसान हो रहा है।सरकार द्वारा आज तक किसी भी फसल का मुआवजा नही दिया गया । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम किसानों से राशी वसूल की जा रही है लेकिन किसानों का नुकसान होने पर बीमा कंपनियां केवल टाल मटोल करती है मटोल करती है और मुआवजा के नाम पर मात्र आश्वासन ही दिये।

# 'भगत सिंह-राजगुरू-सुखदेव को मिले शहीद का दर्जा'

**8 परन्तु अधिकारिक रूप से मिल जाये तो अंग्रेजों द्वारा इनके माथे पर लगाया गया आतंकवादी का टैग हट जायेगा**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहीद** सम्मान समिति द्वारा सुभाष चौक, तिरंगा चौक तथा बस स्टैण्ड पर बलिदानी भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव को पुष्पांजलि कर नमन करने के बाद तीनों को शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर संकल्प पत्र भरवाये। संकल्प पत्र भरने को लेकर युवाओं में काफी जोश दिखाई दिया और लगभग पांच हजार से ज्यादा युवाओं ने संकल्प पत्रों को भरकर अपने हस्ताक्षर किए। तीनों स्थानों पर समिति के संरक्षक एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के नेतृत्व में चलाये गए इस अभियान में आते-जाते राहगीरों ने स्वतंत्रता संग्राम के युवा नायकों को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति द्वारा हजारों की संख्या में संकल्प पत्र भरवाकर केन्द्र सरकार को भेजेगी ताकि शीघ्र इन योद्धाओं को शहीद का दर्जा देने को सरकार मजबूर हो। राजीव जैन ने कहा कि वैसे तो हर चौक चौराहों पर इनकी मूर्तियां स्थापित हैं, शहीदी दिवस हर वर्ष मनाया जाता है परन्तु शहीद का दर्जा देने में सरकार हिचकिचाहट महसूस करती है। उन्होंने कहा कि जनता ने तो इन तीनों बलिदानियों को शहीद का दर्जा दिया है परन्तु अधिकारिक रूप से मिल जाये तो अंग्रेजों द्वारा इनके माथे पर लगाया गया आतंकवादी का टैग हट जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दो माह से चल रही यह मुहिम शहीद का दर्जा मिलने तक जारी रहेगी। शहीद समारोह के कार्यक्रमों में कृष्ण दुग्गल, राजेश, मुकेश, संदीप, सोनू, प्रदीप, शेखर, अशोक बागड़ी, सुभाष, संजय, अजीत, संदीप सोनी, प्रवेश आंतिल, सुरजीत, सुरेन्द्र मदान, अरविंद, योगी कर्णनाथ जी, मुकेश बत्रा, संजीव वलेचा, कुलदीप सैनी, मनोज धानिया, दिव्यांक जैन, दीपक खरब, संदीप शर्मा, अशोक, नीरज सोनी, सतबीर, लक्ष्मन, किरण बाला, चरण सिंह जोगी, पवन गुप्ता, हिमांशु, राजेन्द्र शर्मा, अतुल जैन, सीमा गोयल, महेश लूथरा, पवन स्वामी, जय प्रकाश शर्मा, राजबीर बबला आदि सैंकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

## 'डिलीवरी सेंटरों व रजिस्टर्ड एमटीपी सेंटर की जांच करे विभाग की टीम'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
उपायुक्त सुशील सारवान ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी डिलीवरी सेंटरों व रजिस्टर्ड एमटीपी सेंटरों की निरंतर जांच करें। जिन भी अस्पतालों व एमटीपी सेंटरों पर अनियमितता मिलती है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके साथ-साथ अवैध रूप से गर्भपात करने वालों के खिलाफ भी निरंतर छापेमारी अभियान चलाये जाये।
उपायुक्त ने कहा कि आंगनवाड़ी व आशा वर्कर गर्भवती महिलाओं के डाटा को समय पर दर्ज करे। किसी भी गर्भवती महिला का रजिस्ट्रेशन न छूटे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले में बच्चों की डिलीवरी व रजिस्टर्ड एमटीपी सेंटरों पर हो रही एमटीपी के डाटा की गहराई से जांच करे। इस डाटा की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। कहीं गड़बड़ी हो रही है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले के लिंगानुपात में सुधार करना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। इसके लिए टास्क फोर्स मिलकर प्रयास करे। अवैध रूप से गर्भपात की दवाई बेचने वालों पर भी हो कार्रवाई उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि अवैध रूप से गर्भपात की दवाई और एमटीपी किट बेचने वालों पर निरंतर कार्रवाई की जाए।

## आजादी के प्रति साहस की प्रेरणा देता है 23 मार्च का दिन: दिलबाग सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**एच एस जी** के डी ओ सी व स्टेट अवार्डी हिंदी अध्यापक दिलबाग सिंह ने शहीदी दिवस के अवसर पर अध्यापक नीलम जून की अध्यक्षता में बढमलिक गांव के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 23 मार्च को भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के क्रांतिकारी भगतसिंह, राजगुरु,सुखदेव के द्वारा राष्ट के लिए दिए बलिदान को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंग्रेजों ने इन तीनों क्रांतिकारियों को फांसी पर चढ़ा दिया था। इस अवसर पर सूर्यनमस्कार के सीनियर ऐज ग्रुप के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने विद्यार्थियों को सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन करके बताया कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करना और फास्ट फूड के सेवन से बचना चाहिए। इस अवसर पर हवा सिंह पहलवान, गीता,राजेशकुमारी, शीला, स्काउट हर्ष,गौरव,विपिन, साहिल,प्रिंस,हेमंत,वंश,यश आदि उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ नारनौल हरियाणा** आयुष विभाग के निदेशानुसार शहीदी दिवस के अवसर पर आज बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल, पटीकरा की ओर से गांव कांटी में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ ग्राम पंचायत कांटी के सरपंच देवीसिहं द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। चिकित्सा उप अधीक्षक डा अनिल यादव ने बताया कि इस शिविर में 437 मरीजों की जांच कर निशुल्क औषधीयां वितरित की गई। कैंप में औषधीय पौधों एंव जड़ी बुटियों की प्रर्दशनी लगाकर ग्रामवासियों एवं मरीजों को इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

## पार्षद सुरेंद्र मदान के प्रयास से पार्किंग का पुनर्निर्माण कार्य शुरू




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सैक्टर-14** मार्केट में पहूजा एंपोरियम के सामने वाली अंदरुनी उखड़ चुकी पार्किंग के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार के कार्य का उदघाटन वार्ड-3 पार्षद, मंडल अध्यक्ष एवं सैक्टर-14 मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र मदान ने नारियल तोड़कर किया। इससे पूर्व मौके पर एकत्रित संबंधित दुकानदारों ने सुरेंद्र मदान का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उनका आभार प्रकट किया। पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि यह पार्किंग जिसका एरिया लगभग 10,000 स्क्वेयर फीट है, काफी समय से टूट चुकी थी और मामले को संबंधित निगम अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए इस पार्किंग का सीसी से पुनर्निर्माण कराने का दबाव बनाया और परिणाम स्वरूप निगम ने यह काम आठ लाख छप्पन हजार रुपए की लागत से भारद्वाज कोऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन सोसाइटी लिमिटेड को अलॉट किया है। मौके पर उपस्थित उक्त ठेकेदार को पार्षद सुरेंद्र मदान ने निर्देश दिया कि पार्किंग निर्माण के दौरान काम एवं प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा और निर्माण कार्य आरंभ होने से लेकर एक महीने के अंदर अंदर बनकर तैयार हो जाना चाहिए ताकि दुकानदारों को कम से कम तकलीफ हो।सुरेंद्र मदान ने दुकानदारों को पार्किंग के निर्माण कार्य के दौरान अपना पूरा सहयोग बनाए रखने की अपील भी की। पार्किंग का पुनर्निर्माण शुरू करने के लिए सभी दुकानदारों ने पार्षद सुरेंद्र मदान का धन्यवाद किया । पार्किंग के उद्घाटन के दौरान पार्षद सुरेंद्र मदान के साथ शहीद भगत सिंह मंडल के महामंत्री एम एल आहूजा भी रहे उक्त पार्किंग निर्माण के उद्घाटन के समय एम एल आहूजा, चंद्रशेखर रेलन, अमन डूडेजा, संदीप कपिल, मयूर अरोड़ा, जतिन पहूजा, सुरेंद्र सहगल, मनोज कुमार, जितेंद्र कामरा, अशोक वधवा, विनोद कुमार, प्रवीन कुमार तथा अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।

## कुट्टु का आटा खाने से बीमार हुए नागरिकों का राजीव जैन ने जाना हाल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
कुट्टु का आटा खाने से बीमार हुए नागरिकों का हालचाल जानने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन सिविल हस्पताल के साथ निजी हस्पतालों को दौरा किया और डॉक्टरों से जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से फोन पर बात कर अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ा एक्शन लेने का आग्रह किया। राजीव जैन ने जिला प्रशासन को नमूना लेकर जांच करवाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कारवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि व्रत में कुट्टु के आटे का इस्तेमाल ना करें और व्यापारियों से भी आटे का सारा स्टाक नष्ट करने का आग्रह किया ताकि और नागरिक कुट्टु का आटा खाकर बीमार ना हो जायें।

## 'हम कभी भी शहीदों की शहादत को भुला नहीं सकते'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान** गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का शहीदी दिवस सम्मान पूर्वक मनाया गया । स्कूल के विद्यार्थियों ने स्लोगन लिखकर व पोस्टर बनाकर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को याद किया । इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में इनके अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए इन्हें श्रद्धांजलि दी। शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग में तनिष्का, चेतना चैतन्या ,मानवी, जानवी, दिनाक्षी आदि छात्राओं ने इंकलाब जिंदाबाद, वंदे मातरम आदि नारों के साथ अपने स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि हम कभी भी आजादी के क्रांतिदूत अमर शहीदों की शहादत को भुला नहीं सकते । वे देश के सच्चे हीरो थे और रहेंगे। उनकी बदौलत ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। आज ही के दिन अंग्रेजी हुकूमत ने 1931 में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया था । उन्होंने कहा कि मां भारती के इन महान सपूतों का बलिदान देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा ।
सीईओ संजय जैन ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मातृभूमि के लिए इनका अमर प्रेम और विदेशियों से संघर्ष का अदम्य साहस अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत को अपने अदम्य साहस से झकझोर देने वाले भगत सिंह के रग-रग में देशभक्ति और क्रांति थी। प्राचार्या रिचा चावला ने कहा कि यह तीनों राष्ट्रभक्त स्वतंत्रता आंदोलन के अमर प्रतीक हैं जो हमें सदैव राष्ट्र की सेवा और एकता के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## 70 नशीले इंजेक्शन सहित पंजाब का पुनीत गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला में नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पंजाब के एक युवक को दरदबोचा है। युवक के पास से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि रात्रि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई कि गई।
अम्बाला छावनी बस स्टैंड के पास पुलिस को सूचना मिली थी कि दादुमाजरा का रहने वाला पुनीत नशीले पदार्थों की सप्लाई लेकर अम्बाला आया हुआ है और वह बस अड्डे के आउटर गेट के पास किसी ग्राहक को नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाला है। इसी दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपी को दरदबोचा । युवक की तलाशी लेने के लिए तुरंत डयूटी मेजिस्ट्रेट रितेश नान्दल को भी मौके पर बुलाया गया। युवक की तलाशी ली गई तो उसमें 70 नशीले इंजेक्शन भरे हुए थे। पुलिस ने एएसआई कुलदीप सिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 'हमें अपने घरों के आसपास की सफाई का ध्यान रखना चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**गोयला** खुर्द गांव में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शक्ति सिंह के दिशा निर्देश पर सफाई अभियान चला गया। सफाई अभियान में ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारी तथा गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया गांव की फिरनी नाले सडक तथा सा मस्तानों की सफाई करवाई गई। इस अवसर पर स्वस्थ अभियान के खंड प्रेरक डॉ महावीर सैनी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने घरों के आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए, पानी को व्यर्थ ना बहने दे जल ही जीवन है जल को भविष्य के लिए बचा लिया जाए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में भारतवर्ष में अपना पानीपत जिला को दूसरा रैंक प्राप्त हुआ है जो बड़े ही गौरव की बात है।

# नवरात्रों में कुट्टू का आटा खाने से बिगड़ी लोगों की तबियत

**मेयर निखिल मदान ने सामान्य हस्पताल और ट्यूलिप हस्पताल में पहुंचकर जाना लोगों का हाल**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नवरात्रों के व्रत में कुट्टु के आटे का सेवन करने के कारण सोनीपत शहर के विभिन्न हिस्सों में लोगों की तबियत खराब होने का मामला सामने आया है। मेयर निखिल मदान ने खबर मिलते ही सामान्य हस्पताल सोनीपत एवं ट्यूलिप हस्पताल का दौरा किया औ? वहाँ दाखिल मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर सामान्य हस्पताल के डिप्टी एम एस डॉ. गिन्नी लांबा, डॉ. मीनाक्षी , डा. राजेश उनके साथ मौजूद रहे। डॉ. गिन्नी लांबा ने बताया कि फिलहाल सभी मरीजों की हालत स्थिर है और सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक लगभग 110 मरीज अस्पताल में भर्ती हो चुके है। सभी मरीजों को उल्टी, पेट दर्द और सिर दर्द एवं चक्कर आने के लक्षण सामने आए है। मेयर निखिल मदान ने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की संख्या बढ़ने की हालत में एक अतिरिक्त हॉल में इंतजाम करने का भी सुझाव दिया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि वो सभी शहरवासियों से निवेदन करते है कि वो कुट्टु के आटे का सेवन ना करें। मेयर निखिल मदान ने बताया कि उनकी बातचीत के दौरान पता चला है कि अधिकांश मरीज जीवन नगर और तारा नगर के रहने वाले है। इसलिए उन्होने मौके पर ही इस क्षेत्र के खाद्य आपूर्ति विभाग के संबंधित अधिकारियों को कुट्टु के आटे के सैंपल लेकर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। इसके बाद मेयर निखिल मदान ने ट्यूलिप अस्पताल का दौरा किया और डॉ अनुराग अरोड़ा के साथ मिलकर मरीजों का हाल चाल जाना। मेयर निखिल मदान ने बताया कि ट्यूलिप अस्पताल में अभी तक लगभग 70 मरीज दाखिल हो चुके है। सभी मरीजों की हालत में सुधार है। वो सभी मरीजों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करते है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# कोरोना के 24 घंटे में 1300 केस

अभी एक्टिव केस 7600; केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव बोले- भारत में दुनिया के 1% मरीज, एम्स के पूर्व डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी कोरोना के खतरे की आशंका जाहिर की

**सावधानी बरतें**

**कोविड को लेकर अलर्ट जारी करते हुए कहा- दुनियाभर के कोरोना पेशेंट की संख्या का 1% भारत में हैं**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोरोना** का खतरा अभी कम नहीं हुआ है। भारत में पिछले 24 घंटों में 1300 नए केस मिले हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। अभी कोविड के 7600 एक्टिव पेशेंट हैं। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कोविड को लेकर अलर्ट जारी करते हुए कहा- दुनियाभर के कोरोना पेशेंट की संख्या का 1% भारत में हैं।
इधर, एम्स के पूर्व डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी कोरोना के खतरे की आशंका जाहिर की है। उन्होंने कहा- देश में बदलते मौसम के कारण एक बार फिर कोविड और H3N2 के मरीजों की संख्या बढ़ सकती है।
**दुनिया में एक दिन में 94 हजार केस आ रहे:** आंकड़े पेश करते हुए कहा स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि दुनिया में एक दिन में कोविड के औसतन 94 हजार केस सामने आ रहे हैं। जबकि भारत में एक दिन में औसतन 966 नए केस मिल रहे। राजेश भूषण के मुताबिक, फरवरी के दूसरे हफ्ते में रोजाना औसतन 108 मामले सामने आए थे, जो बढ़कर 966 हो गए। उन्होंने कहा कि अमेरिका से दुनिया के 19%, रूस से 12.6% और हमारे देश से दुनिया के 1% मामले आ रहे हैं।
**आठ राज्यों में अभी भी कोरोना का खतरा:** स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि जिन आठ राज्यों में सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं वे हैं- महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान। उन्होंने कहा- मैंने 16 मार्च को व्यक्तिगत रूप से इन राज्यों को लिखा था कि उन्हें क्या कार्रवाई करने की आवश्यकता है।
**कोविड-H3N2 के बढ़ सकते हैं केस:** डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि मौसम बदलने के चलते कोविड और **H3N2** के केस बढ़ सकते हैं। हर साल इन्फ्लुएंजा के केस बढ़ते हैं, घबराने की कोई बात नहीं है। मास्क लगाकर रखें, खांसते समय मुंह को ढक लें, सैनिटाइजर साथ रखें। राजेश भूषण ने कहा कि XBB 1.5 और 1.16, ये वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट हैं, ट्रांसमिसिबिलिटी ज्यादा है, लेकिन जानकारी नहीं कि ये कितने घातक हैं।

## क्या कोरोना के मामले बढ़ने की वजह H3N2 वायरस है?

**कोरोना** के मामलों में अचानक बढ़ोतरी के साथ-साथ H3N2 इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले भी बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले सोमवार को देश के बड़े हॉस्पिटल के टॉप हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ H3N2 इन्फ्लुएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। इसमें इन्फ्लुएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा की गई। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ अजय शुक्ला ने बताया कि सभी वायरल बुखारों में लगभग समान लक्षण होते हैं। आपकी नाक बह सकती है, आपको हल्की खांसी हो सकती है, आपको बुखार हो सकता है, शरीर में और सिर दर्द हो सकता है।
**27% लोगों ने ही ली बूस्टर डोज:** राजेश भूषण ने कहा कि XBB 1.5 और 1.16, ये वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट हैं, क्योंकि ट्रांसमिसिबिलिटी ज्यादा है, लेकिन जानकारी नहीं कि ये कितने घातक हैं। इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। XBB.1.5 के 196 मामले पता चले हैं जबकि XBB.1.16 के 344 case ये जीनोमिक सिक्वेंसिंग से जानकारी मिली है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, और दिल्ली में xbb.1.16 की मौजूदगी है। उन्होंने कहा कि 27% लोगों ने ही बूस्टर डोज ली है। इसको बढ़ाने की जरूरत है।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विवि का मॉडल अपनाएगी असम की स्किल यूनिवर्सिटी

**पलवल:** असम में बनने वाला कौशल विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की तर्ज पर होगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किए गए मानकों और आदर्शों को वहां लागू किया जाएगा। इसी कड़ी में असम का एक प्रतिनिधिमंडल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का दौरा करने पहुंचा। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रारूप और तौर-तरीकों को समझा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में पहुंचे असम के प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत किया गया। ज्योतिष कुमार शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण करवाया गया और उन्हें अत्याधुनिक लैब और वर्क स्टेशन दिखाए गए। दोहरे एकीकृत मॉडल को असम में स्थापित करने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अनूठे प्रयोग प्रतिनिधिमंडल में शामिल विशेषज्ञों को काफी पसंद आए।

## 'हरियाणा में लोस व विस चुनाव लड़ेंगी आजाद समाज पार्टी'



**टीम एक्शन इंडिया/ हिसार**
**भीम आर्मी** एवं आजाद समाज पार्टी के चीफ एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन सरकार को समझना चाहिए कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। चन्द्रशेखर आजाद गुरुवार को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हिसार में सिरसा बाइपास स्थित गुरु रविदास छात्रावास में कार्यकर्ताओं से मिल रह थे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी हरियाणा में लोकसभा व विधानसभा चुनाव लड़ेगी। सरकार हमारे लोगों पर अत्याचार करेगी तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे और सड़कों पर आंदोलन करके विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर जो जमीन है और स्टैच्यू लगे हैं, उसे सरकार छीन रही है। हिसार में अंबेडकर बस्ती की जमीन छीनने का प्रयास किया तो हम सरकार को घुटनों के बल पर ला देंगे। सरकार हमारे लोगों को कुचलने का प्रयास करेगी तो सरकार का इतिहास ही नहीं भूगोल भी बदल दिया जाएगा। चंद्रशेखर ने कहा कि हमारे टैक्स के पैसे से सरकार चलती है। हरियाणा में बहुजनों की संख्या ज्यादा है। जब तक हम महापुरुषों के रास्ते पर नहीं चल सकते तब तक तरक्की नहीं हो सकती। धर्म हमें सही रास्ता दिखाता है। बाबा साहेब अंबेडकर हमें वोट का अधिकार देकर गए हैं जो कि गुलामी की बेड़ियों को काटने का काम करता है। हमें अपने लोगों को कामयाब करना है।

**घोषणा**

**दलितों को दबाने का प्रयास किया तो सरकार का इतिहास ही नहीं भूगोल भी बदल देंगे**

## भाजपा ने 4 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बदले



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** ने गुरुवार को पार्टी के भीतर बड़े बदलाव किए। 4 राज्यों में भाजपा अध्यक्ष को बदला गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजस्थान की कमान सीपी जोशी को सौंपी है। ओडिशा में मनमोहन सामल, दिल्ली में वीरेंद्र सचदेव और बिहार में सम्राट चौधरी को अध्यक्ष बनाया गया है। राजस्थान में इस साल यानी 2023 में विधानसभा चुनाव होना है। दिल्ली और बिहार में 2025 और ओडिशा में 2024 में विधानसभा चुनाव होंगे।
**ढाई महीने बाद दिल्ली को मिला स्थायी अध्यक्ष:** भाजपा ने ढाई महीने से ज्यादा के इंतजार के बाद दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को स्थायी अध्यक्ष बनाया है। नगर निगम चुनाव में हार के बाद आदेश गुप्ता ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वीरेंद्र सचदेवा को पार्टी हाईकमान ने दिल्ली बीजेपी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। वीरेंद्र सचदेवा 1988 से राजनीति में एक्टिव हैं। साल 2007 में उन्हें चांदनी चौक का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद साल 2014 में वे मयूर विहार जिले के अध्यक्ष चुने गए। साल 2009 में प्रदेश में मंत्री रहे और 2017 में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए। 11 दिसंबर 2022 को उन्हें दिल्ली भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी होंगे। जेपी नड्डा ने उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है।

**जिम्मेदारी**

**राजस्थान में सीपी जोशी चीफ, यहां इसी साल चुनाव; बिहार में सम्राट चौधरी को मिली कमान**

## आठ करोड रुपये की धोखाधाड़ी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**पुलिस** ने स्टड फॉर्म हाउस व डॉग फॉर्म के नाम पर 12 व्यक्तियों से धोखाधड़ी कर करीब 8 करोड रुपये ठगने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह में शामिल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।
प्रभारी आर्थिक अपराध शाखा ने बताया कि 17 अगस्त 2022 में को अर्बन स्टेट निवासी मोहित व अन्य 11 महिला व युवको ने मिलकर राहुल, आदित्य, हरदीप व जतिन के खिलाफ पुलिस मे शिकायत दर्ज करवाई जिसके आधार पर थाना अर्बन स्टेट पुलिस ने धोखाधडी सहित विभिन्न धाराओं के तहत कारवाई की। राहुल व आदित्य ने स्टड फॉर्म हाउस व डोग फॉर्म बढाने की बात कहकर 12 व्यक्तियों से करीब आठ करोड की राशि हडपने की वारदात को अंजाम दिया।

**अंजाम**

**फार्म हाउस-डोग फार्म बढाने की बात कहकर 12 व्यक्तियों से करीब आठ करोड की राशि हडपने की वारदात को अंजाम दिया**

## गुरुग्राम: बिजली बिल भर दें नहीं तो अप्रैल से कटेंगे कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**बिजली** के बिल ना भरने वाले डिफाल्टरों पर अब दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सख्ती दिखाने जा रहा है। अभी तक तो निगम ऐसे डिफाल्टर उपभोक्ताओं को बिल भरने का उचित समय देता आ रहा है, लेकिन अप्रैल 2023 से ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने शुरू कर दिए जाएंगे। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने कहा कि बिजली उपयोग के बाद बिल भुगतान करना सभी उपभोक्ताओं का दायित्व है। कई उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्होंने बिल का भुगतान नहीं किया। ऐसे उपभोक्ताओं को बिल भुगतान के लिए बिजली निगम ने 31 मार्च तक का समय दिया है। इन डिफाल्टरों का 31 मार्च तक बिजली बिल भुगतान न होने पर, कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। अमित खत्री के मुताबिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली वितरण निगम के सभी ऑपरेशन कार्यालय 25 व 26 मार्च शनिवार और रविवार अवकाश के दिन भी खुलेंगे।




## नवरात्रों में मिलावटी खाद्य सामग्री बेची तो खैर नहीं

**गुरुग्राम:** नवरात्रों में मिलावटी खाद्य सामग्री अगर कोई बेचता हुआ पाया गया तो खैर नहीं होगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग हरियाणा आयुक्त के आदेशानुसार गुरुग्राम के विभिन्न किरयाणे की दुकानों/डिपार्टमेंटल स्टोर व दूध की डेयरियों का निरीक्षण करने और खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सामग्री के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेजने के निर्देश दिए गए हैं। नवरात्रों के दौरान लोग कुट्टू व सिंघाड़े का आटा, साबुतदाने/मिठाईयों, दूध व दुग्ध उत्पादों व अन्य खाद्य सामग्री का सेवन करते हैं।

## 'ई-विधानसभा में 95 प्रतिशत कागज की हुई बचत'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा है कि बजट सत्र के दौरान सभी विधायकों को अपनी बात रखने का मौका दिया गया है। लोकसभा की तर्ज पर चले शून्यकाल में 58 विधायकों ने अपने हलकों के मुद्दे उठाने के लिए ड्रा में पर्चियां डाली थी। इन सभी विधायकों को बारी-बारी से सदन में बोलने का मौका दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि ई-विधानसभा में 95 प्रतिशत कागज की बचत हुई है। भले ही सदन की आठ बैठकें हुई, लेकिन दूसरे राज्यों की तुलना करें तो यह 12 बैठकों के बराबर हैं। सत्र में कुल 39 घंटे 16 मिनट सदन चला। इसमें राज्यपाल का अभिभाषण शामिल नहीं है। विधानसभा सचिवालय में 52 विधायकों ने कुल 339 तारांकित सवाल लगाए थे जिनमें से 177 मंजूर हुए। उन्होंने बताया कि सदन में भाजपा के 19, कांग्रेस के 24, जजपा के पांच, इनेलो व हलोपा के एक-एक तथा दो निर्दलीय विधायकों के सवाल लगाए गए।

**नहीं मिला साथ** बंगाल में हम ममता दीदी के साथ हैं। हम भाजपा और कांग्रेस दोनों से समान दूरी बनाए रखना चाहते हैं

## ममता बनर्जी से राजनीति पर चर्चा नहीं हुई: नवीन पटनायक



**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। ऐसी चर्चाएं थीं कि ममता, नवीन को लोकसभा चुनाव के लिए सपा और टीएमसी के नए गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगी, लेकिन मीटिंग के बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बताया- यह एक शिष्टाचार बैठक थी, हमने अनौपचारिक चर्चा की। राजनीति को लेकर कोई बात नहीं हुई।
**टीएमसी ने सपा के साथ** बना **नया मोर्चा:** 17 मार्च को अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी से कोलकाता में उनके आवास पर मुलाकात की थी। इस दौरान ममता और अखिलेश ने बीजेपी और कांग्रेस दोनों से दूरी बनाने का फैसला किया। इस मीटिंग के बाद अखिलेश ने कहा था कि भगवा खेमे को हराने के लिए सपा मजबूती से टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ खड़ी रहेगी।
अखिलेश ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि बंगाल में हम ममता दीदी के साथ हैं। हम भाजपा और कांग्रेस दोनों से समान दूरी बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग 'बीजेपी वैक्सीन' लगवा लेते हैं, उन्हें सीबीआई, ईडी या आईटी से कोई फर्क नहीं पड़ता। संविधान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी कोई भी बलिदान देने को तैयार है। अगर हम यूपी में भाजपा को हरा सकते हैं, तो पूरे देश में भाजपा को हराया जा सकता है।